राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI No-DELHIN/2017/75336

www.uttambharatnews.com
email:- uttambharat05@gmail.com

आश्विन शुक्ल पक्ष सप्तमी, विक्रम संवत ,2082

वर्ष : 09 अंक : 253

नई दिल्ली

सोमवार,29 सितम्बर,2025

पृष्ठ : 12

मूल्य ₹ 3.00

@uttambharatofficial @uttambharat

# उत्तम भारत



"सत्य, निष्पक्ष, भारत"

नई दिल्ली से प्रकाशित एवं हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर से प्रसारित

03 सीएम ने दी 300 देवी बसों की सौगात...

06 ओबीसी और ईबीसी वोटों की लामवंदी...

09 मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मौजूदगी में सीएंडी वेस्ट मैनेजमेंट...

# भीड़ ने फिर ली जानें : करुर में 40 की मौत



नई दिल्ली। तमिलनाडु के करुर जिले में शनिवार को अभिनेता-राजनेता विजय की रैली के दौरान भगदड़ मचने से कम से कम 38 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 10 बच्चे और 16 महिलाएं शामिल हैं, जबकि कई लोग घायल हुए हैं, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है। दरअसल, यह हादसा उस समय हुआ जब हजारों समर्थक विजय के संबोधन को सुनने के लिए इकट्ठा थे। कार्यक्रम स्थल पर भीड़ बढ़ती चली गई और इसके कारण कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। ऐसे में इस घटना के बाद सबसे बड़ा सवाल उठ रहा है कि देश में पिछले कुछ समय में हुई ऐसी भगदड़ों के बाद भी सबक क्यों नहीं लिया गया? क्योंकि इससे पहले हुए हादसों में कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। दिसंबर 2024 में ह्यपुष्पा 2ह्व की स्क्रीनिंग और जून 2025 में आरसीबी की आईपीएल जीत के जश्न के दौरान भी इसी तरह की घटनाएं सामने आई थीं, लेकिन इसके बावजूद भीड़ को लेकर सुरक्षा व्यवस्था में कोई सुधार नजर नहीं आया। दिसंबर 2024 में हैदराबाद के संध्या थिएटर में 'पुष्पा 2: द रूल' की प्रीमियर स्क्रीनिंग के दौरान भगदड़ मच गई थी। अभिनेता अल्लू अर्जुन के अचानक पहुंचने से उमड़ी भीड़ में 39 वर्षीय महिला रेवती की मौत हो गई, जबकि उनके 9 वर्षीय बेटे को गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने अल्लू अर्जुन, उनकी सिक्योरिटी टीम और थिएटर प्रबंधन के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 105 (हत्या का संज्ञेय अपराध) और 118(1) (चोट पहुंचाने की सजा) के तहत मामला दर्ज किया। इसके बाद 13 दिसंबर को अल्लू अर्जुन को गिरफ्तार किया गया, लेकिन तेलंगाना हाई कोर्ट ने उसी शाम 4 सप्ताह की अंतरिम जमानत दे दी। वहीं, जून 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की पहली आईपीएल जीत के जश्न के दौरान एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी और 56 घायल हुए थे। 4 जून को विजय परेड आयोजित की गई थी।

## पीएम ने मृतकों के परिजनों को 2 लाख का किया ऐलान

तमिलनाडु के करूर जिले में आयोजित तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) की रैली एक हादसे में बदल गई। रैली में अचानक मची भगदड़ में 38 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इस दर्दनाक घटना ने पूरे राज्य को शोक में डुबो दिया है। इस हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, पीएम ने तमिलनाडु के करूर में राजनीतिक रैली के दौरान हुई दुखद घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को पीएम राहत कोष से 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। वहीं, घायलों को 50 हजार रुपए दिए जाएंगे इससे पहले, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने भी इस हादसे को बेहद दुखद और पीड़ादायक बताते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जताई। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हादसा अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है। मेरी संवेदनाएं मृतकों के परिवारों के साथ हैं। राज्य सरकार उनकी हर संभव मदद करेगी। उन्होंने घोषणा की है कि प्रत्येक मृतक के परिवार को 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता मुख्यमंत्री राहत कोष से दी जाएगी। वहीं, घायलों को 1 लाख रुपए की सहायता दी जाएगी। इस हादसे की विस्तृत जांच के लिए मुख्यमंत्री ने एक न्यायिक जांच आयोग गठित करने का भी आदेश दिया है। इस आयोग का नेतृत्व हाईकोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश जस्टिस अरुणा जगदीशन करेंगी।

विधान सौधा से स्टेडियम तक ओपन-टॉप बस परेड के लिए अनुमानित 10,000 लोगों के बजाय लाखों की तादात में भीड़ उमड़ पड़ी और अचानक अफरा-तफरी मच गई, जिसने कई जिंदगियां छीन ली।इस मामले में कर्नाटक सरकार ने आरसीबी, इवेंट कंपनी डीएनए नेटवर्क्स और कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाफ कई धाराओं में केस दर्ज किया था। इसके अलावा, बेंगलुरु पुलिस कमिश्नर बी. दयानंदा को निलंबित कर दिया गया था। आरसीबी ने मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपए की सहायता दी। ये तीनों हादसे भीड़ प्रबंधन, पूर्व सूचना की कमी और अपर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की ओर इशारा करते हैं। फिलहाल तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इस घटना को ह्यगंभीर और चिंताजनकह्व बताया। उन्होंने तत्काल चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के आदेश दिए और मंत्रियों व अधिकारियों से हालात की जानकारी ली है।

## 'बेटियां लहरा रहीं परचम', पीएम ने 'मन की बात' में की
# नारी शक्ति की प्रशंसा

नई दिल्ली, शैलेन्द्र शर्मा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के 126वें एपिसोड को संबोधित किया। अपने संबोधन में बेटियों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि बेटियां हर जगह अपना परचम लहरा रही हैं पीएम मोदी ने कहा कि नवरात्रि के इस समय में हम शक्ति की उपासना करते हैं। हम नारीशक्ति का उत्सव मनाते हैं। बिजनेस से लेकर स्पोर्ट्स तक और एजुकेशन से लेकर साइंस तक, आप किसी भी क्षेत्र को लीजिए, देश की बेटियां हर जगह अपना परचम लहरा रही हैं। आज वे ऐसी चुनौतियों को भी पार कर रही हैं, जिनकी कल्पना तक मुश्किल है।

मन की बात कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने भारतीय नौसेना के दो अधिकारियों, लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा से भी बातचीत की। पीएम मोदी ने कहा कि भारतीय नौसेना के इन दो बहादुर अधिकारियों ने नाविक सागर परिक्रमा के दौरान साहस और दृढ़ संकल्प दिखाया है। मैं 'मन की बात' के श्रोताओं को इन दो बहादुर अधिकारियों से परिचित कराना चाहता हूं। एक का नाम लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना और दूसरे का नाम लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा है। खादी के प्रति लोगों के बढ़ते आकर्षण का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बीते 11 साल में खादी के प्रति देश के लोगों का आकर्षण बहुत बढ़ गया है। पिछले कुछ वर्षों में खादी की बिक्री में बहुत तेजी देखी गई है। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि 2 अक्टूबर को कोई ना कोई खादी प्रोडक्ट जरूर खरीदें। उन्होंने आगे कहा, गर्व से कहें -ये स्वदेशी हैं। उन्होंने आगे कहा कि 2 अक्टूबर को गांधी जयंती है और गांधी जी हमेशा स्वदेशी अपनाने पर जोर देते थे और खादी उनमें सबसे पहले थी। दुर्भाग्य से, आजादी के बाद खादी की लोकप्रियता कम होने लगी, लेकिन पिछले 11 सालों में देश में लोगों की खादी के प्रति रुचि काफी बढ़ी है। पिछले कुछ सालों में खादी की बिक्री में भी भारी बढ़ोतरी हुई है। मैं आप सभी से 2 अक्टूबर को कोई खादी उत्पाद खरीदने की अपील करता हूं। गर्व से कहिए कि ये स्वदेशी हैं। इसे वोकल फॉर लोकल के साथ सोशल मीडिया पर भी शेयर करें।



### पीएम मोदी ने शहीद भगत सिंह लता मंगेशकर की जयंती पर किया नमन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शहीद भगत सिंह और 'भारत रत्न' लता मंगेशकर की जयंती पर उन्हें नमन किया है। 'मन की बात' कार्यक्रम के 126वें एपिसोड को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने उन दोनों महान हस्तियों के योगदान को भी याद किया। मोदी ने भगत सिंह को एक प्रेरणा पुंज बताते हुए कहा, 'अमर शहीद भगत सिंह हर भारतवासी और खासकर युवाओं के लिए प्रेरणा पुंज हैं। निर्भीकता उनके स्वभाव में कूट-कूटकर भरी थी। देश के लिए फांसी के फंदे पर झूलने से पहले शहीद भगत सिंह ने अंग्रेजों को पत्र लिखा था।

## टीम इंडिया की जीत के लिए हुआ हवन पूजन

वाराणसी। एशिया कप 2025 के फाइनल मुकाबले में रविवार को भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने-सामने होंगी। इस महामुकाबले से पहले धार्मिक नगरी काशी में क्रिकेट प्रेमियों ने भारतीय टीम की विजय के लिए विशेष हवन-पूजन का आयोजन किया। वाराणसी के रविंद्रपुरी स्थित उमाशंकर मंदिर में क्रिकेट प्रेमियों ने तिरंगे और खिलाड़ियों की तस्वीरों के साथ हवन-पूजन कर टीम इंडिया के लिए शक्ति और मनोबल की कामना की। देशभर में जहां क्रिकेट प्रेमी दुआओं और उत्साह के साथ इस मुकाबले का इंतजार कर रहे हैं, वहीं काशी में यह अनूठा आयोजन भारतीय टीम को विजयश्री दिलाने की प्रबल इच्छा को दशार्ता है। हवन-पूजन के दौरान विशेष मंत्रोच्चारण के साथ भगवान से प्रार्थना की गई कि भारतीय टीम पाकिस्तान पर ऐतिहासिक जीत हासिल करे। आयोजन में शामिल अमन सोनकर ने कहा, हमने यह हवन पूजन टीम इंडिया की जीत के लिए कराया है। टीम इंडिया का पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबला है। इस मैच में भारत ऑपरेशन सिंदूर की तरह मुंहतोड़ जवाब दे और विजयी हो, यही कामना की गई है। राजेश सोनकर ने कहा कि एशिया कप फाइनल को लेकर हम सभी में जबरदस्त उत्साह है। भारत और पाकिस्तान का यह मुकाबला बेहद रोमांचक होने वाला है।

## 24 घंटे में सीएम योगी का तीसरा अल्टीमेटम
# दंगा किया तो जहन्नुम: गजवा-ए-हिंद पर दूंगा नरक का टिकट

बलरामपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बलरामपुर के दौरे पर हैं। यहां उन्होंने बरेली बवाल पर 24 घंटे में तीसरी बार दंगाइयों को अल्टीमेटम दिया। कहा कि यूपी में अराजकता और दंगा करने वालों को जहन्नुम का टिकट दूंगा। गजवा-ए-हिंद की कल्पना पर नरक का टिकट मिलेगा। भारत में उन महान आत्माओं के आदर्श चलेंगे, जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपना बलिदान दिया।

### छांगुर को कहा कालनेमि राक्षस

लोगों को संबोधित करते हुए सीएम ने एक बार फिर प्रदेश में अराजकता और दंगा फैलाने वालों को चेतावनी दी। कहा कि यूपी में ऐसा करने की हिम्मत की तो जहन्नुम का टिकट दूंगा। बरेली का हवाला देते हुए सबक लेने की नसीहत दी। उन्होंने छांगुर की कालनेमि राक्षस से तुलना करते हुए कहा कि विकास में बाधा डालने वाले राक्षसों का विनाश होगा। सपा और कांग्रेस के अराजकतत्वों से मिले होने की बात कही। सीएम ने कहा कि कुछ लोग भारत में रहते हैं, लेकिन गजवा-ए-हिंद का नारा लगाकर देश के भीतर राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे हैं। भारत की धरती पर ये नहीं होगा। भारत की धरती महान आत्माओं की भूमि है। यहां उन महान आत्माओं के आदर्श चलेंगे, जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपना बलिदान दिया है। गजवा-ए-हिंद की कल्पना करना, इसके बारे में सपना देखना भी नरक का टिकट बन जाएगा। जो लोग ऐसी गतिविधियों में लगे हैं, वे कान खोलकर सुन लें। देर-सवेर उनका भी हश्र छांगुर जैसा ही होगा।

### आस्था चौराहे पर दिखाने की चीज नहीं



सीएम ने आगे कहा कि किसी को प्रदेश का माहौल खराब करने की इजाजत नहीं हैं। कुछ लोग नए हथकंडे अपना रहे हैं। लेकिन, उन्हें याद रखना चाहिए कि हम उनकी सोच से कहीं ज्यादा तैयार हैं। उन्हें वैसे ही पीटा जाएगा जैसे बरेली में पीटा गया। ये मूर्ख यह भी नहीं जानते कि आस्था के प्रतीकों का सम्मान किया जाता है। आस्था कोई चौराहे पर दिखाने की चीज नहीं है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग छोटे-छोटे बच्चों को 'आई लव मोहम्मद' के पोस्टर देकर समाज में अराजकता फैला रहे हैं। उन्हें यह एहसास भी नहीं कि उनकी अपनी ज़िंदगी तो बर्बाद हो ही चुकी है। अब वे इन बच्चों की ज़िंदगी भी बर्बाद करने पर तुले हुए हैं। लेकिन, सरकार इस तरह की अराजकता को कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। जो कोई भी कानून अपने हाथ में लेने की कोशिश करेगा, उसे पहले ही बता दिया जाएगा कि हम बिना पूछे उसे नरक का टिकट दे देंगे।

# तमिलनाडु: करूर में हुई त्रासदी पर मुर्मु, रवि, शाह और राजनाथ ने जताया गहरा शोक

- राजनाथ सिंह ने घटना और निर्दोष लोगों की मौत को सचमुच हृदयविदारक बताते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।उन्होंने सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की
- एक्स पर एक पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा, 'तमिलनाडु के करूर जिले में भगदड़ जैसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना में हुई दुखद मौतों के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ



नई दिल्ली। तमिलनाडु के करूर में एक राजनीतिक रैली में हुई भगदड़ में हुई निर्दोष लोगों की मौत पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, तमिलनाडु के राजयपाल आर एन रवि, गृहमंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गहरा दुख व्यक्त किया।

एक्स पर एक पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा, 'तमिलनाडु के करूर जिले में भगदड़ जैसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना में हुई दुखद मौतों के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। मैं शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हूँ और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूँ। तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, करूर में एक राजनीतिक रैली के दौरान बच्चों सहित निर्दोष लोगों की दुखद मौत से बहुत दुखी और व्यथित हूँ।इस दुख की घड़ी में शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएँ और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूँ। मंत्री अमित शाह ने अपने संदेश में कहा 'तमिलनाडु के करूर में भगदड़ में हुई दुखद जनहानि से मुझे गहरा दुख हुआ है। मृतकों के परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएँ। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि उन्हें यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूँ।

राजनाथ सिंह ने घटना और निर्दोष लोगों की मौत को सचमुच हृदयविदारक बताते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।उन्होंने सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की। एक्स पोस्ट पर अपने संदेश में कहा तमिलनाडु के करूर में एक रैली में हुई दुखद दुर्घटना से बहुत दुखी हूँ।निर्दोष लोगों की मौत सचमुच हृदयविदारक है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना।घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूँ।

## 'मन की बात' नई सोच और सकारात्मक दिशा देने वाला:धामी

नैनीताल। (उत्तराखंड)-मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार मैदान, बीरभट्टी, नैनीताल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 126वां एपिसोड सुना। मुख्यमंत्री ने कहा यह कार्यक्रम देश को नई सोच और सकारात्मक दिशा देने वाला है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में माध्यम से समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को जोड़ने का काम किया है। जनहित में कार्य कर रहे लोगों की मेहनत और लगन को उन्होंने जन-जन तक पहुंचा है।

मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम में नारी-शक्ति का सम्मान करने और स्वदेशी को अपनाने का संकल्प लेने की बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर खादी और स्वदेशी अपनाने का भी आह्वान किया है। प्रधानमंत्री ने लोगों से आग्रह किया कि 2 अक्टूबर को कोई न कोई खादी उत्पाद अवश्य खरीदें और सोशल मीडिया पर के साथ साझा करें। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से भी इस मुहिम में अपना सहयोग देने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री ने



भारत की उन बेटियों का मान बढ़ाया, जिन्होंने नाविका सागर परिक्रमा जैसी कठिन 47,500 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर नया इतिहास रचा है। प्रधानमंत्री ने लोकल उत्पादों के माध्यम से नवाचार को बढ़ावा देने की भी बात कही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के सपने को पूरे करने के लिए सभी के सामने जो संकल्प रखें हैं, उन्हें हम सबने मिलकर पूरा करना है। इस अवसर पर डोमेश्वर साहू, प्रांत प्रचारक डॉ. शैलेंद्र, डॉ. नरेंद्र सिंह भंडारी, विधायक नैनीताल सरिता आर्या, विधायक भीमताल राम सिंह कैड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, दायित्वधारी डॉ अनिल डब्बू, शांति माहरा, आयुक्त कुमाऊँ दीपक रावत, आईजी कुमाऊँ रिद्धिम अग्रवाल, जिलाधिकारी वंदना एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## दिल्ली में न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.8 डिग्री अधिक

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में रविवार को न्यूनतम तापमान 25.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.8 डिग्री अधिक है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने आंशिक रूप से बादल छाए रहने और अधिकतम तापमान करीब 37 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना जताई है। सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्ष आर्द्रता 80 प्रतिशत दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, रविवार सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 160 रहा जो कि 'मध्यम' श्रेणी में आता है। सीपीसीबी के अनुसार, शून्य से 50 के बीच एक्यूआई 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' माना जाता है।

## मुख्यमंत्री ने सुनी 'मन की बात' कार्यक्रम की 126वीं कड़ी

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर के शंकर नगर स्थित सिंधु पैलेस में नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम की 126वीं कड़ी का श्रवण किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 'मन की बात' करोड़ों देशवासियों को जोड़ने, उन्हें प्रेरित करने तथा नवाचार और बेहतर कार्यों को सामने लाने का सशक्त माध्यम है। मुख्यमंत्री साय ने इस दौरान क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह और स्वर कोकिला लता मंगेशकर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पुण्य स्मरण किया। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को शक्ति उपासना के पर्व नवरात्रि की शुभकामनाएँ भी दीं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि शक्ति उपासना के इस पावन अवसर



पर प्रधानमंत्री ने देश की दो बहादुर बेटियों, लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा की 'नाविका सागर परिक्रमा' का उल्लेख किया। दोनों अधिकारियों ने 47 हजार 500 किलोमीटर की समुद्री यात्रा 238 दिनों में पूरी की और दुनिया के सबसे सुदूर स्थान 'नीमो प्वाइंट' पर तिरंगा फहराकर देश का गौरव बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समय देशभर में 'जीएसटी बचत उत्सव' मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जीएसटी दरों में हुई कटौती से लोगों को दैनिक जरूरतों की वस्तुओं से लेकर वाहनों, कृषि उपकरणों और मशीनों तक में बड़ी राहत मिल रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर भारत का आह्वान करते हैं और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना इस दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हम स्वदेशी वस्तुएँ खरीदते हैं, तो हम केवल सामान नहीं लेते, बल्कि एक परिवार की उम्मीद, एक कारीगर की मेहनत और एक उद्यमी के सपनों को सम्मान देते हैं। उन्होंने कहा कि खादी उत्पादों की लोकप्रियता पिछले कुछ वर्षों में लगातार बढ़ी है और हम सभी को खादी के वस्त्रों और उत्पादों का उपयोग करना चाहिए।

**स्वागत** स्वदेशी मेला-प्रदर्शनी में खरीदें खादी के कपड़े

# डॉ. यादव का किसानों ने भावांतर योजना शुरू करने पर किया आत्मीय स्वागत

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का रविवार को उज्जैन में किसानों ने द्वारा आत्मीय स्वागत कर भावांतर योजना शुरू करने के लिए आभार माना। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के पुलिस लाइन उज्जैन हैलीपेड पहुँचने पर बड़ी संख्या में किसानों ने पुष्पमाला और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री का स्वागत करने किसान भाई 'सोयाबीन भावांतर के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद' की तख्तियां लेकर हैलीपेड पहुँचे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों का अभिवादन करते हुए कहा कि




राज्य सरकार किसानों की हितैषी सरकार है। किसानों के हित के लिए सरकार के पास राशि की कोई कमी नहीं है। किसान-कल्याण हमारी पहली प्राथमिकता में है। किसानों के लिए राज्य सरकार अनेक योजनाएं भी संचालित कर रही है। सोयाबीन उत्पादक किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम मिले इसके लिए भावांतर योजना शुरू की गई है। ऐसे किसान जिन्हें निर्धारित समर्थन मूल्य से कम दर मिली है। उसके अंतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जायेगी। किसानों को किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं होने दिया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए आहवान पर खादी ग्राम उद्योग मंडल द्वारा आयोजित की गई स्वदेशी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। भारतीय ज्ञानपीठ परिसर में आयोजित स्वदेशी मेला-प्रदर्शनी में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वयं के लिए खादी के कुर्ते का कपड़ा खरीदा और अपने मोबाइल वॉलेट से भुगतान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खादी ग्रामोद्योग मंडल और भारतीय ज्ञानपीठ परिवार के द्वारा लगाई गई इस प्रदर्शनी को सराहा। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रदर्शनियों को प्रदेश में सभी जगह पर लगाया जाना चाहिए, जिससे जनता स्वदेशी अभियान को आगे बढ़ाये और और स्वदेशी उत्पादों के प्रति जागरूक होकर उनका लाभ लें।

- स्वागत करने किसान भाई 'मुख्यमंत्री का धन्यवाद' की तख्तियां लेकर हैलीपेड पहुँचे

P-02:28 paga09_jhn.qxd 9/28/2025 9:33 PM Page 1



# सिद्ध पीठ मां शाकंभरी देवी मंदिर में शारदीय नवरात्र पर आयोजित मेले में उमड़ रही भक्तों की भीड़

*** प्रशासन एवं पुलिस द्वारा किए गए इंतजाम से गदगद नज़र आ रहे श्रद्धालु**
*** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित जिलाधिकारी मनीष बंसल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी को व्यवस्थाओं के लिए दिया धन्यवाद**
*** मेले में ऐसी व्यवस्थाएं मिले हमेशा- श्रद्धालुगण**
*** श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर स्थानीय स्तर से लेकर जिला स्तर तक के पुलिस व प्रशासनिक और जिला पंचायत सहित अन्य अधिकारी प्रयासरत**
*** अचानक आने वाली बाढ़ की सूचना के लिए डेढ़ किलोमीटर दूर पहाड़ियों ने रक्तदांतिक मंदिर पर सायरन सिस्टम और उससे ऊपर करीब 4 किलोमीटर दूर भी बाढ़ की सूचना देने की व्यवस्था**
*** मेले में चार एसडीएम, चार सीओ, 36 सैक्टर मजिस्ट्रेट और करीब तीन सौ पुलिसकर्मी तैनात**
*** मेला परिसर में पहली बार लेट लेटकर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बिछवाए गए मैट**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** शिवालिक पहाड़ियों के बीच स्थित 51 सिद्धपीठ में से एक सिद्ध पीठ मां शाकंभरी देवी मंदिर परिक्षेत्र में शारदीय नवरात्र के मौके पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। आयोजित मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधाओं को लेकर डीएम, एडीएमई, एसडीएम और जिला पंचायत सहित मंदिर व्यवस्थापको द्वारा तमाम व्यवस्थाएं की गई और भारी पुलिस बल तैनात है। प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं से श्रद्धालु गदगद नज़र



आ रहे है। दरअसल, जनपद सहारनपुर की तहसील बेहट इलाके की शिवालिक पहाड़ियों के बीच स्थित सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी मंदिर परिक्षेत्र में इन दिनों शारदीय नवरात्र के अवसर पर विशाल मेला लगा हुआ है। मां शाकम्भरी देवी के दर्शनों को हज़ारों श्रद्धालु प्रतिदिन यहां पहुंच रहे है और मां के जयकारों के साथ घंटों लंबी लंबी लाइनों के लगकर मां भवानी के दरबार तक पहुंच शीश नवाकर मन्नते मांग रहे है।

श्रद्धालु जहां निजी वाहनों से मां के दर्शनों को पहुंच रहे है तो काफी संख्या में भक्त पदयात्रा कर और लेट लेटकर भी मां के भवन तक पहुंच रहे है। मां शाकंभरी देवी के दर्शनों से पहले बाबा भूरादेव मंदिर में मत्था टेक प्रसाद चढ़ा रहे है। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर स्थानीय स्तर से लेकर जिला स्तर तक के पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी और जिला पंचायत दिन रात एक किए हुए है। जिलाधिकारी मनीष बंसल बताया कि मेले में श्रद्धालुओं के लिए करीब 15 स्वच्छ पानी के टैंकर, 150 मोबाइल टॉयलेट, सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए करीब 120 सफाई कर्मचारी लगाए गए है। मेला परिसर में स्वास्थ्य केंद्र बनाया गया है ताकि किसी भी श्रद्धालु की आकस्मिक तबियत खराब होने की स्थिति में उसे प्राथमिक उपचार दिया जा सके और गंभीर स्थिति होने पर मरीज को के जाने के लिए एम्बुलेंस भी चौबीसों घंटे तैनात है। इसके अलावा किसी भी आकस्मिक अग्निकांड से निपटने के लिए फायर बिग्रेड की गाड़ी और अचानक बाढ़ आने की स्थिति से निपटने के लिए एसडीआरएफ की टीम और फ्लड पीएसी तैनात है। अचानक आने वाली बाढ़ की सूचना के लिए डेढ़ किलोमीटर दूर पहाड़ियों ने रक्तदांतिक मंदिर पर सायरन सिस्टम और उससे ऊपर करीब 4 किलोमीटर दूर भी बाढ़ की सूचना देने की व्यवस्था की गई है।

मेले में 4 एसडीएम, 4 सीओ, 36 सैक्टर मजिस्ट्रेट और करीब तीन सौ पुलिसकर्मी तैनात है। मेला परिसर में पहली बार लेट लेटकर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मैट बिछवाए गए है। जिससे श्रद्धालु गदगद नज़र आ रहे है और डीएम सहारनपुर मनीष बंसल, एसएसपी आशीष तिवारी, एडीएमई संतोष बहादुर सिंह, एसडीएम बेहट मानवेंद्र सिंह, सीओ बेहट एस एन वैभव पांडे तथा जिला पंचायत चेयरमैन मांगेराम चौधरी के अलावा प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद अदा करते नज़र आए। उधर, मंदिर व्यवस्थापक आदित्य प्रताप राणा द्वारा मंदिर के अंदर की सभी व्यवस्थाएं बेहतर तरीके से कराई जा रही है ताकि श्रद्धालुओं को कोई परेशानी ना हो।

# जिलाधिकारी मनीष बंसल ने जनपदवासियों से की अपील

*** विजन डॉक्यूमेंट 2047 का रोडमैप बनाने के लिए,सभी बने भागीदार**
*** आपके सुझावों से मिलेगी जनपद को सपनो की उड़ान**
*** क्यू आर कोड स्कैन कर दे सकेंगे सुझाव,मिलेगा सम्मान पत्र, निभाएंगे नीति निर्माता की भूमिका**
*** आपके सुझावों से भारत होगा विकसित,विश्व में लहराएगा परचम, नंबर वन पर होगा विराजवान**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने जनपदवासियों से अपील की है कि विजन डॉक्यूमेंट 2047 का रोडमैप बनाने के लिए,सभी भागीदार बने। उन्होंने कहा कि आपके सुझावों से जनपद को सपनो की उड़ान मिलेगी।क्यू आर कोड स्कैन कर सुझाव दे सकेंगे, इससे सम्मान पत्र मिलेगा, तथा नीति निर्माता की भूमिका निभा सकेंगे। मनीष बंसल ने बताया कि विजन डॉक्यूमेंट्री 2047 के लिए इसमें जनसहभागिता के तहत सभी को भागीदार बनाते हुए सुझाव आमंत्रित किए गए है।

यह सुझाव देश एवं प्रदेश के साथ जनपद को विकसित करने तथा विजन डॉक्यूमेंट 2047 बनाने में रोड़मैप तैयार करेंगे। इन सुझावों से भारत विकसित होगा,विश्व में लहराएगा परचम, नंबर वन पर विराजवान होगा।

# सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** सहारनपुर में सेवा पखवाड़े के तहत सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी
इस मनमोहक आकर्षण वाली प्रदर्शनी में प्रतिदिन हजारों की तादाद में सभी वर्गो,छात्र छात्राएं, जनपदवासी आते है।इसमें माननीय प्रधानमंत्री जी के जीवन वृत्त से संबंधित घटनाओं, सरकार द्वारा चलाई योजनाओं,से सभी प्रेरणा लेकर लाभान्वित हो रहे है। इस प्रदर्शनी का हाल यह है कि रेलवे में आने जाने आमजन इसमें उल्लेखनीय जानकारी ग्रहण कर लेकर प्रेरणा ले रहे हैं।




# मिशन शक्ति एवं सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत समस्त विकासखंडों में आयोजित हुए कार्यक्रम

*** महिलाओं को स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी विषयों पर किया गया जागरूक**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल के नेतृत्व में जनपद में मिशन शक्ति एवं सेवा पखवाड़ा के तहत चलाए जा रहे अभियान के तहत उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं आई सी आर पी समूह सखी द्वारा स्वच्छ नारी सशक्त परिवार अभियान एवं पोषण अभियान कार्यक्रम आयोजित कराए गए। जनपद के समस्त विकास खंड की ग्राम पंचायतों के सामुदायिक भवन/ सार्वजनिक स्थानों पर मिशन शक्ति एवं सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। गाँव की सक्रिय सहयोगी महिलाओं की मदद से जानकारी साझा कर उन्हें कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत सम्बंधित ब्लॉक के ब्लॉक मिशन मैनेजरों ने की। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को कार्यक्रम के उद्देश्य और महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता के तहत महिलाओं को बताया गया कि वे अपने स्वास्थ्य पर पर्याप्त ध्यान नहीं देतीं और घरेलू कार्यों में व्यस्त रहने के कारण आसपास की स्वच्छता को भी



नज़रअंदाज कर देती हैं। गंदगी और पानी के ठहराव से डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियाँ फैलती हैं। उदाहरण देकर बताया गया कि कूलर का पानी कई दिनों तक जमा रहने से मच्छर पनपते हैं और नालियों की सफाई न होने से बच्चे, बुजुर्ग और आम आदमी बीमारियों के शिकार होते हैं। महिलाओं से अपील की गई कि वे स्वयं भी स्वच्छता रखें और दूसरों को भी जागरूक करें। पोषण अभियान के तहत बताया गया कि ग्रामीण महिलाएँ अक्सर खेतों में मजदूरी, मनरेगा का काम और घरेलू कार्यों में व्यस्त रहती हैं, जिससे वे अपने भोजन व स्वास्थ्य की उपेक्षा करती हैं। असंतुलित भोजन (जैसे केवल आलू-चावल) के कारण शरीर में खून की कमी और कमजोरी हो जाती है। महिलाओं को बताया गया कि उनके भोजन में प्रोटीन, फाइबर और पोषणयुक्त खाद्य पदार्थ शामिल होने चाहिए। एक संतुलित थाली में दाल, चावल, हरी सब्ज़ियाँ, दही, सलाद, फल, अंडे व मछली जैसे खाद्य पदार्थ होना चाहिए। आई. सी. आर. पी ज़फ़. एन. एच.डब्लू ने महिलाओं को थाली का उदाहरण देकर पोषणयुक्त भोजन की जानकारी दी।

महावारी स्वास्थ्य एवं पर्यावरण जागरूकता पर चर्चा करते हुए खराब कपडे के अधिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों और पर्यावरण प्रदूषण की जानकारी दी गई। गाँव की कुछ महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और सेनेटारी पेड के उपयोग के फायदे बताए। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित महिलाओं ने संकल्प लिया कि वे अपने भोजन और पोषण पर ध्यान देंगी। अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देंगी। अपने घर व आसपास की सफाई रखकर परिवार को बीमारियों से बचाएँगी और महावारी स्वच्छता के प्रति जागरूक रहेंगी। जनपद सहारनपुर के विकास खंडो में कुल 11 स्थानों पर उक्त कार्यक्रम आयोजित किये गए जिसमे 375 महिलाओं 63 पुरुष एवं 70 बच्चो को मिला कर कुल 508 लोगो ने प्रतिभाग किया।

# ऑपरेशन सवेरा : नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर

**उत्तम भारत संवाददाता**

**शामली/सहारनपुर।** थाना कांधला पुलिस द्वारा ऑपरेशन सवेरा अभियान के क्रम में 01 मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार कब्जे से अवैध 350 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर के कुशल नेतृत्व में परिक्षेत्र सहारनपुर के अंतर्गत मादक पदार्थो/नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी एवं बिक्री पर प्रभावी रोकथाम हेतु एक विशेष अभियान ऑपरेशन सवेरा ÷नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर चलाया जा रहा है। इसी अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन0पी0 सिंह के कुशल निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक शामली श्री संतोष कुमार सिंह के प्रभावी नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में आज थाना कांधला पुलिस द्वारा एक मादक पदार्थ तस्कर जावेद




पुत्र अनीश निवासी हमजा कालोनी सलेमपुर रोड़ थाना कांधला जनपद शामली को अवैध 350 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना कांधला पर मु0अ0सं0- 403/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त जावेद उपरोक्त के मादक पदार्थो तस्करी के अवैध कारोबार के सम्बन्ध में FORWARD AND BACKWARD LINKS की जांच की जा रही है। सहारनपुर पुलिस ने जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि वह अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करें। ÷नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर÷ बढ़ते हुए हम सब मिलकर जनपद शामली को नशामुक्त बनाने का संकल्प लेने का आहवान किया।

# त्योहारों के दौरान अराजकता फैलाने वालों को ऐसी सजा मिलेगी कि पीढ़ियां याद रखेंगी : योगी आदित्यनाथ

**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि शांति भंग करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और किसी भी अराजक हरकत के ऐसे परिणाम होंगे जिन्हें आने वाली पीढ़ियां याद रखेंगी। मुख्यमंत्री कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद यहां एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।

आदित्यनाथ ने कहा, 'अगर कोई त्योहारों के आनंद और उत्साह के दौरान उत्पात मचाने की कोशिश करेगा, तो उसे इस उत्पात की ऐसी कीमत चुकानी पड़ेगी कि आने वाली पीढ़ियां याद रखेंगी।' उन्होंने कहा, ÷कुछ लोग भारत में रहते हैं लेकिन 'गजवा ए हिंद' का नारा लगाकर भारत के अंदर राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को बढ़ावा देते हैं।÷



आदित्यनाथ ने कहा, 'गजवा-ए-हिंद हिंदुस्तान की धरती पर नहीं होने दिया जाएगा। 'गजवा-ए-हिंद' की कल्पना या उसका सपना देखना भी नर्क का रास्ता बना देगा। अगर कोई नर्क जाना चाहता है, तो वह गजवा-ए-हिंद के नाम पर अराजकता फैलाने का प्रयास करके दिखाए।'

कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अराजकता को बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा, 'जो कोई भी कानून को अपने हाथ में लेने की कोशिश करेगा, जो कोई भी किसी राहगीर पर हमला करेगा, जो कोई भी किसी बेटी की सुरक्षा से खिलवाड़ करने की कोशिश करेगा, औरज जो कोई भी त्योहारों के दौरान पत्थरबाजी करेगा, हम उसे नर्क का एकतरफा टिकट देंगे।'

बरेली में 26 सितंबर को हिंसक झड़प होने के बाद उन्होंने यह चेतावनी दी। जुमे की नमाज़ के बाद कोतवाली क्षेत्र में एक मस्जिद के बाहर 'आई लव मुहम्मद' के पोस्टर लिए भीड़ ने पुलिस के साथ मारपीट की थी। भीड़ कथित तौर पर स्थानीय मौलवी तौकीर रज़ा खान के एक प्रस्तावित एक विरोध प्रदर्शन को रद्द किए जाने से नाराज थी।

# इंद्रप्रस्थ कॉलेज में कंप्यूटर साइंस के छात्रों हेतु प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** आज इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी सहारनपुर में कंप्यूटर साइंस एवं कंप्यूटर एप्लीकेशन के अंतिम वर्ष के छात्रों हेतु एक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमें बीटेक कंप्यूटर साइंस एवं बीसीए के छात्रों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। संस्था में पाईसॉफ्ट इनफॉर्मेटिक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से आए वाइस प्रेसिडेंट श्री हरीश चावला व श्री अभय राणा को पौधा भेंट करके उनका स्वागत किया गया। प्लेसमेंट ड्राइव के प्रथम चरण में एक सेमिनार का आयोजन हुआ जिसमें श्री हरीश चावला ने छात्रों को नई टेक्नोलॉजी के बारे में बताया तथा उन्होंने इंटरनेशनल मार्केट में नई टेक्नोलॉजी के उपयोग को करने के बारे में छात्रों को विस्तार से बताया। इसके पश्चात छात्रों हेतु एक ऑनलाइन टेस्ट का आयोजन किया गया जिसमें 70 छात्रों ने प्रतिभाग़ किया।




ऑनलाइन टेस्ट क्वालीफाई करने वाले छात्रों को अगले चरण के इंटरव्यू के लिए भेजा गया। कंपनी प्रतिनिधि श्री हरीश चावला व श्री अभय राणा ने छात्रों का इंटरव्यू लिया तथा उन्हें आगे की प्रक्रिया के बारे में बताया। संस्था की निदेशक डॉ अंजू वालिया ने बताया कि कंप्यूटर साइंस के छात्रों हेतु आज एक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया है ,जिसमें अंतिम वर्ष एवं पास आउट छात्रों ने प्रतिभाग़ किया है। उन्होंने कहा जो आज कंपनी संस्था में आई है वह ने केवल नौकरी का प्रस्ताव लेकर आई है बल्कि एक भविष्य की दिशा लेकर आई है। संस्था के उपनिदेशक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग द्वारा आज इस प्लेसेंट ड्राइव का आयोजन किया गया है तथा आगे भी भविष्य में और कंपनियां प्लेसमेंट ड्राइव के लिए संस्था में उपस्थिति रहेगी, जिसके लिए संस्था का ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग लगातार कार्यरत है। उन्होंने छात्रों को कहा कि यह समय आपको खुद को साबित करने का है। आप आज जो इंटरव्यू देंगे वह सिर्फ एक नौकरी का रास्ता नहीं खुलेगा बल्कि आपको यह एहसास कराएगा कि आपने जो वर्षों तक मेहनत की वह सही दिशा में थी।

इस पूरी प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन कंप्यूटर साइंस विभाग के विभाग अध्यक्ष मोहित कुमार व शिक्षक रमन कुमार, मनीष कुमार, अजय कुमार ने कराया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अश्वनी कुमार, सूर्यकांत ,दीपक बर्मन, हेमंत कटारिया, ओमपाल,सविता, मिंटू सैनी, श्रीकांत, रजनीश, अरविंद सैनी उपस्थित रहे।

# लखीमपुर खीरी में रोडवेज बस और वैन की टक्कर में पांच लोगों की मौत, 10 अन्य घायल

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी जिले के खीरी शहर थाना क्षेत्र के ओयल कस्बे के पास रविवार सुबह एक वैन और विपरीत दिशा से आ रही उत्तर प्रदेश परिवहन निगम (रोडवेज) की बस की आमने-सामने की टक्कर में दो साल के बच्चे समेत कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक मृतकों में से दो की पहचान सदर कोतवाली क्षेत्र के पिपरिया गांव निवासी वैन चालक सुनील (25) और मितौली थाना क्षेत्र के दतेली गांव निवासी दो साल के बच्चे सरफराज के रूप में हुई है। अन्य तीन मृतकों की पहचान के प्रयास जारी हैं। पुलिस ने बताया कि 10 घायलों में से सात को उनकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ भेज दिया गया है, जबकि बाकी का ओयल स्थित जिला अस्पताल में इलाज हो रहा है।

खीरी की जिलाधिकारी (डीएम) दुर्गा शक्ति नागपाल और पुलिस अधीक्षक (एसपी) संकल्प शर्मा ओयल अस्पताल पहुंचे और दुर्घटना में घायल लोगों से मुलाकात की। उन्होंने मृतकों और घायलों के शोकाकुल परिवारों को सांत्वना दी और उन्हें प्रशासन की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

# निगम की स्मार्ट लाइब्रेरी में छात्रों के लिए बढ़ेगी सुविधाएं

*** स्मार्ट सिटी बोर्ड की बैठक में लिए गए अनेक निर्णय**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** स्मार्ट सिटी लि. के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की एक बैठक शनिवार देर शाम सर्किट हाउस में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडलायुक्त एवं सहारनपुर स्मार्ट सिटी लि. के अध्यक्ष अटल कुमार राय ने की। बैठक में स्मार्ट सिटी की आय बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाए जाने पर जोर दिया गया।

बैठक में वर्चुअल प्रतिभाग करते हुए जिलाधिकारी मनीष बंसल ने सुझाव दिया कि जीआईसी परिसर में नवनिर्मित सभागारों में मिशन शक्ति पर आधारित कार्यक्रम तथा स्मार्ट सिटी द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएं ताकि उनका प्रचार-प्रसार हो सके और भविष्य में राजस्व वृद्धि के लिए उसका उपयोग किया जा सके। सभी ने उस पर सहमति



व्यक्त करते हुए स्मार्ट सिटी बोर्ड की आगामी बैठक नेहरू मार्केट स्थित जीआईसी सभागार में ही आयोजित करने का निर्णय लिया।

इसके अतिरिक्त पुरानी सब्जी मण्डी स्थित एक सौ दुकानों को शीघ्र आवंटित करने सहित लगभग 15 ऐसी विभिन्न परियोजनाओं पर चर्चा की गई जिनसे भविष्य में स्मार्ट सिटी का राजस्व बढ़ाया जा सके। इस सम्बंध में स्मार्ट सिटी के सीईओ/नगरायुक्त शिपू गिरि ने अनेक सुझाव दिए। निर्माणाधीन दो परियोजनाओं का कार्य दिसम्बर माह तक पूर्ण करने के निर्देश भी बोर्ड द्वारा दिए गए। निगम परिसर स्थित गांधी स्मार्ट डिजिटल लाइब्रेरी में सुविधाओं के विस्तार पर सहमति बनी। इसमें छात्रों के लिए और अधिक सुविधाएँ उपलब्ध कराने के साथ ही ई-बुक्स एवं फिजिकल बुक्स हेतु अलग-अलग सदस्यता योजना शुरू करने पर विचार किया गया। बैठक में अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी/अपर नगरायुक्त प्रदीप कुमार यादव, नोडल अधिकारी गगन, स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक तकनीकी दिनेश सिंघल, डीजीएम.फाइनेंस मोहित मिश्रा, कंपनी सचिव शंकर तायल, मुख्य लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी के अलावा निदेशक कृष्ण मोहन, प्रमोद सडाना, राजेश कुमार, राजेश कुमार पंकज, अलका सिंह व योगेश कुमार आदि शामिल रहे। कुछ निदेशकों ने वर्चुअल प्रतिभाग किया।

# बरेली में मौलाना तौकीर रजा की गिरफ़्तारी के बाद पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी की

**बरेली।** बरेली में जुमे की नमाज के बाद हुई हिंसक झड़क के सिलसिले में इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा और अन्य की गिरफ्तारी के बाद रविवार को यहां सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है और भारी पुलिस बल गश्त कर रहा है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के प्रमुख रजा और सात अन्य आरोपियों की शनिवार को गिरफ्तारी के बाद, पड़ोसी जिलों, रामपुर, पीलीभीत, शाहजहाँपुर, मुरादाबाद, बदायूं, संभल, बिजनौर, अमरोहा और फतेहगढ़ में रविवार से पुलिस प्रशासन ने सतर्कता और बढ़ा दी है। इन जिलों में मौलाना तौकीर रजा के कथित तौर पर बड़ी संख्या में समर्थक हैं।

अधिकारियों ने बताया कि बरेली में भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है, जहां 48 घंटे के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं और अति संवेदनशील दरगाह-ए-आला हजरत के आसपास के इलाके को सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए हैं।

बरेली जोन के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) रमित शर्मा, मंडलायुक्त भूपेंद्र एस. चौधरी, डीआईजी अजय साहनी, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अनुराग आर्य, पुलिस अधीक्षक (सिटी) मानुष पारीक और एसपी (साउथ) अंशिका वर्मा सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने रविवार को कानून-व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था पर कड़ी नजर रखने के लिए अति संवेदनशील क्षेत्रों का दौरा किया।

अधिकारियों ने बताया कि झड़पों में शामिल दंगाइयों को गिरफ्तार करने के लिए विशेष पुलिस टीम अभियान चला रही हैं।

# सहारनपुर में नाबालिग से 'दुष्कर्म' के आरोप में मौलवी गिरफ्तार

**सहारनपुर।** सहारनपुर में पुलिस ने एक नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोप में एक मौलवी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक (नगर) ठे योम बिंदल ने बताया कि थाना सदर बाजार पुलिस ने वेद विहार कालोनी निवासी आरोपी मौलवी अनीस को गिरफ्तार कर लिया। उन्‍होंने कहा कि आरोपी मौलवी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए उसे अदालत में पेश किया जाएगा।

पुलिस के अनुसार किशोरी के परिजनों ने सदर बाजार थाने में वेद विहार कालोनी निवासी मौलवी अनीस के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज करायी थी। पुलिस के अनुसार अनीस पर 15 वर्षीय एक किशोरी के साथ दुष्कर्म करने का आरोप है, जिससे किशोरी गर्भवती हो गई। पुलिस के अनुसार परिजनों को इसका पता करीब चार महीने बाद चला जिसके बाद एक प्राथमिकी दर्ज करायी गई। पुलिस के अनुसार आरोपी ने किशोरी को डरा धमकाकर दुष्कर्म किया था।

# शराब के लिए पैसे देने से मना करने पर युवक ने मां की हत्या की

**सहारनपुर।** सहारनपुर जिला मुख्यालय के नगर कोतवाली क्षेत्र में एक युवक ने शराब के लिए पैसे नहीं देने पर अपनी मां की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार यह घटना शनिवार देर रात नगर कोतवाली थानाक्षेत्र के निर्भय पुरम कॉलोनी में हुई। पुलिस के अनुसार आरोपी युवक अपनी नवविवाहिता पत्‍नी के मायके चले जाने के कारण अवसादग्रस्त था और शराब पीने लगा था। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) मुनीश चंद ने बताया कि आरोपी की पहचान अक्षय के रूप में हुई है, जो बिहार में शादी करने के बाद 15 दिन पहले ही अपनी पत्नी के साथ सहारनपुर लौटा था, लेकिन उसकी पत्नी दो दिन पहले अपने मायके चली गई।

सीओ ने बताया कि अक्षय ने शनिवार रात अपनी मां आशा देवी (55) से शराब खरीदने के लिए पैसे मांगे। उन्होंने बताया कि अक्षय की मां ने उससे कहा कि उसके पास पैसे नहीं हैं, तो उसने अपनी मां से कहा कि वह अपने गहने बेच दे ताकि वह शराब खरीद सके।

चंद ने बताया, ''कुछ ही देर में मां-बेटे के बीच बहस इतनी बढ़ गई कि अक्षय ने अपनी मां की पिटाई कर दी और उसका सिर कई बार दीवार पर पटक दिया।'' उन्‍होंने कहा कि इससे आशा देवी गंभीर रूप से घायल हो गई और घटनास्थल पर ही गिर पड़ीं। सीओ ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को घटनास्थल से गिरफ्तार कर लिया और घायल महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने आशा देवी को मृत घोषित कर दिया।

# काला जठेड़ी गिरोह के 6 बदमाश गिरफ्तार, 6 पिस्टल और 13 कारतूस बरामद



- क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदौरा ने बताया कि यह गिरफ्तारी अवैध हथियारों के धंधे में शामिल अपराधियों के खिलाफ चल रहे अभियान का हिस्सा है
- अलीगढ़ से अवैध हथियार लाकर काला जठेड़ी गिरोह के विभिन्न सक्रिय सदस्यों को उनकी मांग पर करता था सप्लाई

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए कुख्यात काला जठेड़ी गिरोह के अवैध हथियार नेटवर्क का पदार्फाश किया है। टीम ने गिरोह के मुख्य हथियार सप्लायर समेत कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 6 अत्याधुनिक पिस्टल और 13 कारतूस बरामद किये गए हैं। क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदौरा ने बताया कि यह गिरफ्तारी अवैध हथियारों के धंधे में शामिल अपराधियों के खिलाफ चल रहे अभियान का हिस्सा है। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम की इस कार्रवाई से बड़े गिरोह का पदार्फाश हुआ है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में सबसे पहले सहदेव उर्फ देव को हिरासत में लिया गया था। पूछताछ के दौरान सहदेव ने खुलासा किया कि वह उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ से अवैध हथियार लाकर काला जठेड़ी गिरोह के विभिन्न सक्रिय सदस्यों को उनकी मांग पर सप्लाई करता था। सहदेव की निशानदेही पर ही पुलिस ने गिरोह के अपराधी साहिल को दिल्ली में गिरफ्तार किया। हर्ष इंदौरा ने बताया कि साहिल की निशानदेही पर पुलिस ने अत्याधुनिक पिस्टल और कारतूस बरामद किए, जिससे उसकी अवैध हथियारों के धंधे में शामिल होने की बात सामने आई है ।पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गिरोह का सक्रिय सदस्य रोहित उर्फ बच्ची अपने साथियों के साथ नोएडा होते हुए दिल्ली आ रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर नोएडा-दिल्ली सीमा के पास उनकी कार को रोककर रोहित और उसके तीन अन्य साथियों को गिरफ्तार कर लिया। इनकी गिरफ्तारी के बाद, उनके कब्जे से भी अत्याधुनिक पिस्टल और कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ जारी है, जल्द ही नए खुलासे हो सकते हैं। जांच में ये बात सामने आई है कि गिरोह के विभिन्न सदस्यों को उनकी मांग पर हथियारों की सप्लाई होती थी। ये लोग अब तक किस-किस को हथियार की सप्लाई करते थे, इसकी भी जांच कराई जाएगी। जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके खिलाफ कार्रवाई होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली को मिले नए मुख्य सचिव, राजीव वर्मा



नई दिल्ली। दिल्ली को नये मुख्य सचिव मिल गए हैं। कई नामों पर मंथन-चिंतन के बाद 1992 बैच के आईएएस राजीव वर्मा के नाम पर मुहर लगी है। इससे पहले वे केंद्र सरकार की ओर से चंडीगढ़ में सलाहकार नियुक्त किए गए थे। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के कार्यकाल में राजीव वर्मा दिल्ली में परिवहन आयुक्त और मंडल आयुक्त जैसे पदों पर रह चुके हैं। वह एक अक्टूबर को अपना यह नया पदभार ग्रहण करेंगे। मुख्य सचिव धर्मेंद्र इसी माह के अंत में सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं। बता दें कि दिल्ली के नए मुख्य सचिव बने राजीव वर्मा 1992 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उन्हें जनवरी 2024 में चंडीगढ़ के प्रशासक का सलाहकार नियुक्त किया गया था। वे पुडुचेरी के मुख्य सचिव के पद पर भी रह चुके हैं। चंडीगढ़ प्रशासक के सलाहकार के रूप में कार्यभार संभालने से पहले वह पुडुचेरी के मुख्य सचिव थे। उन्होंने मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान से वास्तुकला में डिग्री हासिल की है और दिल्ली स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर से शहरी डिजाइन में स्नातकोत्तर की डिग्री ली है।

### तीन आरोपी गिरफ्तार, सोना-चांदी भी बरामद

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने रविवार को भारत मंडपम के पास 24 सितंबर को दिनदहाड़े हुई लूट का खुलासा कर दिया। पुलिस ने इस लूट में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सेंट्रल दिल्ली के डीसीपी निधिन वाल्सन ने रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस बारे में जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, 24 सितंबर को तिलक मार्ग थाना क्षेत्र में स्थित भारत मंडपम के पास एक लूट हुई थी। पीड़ित से सोना, चांदी और नकदी लूटी गई थी। डीसीपी निधिन वाल्सन ने बताया कि पीड़ित 24 सितंबर को चांदनी चौक से सोना, चांदी और नकदी लेकर भोगल मार्केट जा रहा था। तभी दो लोग बाइक पर आए और उन्होंने पिस्तौल दिखाकर उसका बैग छीनकर फरार हो गए। इसके बाद पीड़ित ने तिलक मार्ग थाने में शिकायत दर्ज कराई। डीसीपी के मुताबिक, पुलिस ने मामले को सुलझाने के लिए कई टीमें गठित कीं। जांच के दौरान पता चला कि लूट में चार लोग शामिल थे। पुलिस ने तीन आरोपियों-प्रदीप (बुराड़ी), काकू (रोहिणी) और विष्णु (किशनगंज) को गिरफ्तार कर लिया। प्रदीप इस लूट का मास्टरमाइंड है और उसके खिलाफ पहले से आर्म्स एक्ट और लूट के मामले दर्ज हैं।

### नवरात्र में फलाहार पर महंगाई की मार

नई दिल्ली। नवरात्रि के पवित्र पर्व में दिल्ली भक्ति और उत्साह के रंग में रंगा है। मां दुर्गा की आराधना में डूबे भक्तों के चेहरों पर जहां आस्था की चमक है, वहीं बाजारों में फलों की आसमान छूती कीमतों ने उनकी जेब पर भारी बोझ डाल दिया है। सेब, अनार, केला और नारियल जैसे फलों के दाम 25 से 35 फीसदी तक बढ़ गए हैं, कुछ तो लगभग दोगुने हो चुके हैं। दिल्ली की सभी मंडियों में फलों के दाम एक जैसे ही है। सेब की कीमत 80 रुपये प्रति किलो तक बढ़ गई, अनार 100 से 150 रुपये महंगा हो गया और केला व नारियल जैसे रोजमर्रा के फल भी अब जेब काट रहे हैं। बाजारों में मोलभाव की कोशिश करने वाले ग्राहक निराश हैं। डिस्काउंट के नाम पर विक्रेता सिर्फ पांच से 10 रुपये कम करने को तैयार हैं, लेकिन इससे आम ग्राहक को खास राहत नहीं मिल पा रही है। लोग काफी देर तक मोल भाव करते हैं, पर अंत में निराश होकर कम मात्रा में फल खरीदते या बिना खरीदे लौट जाते हैं।

### दुष्कर्म करने वाले पिता की 20 साल की सजा बरकरार

नई दिल्ली। अपनी ही 17 वर्षीय नाबालिग बेटी से बार-बार दुष्कर्म करने वाले दोषी पिता की हाईकोर्ट ने 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा को बरकरार रखा है। न्यायमूर्ति संजीव नरुला की पीठ ने दोषी की अपील को खारिज करते हुए कहा कि एक पिता द्वारा अपनी बेटी के साथ ऐसा घिनौना कृत्य न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि पारिवारिक रिश्तों पर कलंक है। अदालत ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में न्यूनतम सजा से अधिक दंड देना न्यायोचित है और ट्रायल कोर्ट का फैसला न तो अवैध है न ही अत्यधिक। पीठ ने अपने फैसले में टिप्पणी की कि सजा तय करना कोई साधारण अंकगणितीय प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक गंभीर न्यायिक कार्य है। इसमें अपराधी की व्यक्तिगत परिस्थितियों और समाज की न्याय की अपेक्षा के बीच संतुलन बनाना जरूरी है। दोषी पिता ने अपनी अपील में तर्क दिया था कि 2019 से पहले के संशोधन के अनुसार, पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत ट्रायल कोर्ट को 20 साल की निश्चित सजा सुनाने का अधिकार नहीं था। हालांकि, हाईकोर्ट ने इस दलील को सिरे से खारिज कर दिया। मामला 2018 का है, जब पीड़िता ने आरोप लगाया था कि उसका पिता सोते समय उसका यौन शोषण करता था और उसे धमकियां देता था। अस्पताल में चिकित्सकीय जांच के दौरान पीड़िता को गर्भवती पाया गया, जिसके बाद आरोपी पिता को गिरफ्तार किया गया।

## यमुनापार से जुड़ेगा दिल्ली का हर कोना

# सीएम ने दी 300 देवी बसों की सौगात





- नई बसों के चलने के बाद अब डीटीसी के बेड़े में कुल 974 देवी बसें हो गई हैं, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि कई इलाकों में बसें होने के बावजूद कनेक्टिविटी कमजोर थी

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को यमुनापार के लोगों को 300 नई देवी (दिल्ली इलेक्ट्रिक व्हीकल इंटरकनेक्टर) बसों की सौगात दे दी। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्या दूर करने के लिए पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर नए रूट तय किए गए हैं।

नई बसों के चलने के बाद अब डीटीसी के बेड़े में कुल 974 देवी बसें हो गई हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि कई इलाकों में बसें होने के बावजूद कनेक्टिविटी कमजोर थी। यात्रा करने में लंबा समय लगता था और भीड़ भी ज्यादा रहती थी। इसी चुनौती को दूर करने के लिए आईआईटी दिल्ली के सहयोग से वैज्ञानिक अध्ययन किया गया। इसके बाद ही पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर ये नए रूट बनाए गए। ये नई देवी बसें यमुनापार को राजधानी के हर कोने से जोड़ेंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा संकल्प है कि हर दिल्लीवासी को बराबर की सुविधा और सम्मान मिले। किसी को कोई परेशानी न हो। केंद्र और राज्य सरकार हमेशा जनता के साथ खड़ी है। पिछली सरकार पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने निशाना साधते हुए कहा, यमुना पार्क, ट्रांस यमुना, यहां तक कि जो ट्रांस यमुना डेवलपमेंट बोर्ड था, उसे भी पिछली सरकार के कार्यकाल में बंद कर दिया गया था, जिससे लोगों को परेशानी हो रही थी।

आज हमने यमुना पार को 300 इलेक्ट्रिक बसें दी हैं। इसके साथ ही, हमने आईआईटी दिल्ली के साथ पूरे रूट को भी बदल दिया है। उन्होंने कहा कि इन देवी बसों में कैमरे और पैनिक बटन लगाए गए हैं। यात्रियों की सुविधा को देखते हुए इसे तैयार किया गया है। खास बात यह है कि हम लोगों ने इसमें पेमेंट का मोड भी ऑटोमेटिक कर दिया है जिससे किसी को कोई परेशानी न हो और वे आराम से यात्रा कर सकें।

पटपड़गंज के पूर्व विधायक मनीष सिसोदिया पर भी हमला बोलते हुए रेखा गुप्ता ने कहा, शिक्षा की बात करने वाले ने शिक्षा पर कोई काम नहीं किया। आज भी दिल्ली में टीन शेड के अंदर पढ़ाई हो रही है। जहां तक जलभराव की बात है, तो उनके लोग रील बनाने के लिए स्विमिंग करते हैं। मैं उनको यह बता दूं कि अगले साल उन्हें यह मौका नहीं मिलेगा। मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि लोगों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए यह बस सेवा शुरू की गई है। यमुनापार में हर उस जगह बस पहुंचाई जाएगी जहां लोगों को जरूरत है।

## यमुना पार को बड़ी सौगातः छह लेन वाला नंदनगरी फ्लाईओवर शुरू



नई दिल्ली। नवरात्र के पावन दिनों में दिल्लीवासियों के लिए कई लाभकारी योजनाएं एवं परियोजनाएं शुरू की गई हैं।

इसी क्रम में रविवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश वर्मा एवं सांसद मनोज तिवारी ने छह लेन के नंद नगरी फ्लाईओवर का उद्घाटन किया। छह लेन वाले इस फ्लाईओवर को सितंबर 2022 में दिल्ली सरकार की वित्त एवं खर्च समिति की मंजूरी मिली थी। फरवरी 2023 में इस परियोजना पर काम शुरू हुआ था। इस फ्लाईओवर की लंबाई 1.5 किलोमीटर है जो दिल्ली को गाजियाबाद से जोड़ता है। इस अवसर पर सीएम रेखा ने कहा कि यमुनापार विकास बोर्ड को 1000 करोड़ और ग्रामीण विकास बोर्ड को 1000 करोड़ रुपये दिया है।

उद्घाटन के अवसर पर सीएम रेखा गुप्ता ने कहा, सेवा पखवाड़े के अवसर पर आज यमुना पार क्षेत्र को एक और बड़ी सौगात मिली है। नंद नगरी से गगन सिनेमा तक 6 लेन फ्लाईओवर का लोकार्पण किया गया। हर दिन लाखों वाहन इस फ्लाईओवर से बिना रुकावट गुजरेंगे और प्रत्येक वाहन चालक को औसतन 15 मिनट की बचत होगी। यह यमुना पार के लाखों परिवारों के जीवन को सहज और सरल बनाने का साधन है।

सेवा पखवाड़े के अवसर पर आज यमुना पार क्षेत्र को एक और बड़ी सौगात मिली है। नंद नगरी से गगन सिनेमा तक 6 लेन फ्लाईओवर का लोकार्पण किया गया।

इसके आगे उन्होंने कहा, वर्षों से लटका यह कार्य भाजपा सरकार ने मात्र सात महीनों में पूरा कर दिखाया। यही भाजपा सरकार की गति, संकल्प और गुड गवर्नेंस का जीवंत उदाहरण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हम विकसित दिल्ली की ओर तेजी से अग्रसर हैं। यह फ्लाईओवर दिल्ली की रफ्तार है, दिल्ली की राहत है और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ता ठोस कदम है।

## पीएम आज दिल्ली भाजपा के नए कार्यालय का करेंगे उद्घाटनः वीरेंद्र



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 सितंबर को दिल्ली भाजपा के नए कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने रविवार को एक प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। सचदेवा ने कहा कि 29 सितंबर का दिन हमारे लिए विशेष है। दिल्ली भाजपा का इतिहास गौरवशाली रहा है, जो जनसंघ के समय से चला आ रहा है।

उस दौर से दिल्ली का संगठन बेहद मजबूत माना जाता रहा है। हालांकि, लंबे समय तक दिल्ली भाजपा का कोई स्थायी कार्यालय नहीं था और समय-समय पर विभिन्न स्थानों से इसका संचालन होता रहा। उन्होंने आगे कहा कि हमें गर्व है कि हमारे पास ऐसा केंद्रीय नेतृत्व है, जिसके मार्गदर्शन में यह संभव हुआ। मैं उन सभी पुराने कार्यकताओं को नमन करता हूं, जिन्होंने इस पार्टी के लिए अपना जीवन समर्पित किया। अब दिल्ली भाजपा के सभी कार्यकताओं को उनका स्थायी कार्यालय मिल गया है। यह नया कार्यालय दिल्ली भाजपा के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो संगठन को और मजबूती प्रदान करेगा। वीरेंद्र सचदेवा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 सितंबर को दिल्ली भाजपा के नए कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। पार्टी कार्यालय केवल एक कार्यालय नहीं, बल्कि संस्कार केंद्र है जहां कार्यकताओं का संस्कार पोषण होता है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा कार्यालय उद्घाटन के पल के साक्षी होंगे। उन्होंने कहा, दिल्ली भाजपा के सफर में चुनौतियां भी थी, संघर्ष भी था लेकिन कार्यकताओं की इच्छाशक्ति का परिणाम है कि जो हमने सपना देखा और वह साकार हो रहा है।

पीएम मोदी के मन की बात को लेकर उन्होंने कहा कि स्वदेशी के संकल्प के साथ हम अपने त्योहारों की रौनक को कई गुना बढ़ा सकते हैं। वोकल फॉर लोकल को खरीदारी का मंत्र बनाइए। पीएम मोदी के विचार सचमुच प्रेरणादायक हैं। उन्होंने हमें याद दिलाया कि जब हम अपने त्योहारों में स्थानीय उत्पादों को अपनाते हैं तो न केवल देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है, बल्कि लाखों कारीगरों और छोटे उद्यमियों को भी प्रोत्साहन मिलता है। स्वदेशी को अपनाकर हम आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं।

## दिल्ली में फिर बम धमाके की धमकी, एयरपोर्ट और स्कूलों को भेजा गया मेल




नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली एक बार फिर बम धमाके की धमकी से सहम गई। रविवार को दिल्ली एयरपोर्ट, स्कूलों और कई संस्थानों को ईमेल के जरिये बम रखने की धमकी दी गई। इस धमकी भरे मेल के बाद सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया और तत्काल जांच शुरू कर दी गई।

जैसे ही एयरपोर्ट और अन्य संस्थानों को मेल प्राप्त हुआ, सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। बम निरोधक दस्ते (बीडीएस) और डॉग स्क्वॉड को मौके पर भेजा गया। एयरपोर्ट पर यात्रियों की आवाजाही पर नजर रखी गई। स्कूलों व संस्थानों से बच्चों और स्टाफ को सुरक्षित बाहर निकाला गया। हालांकि, अब तक की जांच में सुरक्षा एजेंसियों को कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। दिल्ली पुलिस को अब तक की जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि मेल कहां से भेजा गया है।

बता दें कि पिछले कुछ महीनों में दिल्ली में इस तरह के बम धमाके की झूठी धमकियों के कई मामले सामने आ चुके हैं। इससे पहले, 20 सितंबर को दिल्ली के कई स्कूलों को फिर से बम से उड़ाने की धमकी दी गई। धमकी मिलने वाले स्कूलों में नजफगढ़ का कृष्णा मॉडल पब्लिक स्कूल, कुतुब मीनार स्थित सर्वोदय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, और द्वारका का डीपीएस स्कूल शामिल थे। धमकी मिलने के तुरंत बाद दिल्ली पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने सभी स्कूलों को खाली कराया और परिसरों में गहन तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान किसी भी स्कूल से कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई।

इसी तरह, 13 सितंबर को दिल्ली के शालीमार बाग, द्वारका और साकेत स्थित मैक्स के तीन अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। मैक्स हॉस्पिटल के सेंटर ऑफिस को मिले ईमेल में स्पष्ट धमकी दी गई थी कि अस्पताल को बम से उड़ा दिया जाएगा। हालांकि, यह भी अफवाह मात्र साबित हुई।

## विज्ञान भवन में नक्सलमुक्त भारत विषय को लेकर संगोष्ठी में डॉ विशेष कुमार गुप्ता ने किया प्रतिभाग



नई दिल्ली/मुरादाबाद । दिल्ली के विज्ञान भवन में  श्यामा प्रसाद मुखर्जी रिसर्च फाउंडेशन की ओर से भारत मंथन 2025 नक्सल मुक्त भारत विषय को लेकर एक दिवसीय समिट का आयोजन किया गया। इस समिट में 32 विश्वविद्यालयो,400 शोधकताओं,200 नक्सल पीड़ितों 150 प्रोफेसर्स ,500 नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से आए युवाओं ने प्रतिभाग किया। इसमें कुल 5 सत्रों में गहन चिंतन और मनन हुआ। पहले सत्र में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्य मंत्री तथा भाजपा के महामंत्री मुरलीधर राव ने नक्सलियों से प्रभावित आप बीती बताई। तत्पश्चात दिल्ली यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफ योगेश सिंह ने विश्वविद्यालों के कैंपस में फैले अर्बन नक्सलवाद तथा बस्तर में नक्सल आईजी सुंदरराज ने बस्तर में नैक्सेलियों के सफाये करने और उनके आत्म समर्पण की चर्चा की। इस समिट में एक दर्जन से अधिक नक्सल पीड़ितों ने अपनी पीड़ा बताते हुए अपने पुनर्वासन की माग की। समापन सत्र में देश के ग्रह मंत्री अमित शाह ने 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद के खात्मे की चर्चा की। उन्होंने कहा की 2014 में 188 जिले नक्सल प्रभात थे। वर्तमान में केवल 18 जिले प्रभावित है जिनका 2026 आते आते इनका भी सफाया हो जाएगा। उन्होंने साफ कहा कि 2014 में मोदी सरकार के आने के बाद हिंसात्मक माओवाद का सफाया करने उन क्षेत्रों में विकास की गति बढ़ी है।

## नकली ऑटो पार्ट्स का जखीरा बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने करोल बाग में नकली ऑटोमोबाइल स्पेयर पार्ट्स बेचने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने दो दुकानों और एक गोदाम पर छापा मारकर लगभग 90 लाख मूल्य के नकली स्पेयर पार्ट्स जब्त किए, जिन पर नामी ऑटोमोबाइल कंपनियों के नाम और पैकेजिंग लगी हुई थी।

डीसीपी हर्ष इंदौरा के अनुसार, चूँकि करोल बाग इलाके में नकली ऑटोमोबाइल पार्ट्स और पैकेजिंग सामग्री का भंडारण, आपूर्ति और बिक्री बड़े पैमाने पर हो रही थी, इसलिए एसीपी भगवती प्रसाद और इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार के नेतृत्व में एक पुलिस टीम को छापेमारी कर अपराधियों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया गया था। कई टीमें बनाई गईं। प्रत्येक टीम को उन प्रमुख स्थानों पर छापेमारी करने का काम सौंपा गया जहाँ नकली स्पेयर पार्ट्स, यहाँ तक कि नामी अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों के भी, संग्रहीत और बेचे जा रहे थे। करोल बाग में दो ठिकानों पर एक साथ छापेमारी में दो आरोपियों, सुरेश कुमार और पोला राम को गिरफ्तार किया गया।

सुरेश की दुकान से नकली होंडा जेनुइन पार्ट्सह्व लेबल वाले बड़ी मात्रा में नकली पार्ट्स बरामद किए गए। होंडा जेनुइन पार्ट्स लेबल वाले पच्चीस कार्टन में ब्रेक शू पेयर के 32 पैकेट, क्लच प्लेट के 29 पैकेट, 28 नकली मफलर प्रोटेक्टर, ब्रेक शू के 32 सेट (बिना पैकेजिंग के), 27 होंडा एक्टिवा आर्म कवर और नकली होंडा स्टिकर मिले। करोल बाग में एक होंडा पॉइंट भी मिला। कॉम्प्लेक्स की दूसरी मंजिल पर पोला राम की दुकान और गोदाम से 800 थ्रॉटल (एक्सीलरेटर) केबल, बारकोड स्टिकर वाले 200 विविध केबल, 400 ब्रेक केबल, 200 स्पीडोमीटर केबल, 100 क्लच केबल, 550 एयर फिल्टर, 290 कैमशाफ्ट, 40 चेन सेट, 42 अतिरिक्त एयर फिल्टर, 50 प्लास्टिक इनर कवर, 22 हेडलाइट कवर, 154 एमआरपी स्टिकर और होंडा ब्रांडिंग वाले चार बाहरी पैकिंग बॉक्स बरामद किए गए। आरोपियों को स्थानीय निमार्ताओं से सस्ते नकली ऑटो पार्ट्स खरीदते और उन्हें असली उत्पाद जैसा दिखाने के लिए जाली लेबल, होलोग्राम और पैकेजिंग के साथ रीब्रांडिंग करते पाया गया। ब्रेक शू और पैड जैसे महत्वपूर्ण पुर्जों सहित नकली पुर्जों में सुरक्षा मानकों का अभाव था और ये उपभोक्ताओं के लिए गंभीर खतरा पैदा करते थे। छापेमारी के दौरान प्रिंटिंग मशीनें, ब्रांडिंग स्टैम्प और पैकिंग सामग्री जब्त की गई। ये नकली उत्पाद दिल्ली और उसके आसपास के डीलरों, थोक विक्रेताओं और मरम्मत की दुकानों को बेचे जाते थे। ज्यादातर बिक्री नकली इनवॉइस के साथ नकद में की जाती थी।

**बैठ** | 78वां निरंकारी संत समागम सेवाभाव, समर्पण और मानवता का दिव्य उत्सव

# आत्म मंथन से मन में व्याप्त कुरीतियों को दूर करें- सतगुरु माता सुदीक्षा जी




नई दिल्ली। इस विविधताओं से भरे संसार में जहाँ मानवता अनेक रूपों, भाषाओं, संस्कृतियों, जातियों और धर्मों में विभाजित दिखाई देती है, वहीं एक शाश्वत सत्य है जो हम सभी को एक अटूट सूत्र में पिरोता है।

हम सभी एक ही परमात्मा की संतान हैं, जो हमें समय-समय पर अनके रूपों में आकर प्रेम, करुणा, समानता और मानवता का दिव्य संदेश देते है। हमारे भिन्न-भिन्न रूप और रहन-सहन होते हुए भी हमारे भीतर वही एक जैसी चेतना, जीवन-शक्ति प्रवाहित होती है, जो हमें एक-दूसरे से जोड़ती है।

इसी भावना को आत्मसात करते हुए, संत निरंकारी मिशन पिछले 96 वर्षों से 'वसुधैव कुटुम्बकम' अर्थात्समस्त संसार एक परिवार' की दिव्य भावना को जीवन्त कर रहा है। निरंकारी मिशन न केवल प्रेम, शांति और समरसता का पावन संदेश देता है, बल्कि सत्संग, सेवा और विशाल संत समागमों के माध्यम से उसे व्यवहार में उतारता भी है। हर वर्ष की भांति, इस वर्ष भी वार्षिक निरंकारी संत समागम की सेवाओं की शुरूआत एक अत्यंत भावपूर्ण क्षण के साथ हुई, जब सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी ने अपने पावन कर-कमलों से सेवा स्थल का उद्घाटन किया। यह दृश्य न केवल एक परंपरा का निर्वहन था, बल्कि सेवा, श्रद्धा और मानवता के प्रति गहरी आस्था का जीवंत प्रतिबिंब बना। इस शुभ अवसर पर मिशन की कार्यकारिणी समिति, केंद्रीय सेवादल अधिकारीगण तथा हजारों श्रद्धालु, सेवा-भाव से ओतप्रोत होकर उपस्थित रहे।

सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी का हार्दिक अभिन्दन संत निरंकारी मण्डल की प्रधान आदरणीय राजकुमारी एवं संत निरंकारी मण्डल के सचिव आदरणीय जोगिन्दर सुखीजा ने पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए शुभ आशीषों की कामना करी। समागम सेवा के शुभारम्भ पर हजारों की संख्यां में उपस्थित दर्शनाभिलाषी श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने फरमाया कि आज समागम सेवा के पावन अवसर पर आकर अत्यंत खुशी हो रही है। हर एक के मन में जो उत्साह है उसकी सुंदर झलक अनुभव हो रही है। निसंदेह सत्संग सेवा करते हुए हर मन भक्तिमय हो रहा है।

सभी में इस परमात्मा का ही रूप देखना है, किसी प्रकार का अभिमान न हो सबका सम्मान करते हुए सेवा को अपनाना है। निरंकार का सुमिरण करते हुए इस परमात्मा से जुड़े रहना है। समागम केवल समूह रूप में एकत्रित होने का नाम नही यह तो सेवा का प्रबल भाव है। हमें अपने अंतर्मन में झांककर, आत्म मंथन करते हुए यह देखना है कि हमारा जीवन वास्तविक रूप में किस दिशा मे जा रहा है। परमात्मा अंदर भी है और बाहर भी है। हमें अपने अंदर किसी प्रकार की दीवार नहीं बनानी अपितु अपने अंतर्मन में झांककर मन में व्याप्त कमियों का सुधार करना है। लगभग 600 एकड़ में फैला यह समागम स्थल सेवा, श्रद्धा और मानवता का प्रतीक है। यहाँ लाखों भक्तों के निवास, भोजन, स्वास्थ्य, आवागमन और सुरक्षा जैसी सभी व्यवस्थाएँ पूर्ण श्रद्धा और निःस्वार्थ भाव से सम्पन्न की जाती है।

देश-विदेश से आए संतजन, सेवा में रत महात्मा और हर वर्ग के श्रद्धालु इस महा उत्सव में सम्मिलित होकर एकत्व, समर्पण और आत्मिक आनंद का अनुभव करते हैं। इस वर्ष समागम का शीर्षक ह्यआत्म मंथनह्व है जो हमें अपने भीतर झाँकने, विचारों और कर्मों को आत्मज्ञान से शुद्ध करने की प्रेरणा देता है।

# इंदाना गांव में पुलिस पार्टी पर हमलें के मामले में 13 गिरफ्तार, 3 महिलाएं भी जेल भेजी गई



**उत्तम भारत संवाददाता, पुन्हाना, ललित कुमार गर्ग।** पुन्हाना थाना क्षेत्र के इंदाना गांव में शनिवार को पंजाब से लाई गई एक संदिग्ध गाड़ी के मामलें की जांच करने पहुंची तावडू और पुन्हाना सीआईए स्टाफ की संयुक्त टीम पर ग्रामीणों ने पथराव कर दिया और हवाई फायरिंग तक की। इस दौरान कई पुलिस वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए और चारझपांच पुलिसकर्मी चोटिल हो गए।जितेंद्र राणा उप-पुलिस पुलिस अधीक्षक पुन्हाना से प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस टीम जैसे ही इंदाना गांव में मुख्य आरोपी और पूर्व जिला पार्षद आजाद पुत्र सुबे खान के घर पहुंची, तो आजाद ने पुलिस पार्टी को देखते ही जान से मारने की नीयत से उन पर सीधा फायर किया और मौके से फरार हो गया। घर पर मौजूद महिलाओं व अन्य ने पुलिस दल से मारपीट एवं अभद्रता की और देखते ही देखते बड़ी संख्या में भीड़ जमा हो गई। इसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस दल पर पथराव शुरू कर दिया। स्थिति बिगड़ते देख आरोपियों के समर्थकों ने हवाई फायरिंग भी की। पुलिस के वाहनों पर पत्थर बरसाए गए और उन्हें नुकसान पहुंचा । पुलिस ने हालात को काबू करने के लिए अतिरिक्त बल मौके पर तैनात किया और दोबारा रेड की गई। इस दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 13 आरोपियों को हिरासत में लिया। इनमें शौकीन, यूनुस, जावेद, नासिर, हाफिज, रिहान, मुस्ताक, अजहरुद्दीन, युसूफ, वाजिद, नाईमा, शाहीना और नजमा शामिल हैं। आरोपियों के खिलाफ थाना बिछौर में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया ।गिरफ्तार आरोपियों में 3 महिलाओं को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। जबकि 10 पुरुष आरोपियों को अदालत में पेश कर उनमें से कुछ आरोपियों को रिमांड पर लेने की तैयारी की जा रही है। रेड के दौरान पुलिस ने मौके से एक पिस्टल और पांच जिंदा रौंद भी बरामद किए हैं । डीएसपी जितेंद्र राणा ने स्पष्ट किया है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पथराव और फायरिंग करने वालों की पहचान की जा रही है और जल्द ही और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

# पलवल के भाजपा मंडल अध्यक्षों की खांबी में हुई बैठक



**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल, सुखेदव तेवतिया।** रविवार को गांव खाम्बी में मंडल अध्यक्ष गुंजन शर्मा की अध्यक्षता में पलवल जिले के सभी मंडल अध्यक्षों की चाय पर चर्चा हुई, यह चर्चा संघठन के आगामी कार्यकर्मो को लेकर की गई। पलवल जिले के सभी मंडल अध्यक्ष इकट्ठा होने का अहम मकसद भाजपा पार्टी को मजबूत करने व सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का है। इस मौके पर भाजपा पार्टी की नीतियों को लेकर विचार मंथन किया। इस बैठक में सभी मंडल अध्यक्ष मौजूद रहे और निर्णय लिया गया कि इसी तरह की औपचारिक बैठक होती रहनी चाहिए। हथीन भाजपा मण्डल अध्यक्ष सौरभ सिंगला ने बैठक कि बहुत सुंदर तरीके से व्यवस्था करने व सभी मंडल अध्यक्षों को इतना मान सम्मान देने के लिए गुंजन शर्मा मंडल अध्यक्ष खाम्बी व दीपक शर्मा का हृदय की गहराईयों से धन्यवाद किया इस मौके पर पलवल जिले के सभी मंडल अध्यक्षों के साथ देवेंद्र कुमार, ओमवीर, सोनू डागर,अजब काशीपुर, तेजवीर सिंह, चौहान, दिनेश चौहान, हुक्म प्रजापति, दीपक शर्मा, यतेन्द्र डागर, गजराज सिंह, देवदत्त शर्मा, सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# छेड़छाड़ मामले में दूसरा किशोर आरोपी लिया अभिरक्षा में: नरेंद्र खटाना



हथीन,,,, पुलिस उप अधीक्षक सदर पलवल नरेंद्र खटाना ने बताया कि नाबालिग का मस्जिद में धर्म परिवर्तन करने का दबाब बनाने व छेड़छाड़ मामले में दूसरा किशोर आरोपी लिया अभिरक्षा में-लेकर बाल सुधार गृह बंद कराया गया है। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि पुलिस मामले में गहराई से जांच कर रही है, मामले से जुड़े किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीम दबिश दे रही है, जल्द ही फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। डीएसपी नरेंद्र खटाना ने बताया कि सदर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने दी शिकायत में कहा है कि 25 सितंबर को शाम करीब छह बजे वह घर पहुंचा तो उसकी 15-16 वर्षीय नाबालिग बेटी घर पर नहीं थी। जिसको वह, उसकी पत्नी व एक अन्य खोजने के लिए गांव में निकले तो बड़ी मस्जिद से उसकी बेटी के चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। बेटी की आवाज सुनकर वे जब मस्जिद के अंदर गए तो देखा कि मस्जिद मौलवी व एक अन्य व्यक्ति दोनों लड़की से झगड़ा कर रहे थे। उस समय वहां पर 4 अन्य नामजद व दो महिलाएं योजनाबद तरीके से अपने हाथों में कुरान लेकर धर्म परिवर्तन कर रही थी। उन्होंने अंदर जाकर बच्ची को उनके चंगुल से छुडाकर शोर मचाया। उन्हें देखकर लड़की रोई और बताया कि मौलवी ने उसके हाथ से कलावा व राखियों को काट दिया व उसके माथे से तिलक को मिटा दिया है। जिसके बाद इन्होंने उसपर नवाज पढ़ने व धर्म परिवर्तन करने का दबाब बनाते हुए मौलवी ने उसके साथ बदतमीजी की व छेड़छाड़ की है। जब वे मस्जिद से बाहर निकले तो इनके पक्ष के अन्य लोगों ने उनका रास्ता रोक लिया। जिन्होंने हाथ में लाठी, डंडा ले रखे थे, उन्हें धमकी दी कि मामले को ज्यादा बढ़ाया तो तुम्हें जान से खत्म कर देंगे। डीएसपी सदर पलवल नरेंद्र खटाना ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत प्रभाव से इस संबंध में नाबालिग के पिता की शिकायत पर मौलवी, दो महिलाएं सहित सभी नामजद 8 के खिलाफ विभिन्न सभी सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया तथा त्वरित कार्यवाही कर मुख्य आरोपी मौलवी को गिरफ्तार तथा एक किशोर आरोपी अभिरक्षा में-लिया गया था, जिसमें मुख्य आरोपी मौलवी को जेल भेजा जा चुका है तथा किशोर अपराधी को बाल सुधार गृह बंद कराया जा चुका है ।

# सेवा पखवाड़ा में विद्यालयों में रचनात्मक गतिविधियां जारी : बीईओ



**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** नूंह राजकीय प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च विद्यालयों और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इन गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों की सोच को रचनात्मक, सकारात्मक और जागरूक बनाना है। यह बातें नगीना खंड शिक्षा अधिकारी गीता आर्य ने पत्रकारों से बातचीत में कही। उन्होंने बताया कि कार्यक्रमों के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक, रंगोली, निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, चित्रकला, बाल संसद, प्रभात फेरी, जागरूकता कैंप, पर्यावरण व्याख्यान और नशा मुक्त भारत मिशन से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और विद्यालयों को समय-समय पर सचेत भी किया जा रहा है। राज्य शिक्षक पुरस्कार विजेता एवं राजकीय माध्यमिक विद्यालय पिथोरपुरी के मुख्याध्यापक ने बताया कि रविवार को राजकीय विद्यालय पिथोरपुरी के बच्चों ने ऐतिहासिक स्थल भ्रमण के अंतर्गत जिला नागरिक अस्पताल मांडीखेड़ा का दौरा किया। इस दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों को भ्रमण संबंधी विशेष दिशा-निर्देश दिए और बच्चों को स्वास्थ्य व स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया। मौके पर स्कूल स्टाफ में शिक्षिका रितु, शिक्षक प्रियंका, शिक्षक प्रदीप, शिक्षक रिहान और शिक्षक अब्दुल करीम मौजूद रहे।

# मिस्त्री पर कार चोरी का आरोप

**नोएडा।** सेक्टर-68 में ट्रांसपोर्ट का काम करने वाले कारोबारी की कार चोरी हो गई। उसने पूर्व में कार की मरम्मत करने वाले मिस्त्री पर चोरी का आरोप लगाया है। कोर्ट के आदेश पर फेज-तीन थाने में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। दिलीप त्रिपाठी ने पुलिस को बताया कि उनकी पिछले दिनों टाटा ऐस मॉडल की कार चोरी हो गई। इसी बीच सुपरवाइजर के पास पूर्व मिस्त्री अवधेश का फोन आया कि कार उसके पास है। वह और उसके जीजा कार को लेकर आए थे। दोनों गांव में कार को चला रहे हैं। दिलीप ने बताया कि दो साल पहले तक अवधेश उनके पास मिस्त्री का काम करता था, लेकिन वह वाहनों के पार्ट्स और साइलेंसर चोरी कर बेचता था। चोरी का पता करने पर अवधेश को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था। इसी नाराजगी में उसने कार्यालय के बाहर खड़ी कार को निशाना बनाया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर अवधेश और उसके जीजा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# ससुरालियों ने दहेज न लाने पर विवाहिता की हत्या



**उत्तम भारत संवाददाता, होडल।** हसनपुर थाने के अंतर्गत करीमपुर गांव में एक विवाहिता को दहेज न लाने पर ससुरालियों ने उसकी हत्या कर दी। ससुरालियों ने चाकू से गोदकर उसकी गर्दन को धड़ से अलग कर दिया। पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर पति सहित चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।समीपवर्ती गांव कोटवन के लक्की सिंह ने पुलिस को शिकायत देते हुए बताया कि उनकी दो पुत्रियों का विवाह हसनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव करीमपुर में हुई है। उन्होंने बताया कि 2019 में अपनी बड़ी बेटी पिंकी (25) की शादी करीमपुर निवासी जसवीर से और छोटी बेटी प्रीती (22) वर्षीय की शादी रोहित उर्फ भोला से सामर्थ्य अनुसार दान दहेज देकर की थी। बताया गया है कि शादी के बाद से ही उनकी दोनों बेटियों को और दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। उक्त मामले को लेकर गांव में क ई बार पंचायत बुलाई गई। हर बार समझौता होने के बाद भी ये लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आए।उन्होंने बताया कि रविवार को सुबह पांच बजे उनके बड़े दामाद जसवीर का फोन आया कि उनकी छोटी बेटी प्रीती का सर कटा पड़ा है। उसके शरीर से काफी खून बह रहा है। उन्होंने लक्की सिंह को करीमपुर आने के लिए कहा। फोन सुनते ही लक्की सिंह के पैरों तले जमीन खिसक गई। वह पूरी तरह से घबराकर अपने परिवार को साथ लेकर करीमपुर पहुंच गए। वहां उन्होंने देखा कि छोटी बेटी कमरे में मृत अवस्था में बेड पर पड़ी है। कमरे में बेटी का शरीर खून से लथपथ है। दीवारों पर खून के छींटें पड़े थे।अपनी बेटी को इस हालत में देख कर लक्की सिंह के परिवार होशोहवास खो बैठे। बड़ी मुश्किल से तत्काल पुलिस को सूचना दी गई ।घटना की सूचना मिलने पर हसनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हसनपुर थाना प्रभारी दिनेश कुमार यादव ने बताया कि मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव उनके परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतका के पिता लक्की सिंह के बयान पर बेटी के पति सहित चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही आरोपियों को दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# देवेंद्र सोरौत का जेजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर हुआ जोरदार स्वागत



**उत्तम भारत संवाददाता**

**होडल।** जननायक जनता पार्टी ने पार्टी संगठन को और मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए वरिष्ठ नेता एवं पार्टी के दो बार रहे जिला अध्यक्ष एवं प्रभारी देवेंद्र सोरौत को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। देवेंद्र सोरौत के प्रदेश स्तरीय पद पर आसीन होने की सूचना मिलते ही नगर के गणमान्य लोगों, समाजसेवियों, व्यापारी वर्ग युवा कार्यकताओं के साथ साथ शिक्षा क्षेत्र के जुड़े गणमान्य नागरिकों ने उन्हें बधाई दी। आज इसी कड़ी में शहर के शिक्षाविदों प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के द्वारा उनका स्वागत कर फूलमालाओं से अभिनंदन किया गया। आयोजन में पहुंचे शिक्षाविदों का कहना है कि देवेंद्र सोरौत एक जुझारू और ईमानदार नेता हैं, जिन्होंने हमेशा आमजन साथ साथ स्कूलों की समस्याओं को प्राथमिकता दी है। उनकी नई ज़िम्मेदारी से पार्टी को मजबूती मिलने के साथ-साथ क्षेत्र के विकास कार्यों को भी नया आयाम मिलेगा।

इस अवसर पर पार्टी कार्यकताओं ने जिला पलवल को पहली बार मिले इस दायित्व के लिए पार्टी नेतृत्व एवं हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री भाई दुष्यंत चौटाला जी का आभार जताते हुए कहा कि प्रदेश स्तर पर देवेंद्र सोरौत की नियुक्ति से संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा युवाओं में नई ऊर्जा का संचार होगा।

गौरतलब है कि देवेंद्र सोरौत लंबे समय से सक्रिय राजनीति में रहकर शिक्षा,समाज सेवा और संगठनात्मक कार्यों से जुड़े रहे हैं। उनकी कार्यशैली और जनसंपर्क क्षमता को देखते हुए पार्टी ने उन्हें प्रदेश स्तर की विशेष ज़िम्मेदारी सौंपी है। आयोजन में मुख्य रूप से हेतराम चौधरी, राजेश अग्रवाल, मोहन श्याम शर्मा, दाऊ दयाल शर्मा, सुधीर सोरौत, मुकेश तंवर, प्रदुमन व्यास, भोलाराम, जितेंद्र कुमार, प्रेम सिंह, कपिल कुमार, विक्रम सिंह, निरंजन कुमार, राजकुमार, मानसिंह, विजय कुमार, शेर सिंह, करतार सिंह, प्रभु दयाल, आदि दर्जनों की संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# नूंह शहर की जल निकासी का निरीक्षण करने पहुंचे आफताब

● दर्जन भर जगहों का किया दौरा, जल निकासी सुनिश्चित करने को कहा



**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह, अनिल मोहनियां ।** नूंह विधानसभा क्षेत्र के विधायक चौधरी आफताब अहमद ने कहा कि किसी भी सूरत में जलभराव नहीं होने दिया जाएगा। खेतों व आबादी क्षेत्रों से पानी की निकासी करवाई जा रही है। विधायक ने निर्देश दिए कि जल निकासी में अधिकारी तेजी लाएं ताकि समस्या से निजात मिल सके।

विधायक आफताब अहमद ने रविवार को नूंह नगर परिषद के अधिकारियों के साथ जलभराव से निपटने को लेकर मंथन किया। विधायक ने अधिकारियों के साथ आधा दर्जन भर जगहों का निरीक्षण किया जिनमें पलड़ी रोड, पल्ला रोड़, नलहड़ रोड, अरावली कॉलोनी, नूंह कब्रिस्तान, श्मशान शामिल हैं।विधायक आफताब अहमद ने कहा कि वाटर पंप और मोटरों से पानी निकासी सुनिश्चित की जा रही है, रफ्तार को बढ़ाया जा रहा है ताकि अगली बुआई संभव हो सके। प्रयास किया जा रहा है कि पानी से फैलने वाली बीमारियों को रोकने की दिशा में काम कर रहे हैं। उम्मीद है बहुत जल्द शहर से बरसती पानी निकासी सुनिश्चित हो सकेगी।

विधायक आफताब अहमद ने नूंह शहर परिषद अधिकारीयों को निर्देश दिए कि जहां मोटर कम है वहां और अधिक लगाकर जल निकासी तेज करने का काम करें। शहर में फॉगिंग के निर्देश दिए हैं ताकि पानी से बीमारी ना फैलें।वहीं विधायक आफताब अहमद ने किसानों को विशेष गिरदावरी कराकर मुआवजा देने की मांग उठाई है और कहा कि किसान के नुक्सान की भरपाई करने के लिए मुआवजा दिया जाना चाहिए ताकि उनके जख्मों पर मरहम लग सके । विधायक आफताब अहमद ने कहा कि किसान की कई कई फसलें प्राकृतिक आपदा की भेंट चढ़ गई हैं जिससे उसे लगातार नुकसान उठाना पड़ा है। ऐसे में जल्द उन्हें विशेष मुआवजा मिलना चाहिए। विधायक आफताब अहमद ने कॉलोनियों में जाकर देखा कि पानी अभी भी खड़ा है, उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आम आदमी को इससे अब अधिक दिक्कत हो रही है इसलिए पानी निकासी तेज करने के प्रयासों में अधिक तेजी लाई जाए। विधायक ने जोर दिया गया कि पानी की निकासी का स्थाई समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रति एकड़ 50 से 60 हजार रुपए तक मुआवजा मिलना चाहिए ताकि किसानों के नुकसान की भरपाई हो सके। सरकार महज घोषणा करके वाहवाही लेना बंद करें मुसीबत का समय है किसानों की मदद होनी चाहिए।

# शहीदी स्मारक पर मनाया भगत सिंह का जन्मोत्सव, शहीदों को श्रद्धांजलि

**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** नूंह देश के महान क्रांतिकारी शहीद भगतसिंह की जयंती पर रविवार को राजकीय महाविद्यालय नगीना में याद किया गया। यह कार्यक्रम सर्व समाज अमन कमेटी नगीना द्वारा अखिल भारतीय शहीदाने मेवात सभा व मेवात आरटीआई मंच एवं मौजी फाउंडेशन के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं सीएम के मीडिया समन्वयक मुकेश वशिष्ठ ने कहा कि शहीद भगतसिंह, वीर हसन खां मेवाती, सुखदेव, राजगुरू, चंद्रशेखर आजाद, अशफाकउल्ला खां समेत हजारों और लाखों बलिदानियों ने अलग-अलग वक्त में कुर्बानियां दीं हैं। उनके कारण ही आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि विदेशी आक्रांता बाबर के खिलाफ राणा सांगा और हसन खां ने मिलकर युद्ध लड़ा। उनकी एकजुटता के कारण आज भी विदेशी कांपते हैं। मेवात की युवाओं को अपने योद्धाओं और स्वतंत्रता सेनानियों से सीख लेने की आवश्यकता है। मेवात आरटीआई मंच संयोजक राजूद्दीन मेव ने कहा कि सरदार भगत सिंह का बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा उनकी जयंती हमें कम उम्र में ही देश के प्रति सच्ची श्रद्धा का एहसास दिलाता है। सर्व समाज अमन कमेटी के कार्यवाहक प्रधान हाजी जान मोहम्मद ने कहा कि ने केवल शहीद भगत सिंह बल्कि शहीद राजा हसन खान मेवाती समेत 1857 और 1947 के अनगिनत लाखों शहीद हुए हैं जिनमें से इंडिया गेट पर 92 हजार के नाम लिखे हैं। उन्होंने कहा कि आज नगीना कॉलेज परिसर में शहीदी स्मारक और



शहीद राजा हसन खान की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर गौरवशाली महसूस कर रहा हूं। महापुरुषों के बताए रास्ते पर हमारी युवा पीढ़ी को आगे बढ़ना होगा। मौके पर उपन्यासकार भगवानदास मोरवाल फिरोजपुर झिरका मार्केट कमेटी के प्रधान महावीर सैनी, हाजी अली मोहम्मद, सोहराब नंबरदार, पूर्व सरपंच जमाल, पूर्व पार्षद मोहम्मद इमरान, पूर्व सरपंच हारून कंसाली, पूर्व ब्लॉक समिति सदस्य आस मोहम्मद, समाजसेवी वसीम अकरम समेत दर्जनों लोग मौजूद हुए।

## समाचार

# पलवल जिले में इस बार 1.16 लाख एकड़ धान का रकबा

**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल।** पलवल जिले में इस बार 1.16 लाख एकड़ धान का रकबा है जिसमें 1509, मुच्छल व बासमती आदि मुख्य किस्में शामिल है। उप-कृषि निदेशक डा. बाबू लाल ने बताया कि पलवल के करीब 2478 किसानों ने फसल अवशेष प्रबंधन के तहत पिछले साल लगभग 18 हजार एकड़ जमीन का रजिस्ट्रेशन करवाया था और उन किसानों को एक हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से कुल 1.84 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि कृषि विभाग द्वारा दी गई थी। जिला में इस बार फसल अवशेष प्रबंधन के तहत अधिक से अधिक पंजीकरण का लक्ष्य रखा गया है और सभी पंजीकृत किसानों को इस बार 1200/- रुपये प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। उपायुक्त हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया कि जिला में पराली व फसल अवशेष जलाने की घटनाओं को शून्य करने के लिए जिला स्तरीय, खंड स्तरीय, उपमंडल स्तरीय व ग्राम स्तरीय टीम का गठन किया गया है। ग्राम स्तरीय टीमें जिले में गांव-गांव जाकर किसानों को पराली न जलाने के लिए जागरूक व प्रेरित कर रही हैं। यदि कोई किसान पराली जलायेगा तो उस पर दो एकड़ तक 5 हजार, 5 एकड़ तक 15 हजार व उससे ऊपर 30 हजार रुपये तक जुमार्ना करने, एफआईआर दर्ज करने व किसान के रकबे की रेड एंट्री करके दो सत्र तक एम.एस.पी. पर फसल नहीं खरीदने की जानकारी टीमें दे रही हैं। यही टीमें किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के तहत जिला और दूसरे राज्यों से आए बेलरों द्वारा धान की पराली की गांठे बनवाने और धान के अवशेषों को कल्टीवेटर, रोटावेटर व हेरो आदि से मिट्टी में मिलाकर व गांठें बनाकर उसका प्रबंधन करने पर विभाग द्वारा दी जा रही 1200/- रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि लेने की भी अपील कर रही है।

# चीफ जस्टिस बी.आर. गवई के अपमान पर भीम सेना प्रमुख ने थाने में दी शिकायत

**-अपमानजनक टिप्पणी करने वाले अनिरुद्धाचार्य के खिलाफ शिकायत**

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** चीफ जस्टिस बी.आर. गवई के खिलाफ अपमान जनक टिप्पणी करने वाले अनिरुद्धाचार्य उर्फ अनिरुद्ध राम तिवारी के खिलाफ भीम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतपाल तंवर ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, सुप्रीम कोर्ट, दिल्ली हाईकोर्ट, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को भी यह शिकायत भेजी है।

दिल्ली के संसद मार्ग स्थित थाने में शिकायत देते हुए सतपाल तंवर की ओर से शिकायत में चीफ जस्टिस बी.आर. गवई के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां करने और जान से मारने की धमकी देने के कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। जिन्हें न केवल न्यायपालिका का अपमान है, बल्कि देशद्रोह, सांप्रदायिक दंगे भडकाने, समुदायों में नफरत फैलाने और देशद्रोह जैसे खतरनाक गंभीर अपराधों का भी हिस्सा बताया गया है। भीम सेना प्रमुख तंवर ने शिकायत में कहा कि अनिरुद्धाचार्य ने अपने सोशल मीडिया वीडियोज और पोस्ट्स के जरिए सीजेआई गवई को निशाना बनाया, जो एक दलित समुदाय के जज के खिलाफ भेदभावपूर्ण फैसलों का आरोप लगाते हुए न्याय व्यवस्था को बदनाम करने की साजिश है। जान से मारने की साजिश है। तंवर ने शिकायत में कहा है कि यह न केवल संविधान का उल्लंघन है, बल्कि समाज में तनाव पैदा कर दंगे भडकाने का प्रयास भी है।

उन्होंने मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई है, जिसमें देशद्रोह, सांप्रदायिक नफरत फैलाने, जान से मारने की धमकी और अन्य गंभीर आरोप शामिल हैं। तंवर ने दावा किया कि अनिरुद्धाचार्य के वीडियो (यूट्यूब चैनल, फेसबुक, इंस्टाग्राम) पर उपलब्ध सबूत के तौर पर पेश किए जाएंगे। जहां वे 21 से 28 सितंबर तक के लाइव सेशंस में जजों को भेदभावी बताते नजर आते हैं। छाती चीर कर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

# 67 रन से जीती मिडलाइफ लवर्स

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित सेंचुरियन क्रिकेट मैदान तीन पर चल रहे इंडिपेंडेंस कप सीजन एक के लीग मैच में मिडलाइफ क्रिकेट लवर्स ने मारवाह-11 ने 67 रन से पराजित किया। मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले वैभव को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मिडलाइफ लवर्स ने टी-20 मुकाबले में सात विकेट के नुकसान पर 188 रन का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मारवाग-11 की टीम नौ विकेट के नुकसान पर 121 रन ही बना सकी।

# महिला ने पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया

**नोएडा।** फेज-तीन थाना क्षेत्र के सेक्टर-121 स्थित एक सोसाइटी में रहने वाली महिला ने पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पति पर मारपीट करने व धमकी देने का आरोप लगाया है। महिला के मुताबिक, पति शराब पीने का आदी है। आए दिन नशे में हंगामा करता है। इसका विरोध करने पर मारपीट करता है। पीड़िता और बच्चों को जान से मारने की धमकी देता है। पता चला है कि पति शराब बेचने का भी काम करता है। इस काम को छोड़ने के लिए कहने पर मारपीट करता है। किसी भी दिन बड़ी वारदात को अंजाम दे सकता है। पुलिस ने आरोपी मदन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सड़क हादसों में तीन लोग घायल

**नोएडा।** शहर में सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल हो गए। पीड़ितों ने थाने में मुकदमे दर्ज कराए हैं। इंदिरापुरम के प्रमोद कुमार रैपिडो बाइक चलाते हैं। वह 19 सितंबर को लेकर जा रहे थे। सेक्टर-62 सी ब्लॉक में थार चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में वह घायल हो गए।

# सरदार भगत सिंह की 119वीं जयंती बड़े धूमधाम से बनाई





**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** नगर के पूर्व सैनिकों द्वारा अमर बलिदानी सरदार भगत सिंह जी की 119 वी जयंती पर तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह तिरंगा यात्रा सरस्वती विद्या मंदिर से प्रारंभ होकर सरगम टॉकीज बाजार बजरिया ढाली बाजार नेहरू चौक गोकुल नगर होते हुए भगत सिंह स्मारक पर आकर संपन्न हुई।

तिरंगा यात्रा में विभिन्न प्रकार की झांकी और स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई झांकिया वह उनके द्वारा लगाए गए भारत माता और हिंदुस्तान के नारों से सारा नगर गूंज उठा।

इसके बाद शहीद स्मारक भगत सिंह पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विवेक विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अमित गोयल उपस्थित व विशिष्ट अतिथि गुरुद्वारा सभा के अध्यक्ष सरदार अच्छन सिंह लोहिया उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में वरिष्ठ अतिथि द्वारा अपने विचारों को रखा और सरदार भगत सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज जो हमें आजादी मिली है वह इन्हीं महान भक्त देशभक्तों के द्वारा मिली है। आज स्वतंत्र बोलने का अधिकार भी इन्हीं शहीदों ने हमें दिलाया है इनकी कुर्बानी को हम कभी बुला नहीं सकते। देश के प्रति एक व्यक्ति को अपने देश के प्रति देश भावना और देश की रक्षा के लिए हर समय तैयार रहना चाहिए।

कार्यक्रम का संचालन विनेश त्यागी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नगर के युवा समाजसेवी के आशु गोयल को शोल उड़ा कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में चौधरी मुनेश कुमार जगत शर्मा ज्ञान वर्मा आशु गोयल मयंक सिंघल आदि समस्त पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

# पांच जोड़ों ने दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मुरादाबाद।** डा एस एन गुप्त एण्ड सन् योजनान्तर्गत 76 वां निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन आर्य समाज स्टेशन रोड पर सम्पन्न हुआ। विवाह सम्मेलन में मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी विनय गुलाटी एवं आरती गुलाटी तथा विशिष्ट अतिथि समाजसेवी रुबी किन्नर रही। अध्यक्षता प्रधान डा अभय श्रोत्रिय ने की व संचालन मंत्री रमेश सिंह आर्य एडवोकेट ने किया।

विवाह समारोह में मुख्य पुरोहित वीरेंद्र आर्य ने अपने सहायक पुरोहितो की सहायता से ऊषा गुप्ता, यशपाल आर्य सुमित आर्य,प्रज्ञाशु आर्य एवं राकेश के सहयोग से सोरन सिंह परिणय शीतल,सौरभ जोशी परिणय तुलसी जोशी,काविंद्र परिणय मोनिका,शिवा परिणय शिवानी और अजय परिणय कंचन का वैदिक रीति से विवाह संस्कार कराया।

इस योजना के अंतर्गत यह 76वा सामूहिक विवाह रहा। यह योजना डा एस एन गुप्त एण्ड सन् ने 1987मे आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद के माध्यम से समाज में जाति प्रथा और दहेज जैसी कुप्रथा को समाप्त करने के आशय से प्रारंभ की जो जो आज भी सतत् गतिमान है। इस योजना के अंतर्गत आज तक 325 जोड़े दाम्पत्य जीवन में प्रवेश कर चुके हैं और सुखमय जीवन यापन कर रहे हैं।

वर-वधु को आर्यन्स क्लब ,आर्य समाज स्टेशन रोड, महिला आर्य समाज, संगीता मित्रा,निर्मल आर्य, पल्लवी, गुलाटी परिवार मानसरोवर ने उपहार भेंट कर खुशहाल जीवन जीने का आशीर्वाद दिया। विवाह समारोह में ज्ञानेंद्र गांधी डा राममुनि वेद मुनि संतोष कुमार गुप्ता कपिल आर्य, डा आलोक कुमार अरविन्द आर्यबंधु सूर्य प्रकाश द्विवेदी मयंक आर्य समाजसेवी नीरज कुमार दिवाशु अग्रवाल, रमाशंकर आर्य प्रभा सैनी,पूनम कत्याल,मीरा सोती शन्नो गुप्ता प्रभा नारंग नीरु अग्रवाल सिमरन कौर,रेखा सिंह,प्रियंका गुप्ता,मनीषा रस्तोगी,सीमा रस्तोगी,मिष्ठा सक्सेना प्रदीप विश्नोई आदि उपस्थित रहे।

# व्यापार मण्डल को लगा किरतपुर में तगड़ा झटका

**उत्तम भारत संवाददाता**

**किरतपुर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल को किरतपुर में तगड़ा झटका लगा है। अब पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल से संबद्ध समस्त व्यापारियों एंव पदाधिकारियों ने उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन में विलय कर लिया है। दोनों संगठनों के व्यापारियों की बैठक में सर्वसम्मति से मौ0 आबिद को अध्यक्ष एंव प्रदीप अग्रवाल को महासचिव बनाया गया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की नवगठित कमेटी में मौ0 आबिद अध्यक्ष, संजय कुमार जैन, अंकुश जैन, मौहम्मद रफी, राजीव अग्रवाल, प्रमोद कालरा, सुलेमान अंसारी, आकाश जैन उपाध्यक्ष, प्रदीप अग्रवाल महासचिव, अंशुल देव राजपूत, आमिर सिद्दीकी, नाजिम अंसारी, जगदीश पाल, मलखान सिंह, राहुल शर्मा सचिव, वसीम राजा, शुभम कालरा, जावेद अली, उशांक चड्ढा, सोनू तोमर, मयंक अग्रवाल, संजीव वर्मा, सौरभ कक्कड़, जोगिंदर पाल, फाहद खान संगठन मंत्री, एड0 तलहा मकरानी, एड0 हनुमान चौहान, एड0 अशरफ जमील कानूनी सलाहकार एंव वरिष्ठ पत्रकार सचिन अग्रवाल व मौहम्मद याकूब को मीडिया प्रभारी बनाया गया है।नवगठित कमेटी में अरविंद कुमार जैन, सफदर नवाज खान, अरुण अग्रवाल, नरेश कालरा, सुंदर गोयल, मुकुल अग्रवाल, मुकेश गोयल, अशोक गुप्ता को संरक्षक बनाया गया। युवा का नगराध्यक्ष राकिब अंसारी को बनाया गया है।

# जान से मारने की धमकी देने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे हैं अपराध नियंत्रण अभियान के अंतर्गत चांदपुर पुलिस द्वारा 27 सितंबर 2025 को एक तहरीर दी गई। वादिया द्वारा दिए गए तहरीर में खुशबू चौधरी पत्नी मुरसलीन निवासी ग्राम खेड़की थाना चांदपुर द्वारा कि षड्यंत्र करके वादिया को नींद की गोली खिलाई व अभियुक्त मुरसलीन पुत्र सलाउद्दीन निवासी खेड़की ने वादिया के साथ गलत काम किया।

और अभियुक्त खुशबू द्वारा अभियुक्तगण रौनक व शबनम निवासीगण स्याऊ के साथ आकर वादिया के बच्चों को लेने का प्रयास किया। विरोध करने पर अभियुक्त गण द्वारा वादिया के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट और जान से मारने की धमकी दी।

इस संबंध में थाना चांदपुर द्वारा पर मु0अ0स 554/25 धारा 125/64(1) 115(2) 352/351(3) 61(2) बी एन एस पंजीकृत किया। विवेचनात्मक कार्रवाई की दौरान अभियोग मैं धारा64(1) 61(2) बी एन एस का लोप कर धारा 70(1) बीएन एस वृद्धि की गई।

**कर्यवाही**

थाना पुलिस द्वारा 28 सितंबर 2025 को अभियुक्तगण चौधरी पत्नी मुरसलीन निवासी ग्राम खेड़की थाना चांदपुर मुरसलीन पुत्र सलाउद्दीन निवासी ग्राम खेड़की को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। शेष अभियुक्तगण की गिरफ्तारी का प्रयास जारी है। अग्रिम कार्यवाही प्रचलित है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**

प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार महिला उप निरीक्षक अल्पना कांस्टेबल रणजीत मलिक प्रियंका गजेंद्र सिंह द्वारा गिरफ्तार किया गया।

# अलीगढ़ में व्यवसायी की हत्या के आरोप में हिंदू महासभा की पदाधिकारी का पति गिरफ्तार

**अलीगढ़।** अलीगढ़ जिले के रोरावर थाने की पुलिस ने एक स्थानीय व्यवसायी की हत्या के सिलसिले में हिंदू महासभा की पदाधिकारी के पति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान अशोक पांडेय के रूप में हुई है,

जिसके खिलाफ व्यवसायी के पिता ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उसने बताया कि व्यवसायी अभिषेक गुप्ता की शुक्रवार देर रात उस समय दो अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी जब वह बस में चढ़ रहे थे। पुलिस ने बताया कि यह घटना शहर के बाहरी इलाके रोरावर थाना क्षेत्र के मुख्य खेरेश्वर मंदिर चौराहे पर हुई।

पुलिस ने बताया कि अशोक पांडेय, दक्षिणपंथी हिंदू नेता एवं हिंदू महासभा की राष्ट्रीय महासचिव पूजा शकुन पांडेय के पति हैं। पूजा का नाम भी कारोबारी के पिता द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट में है।

रोरावर थाना प्रभारी विजय कुमार ने बताया कि गोलीबारी में शामिल दो अन्य लोगों की पहचान नहीं हो पाई है और वे फिलहाल फरार हैं।

व्यवसायी की हत्या के बाद, अलीगढ़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) नीरज कुमार ने पत्रकारों को बताया था कि अभिषेक के पिता अपने बेटे और भतीजे जीतू के साथ बस में चढ़ रहे थे, तभी अचानक दो हथियारबंद लोगों ने गोलीबारी शुरू कर दी। गोली लगने से घायल अभिषेक गुप्ता को जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

एसएसपी ने बताया कि अभिषेक के पिता ने अशोक पांडेय और उनकी पत्नी पूजा शकुन पांडेय पर रुपये के लेनदेन के विवाद में हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया है। आरोप है कि यह दंपति लंबे समय से व्यवसायी परिवार को परेशान कर रहा था। एसएसपी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# बिजनौर में पटाखा फैक्टरी में आग लगने से तीन श्रमिक झुलसे

**बिजनौर।** बिजनौर जिले के नहटौर थाना क्षेत्र के सीकरी खुर्द जंगल में रविवार सुबह एक पटाखा फैक्टरी में आग लगने से तीन मजदूर झुलस गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, पटाखा फैक्टरी में बारूद के घर्षण से विस्फोट और आग लगने से तीन श्रमिक झुलस गए और तीनों की हालत स्थिर है। आग पर काबू पा लिया गया है।

धामपुर के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अभय कुमार पांडेय ने बताया कि रविवार सुबह लगभग साढ़े सात बजे सीकरी खुर्द जंगल में भूदेव सिंह की पटाखा फैक्टरी में एक मजदूर के हाथ से बारूद का सामान छूट जाने के कारण तेज धमाका हुआ और इसके बाद आग लग गई। धमाके के कारण फैक्टरी के टिनशेड के परखच्चे उड़ गए। उन्होंने बताया कि सूचना पाकर पहुंचे अग्निशमन विभाग ने आग पर काबू पा लिया। पांडेय ने बताया कि श्रमिक आशीष, बालेश और अरुण इस घटना में झुलस गए। बालेश और अरुण मामूली रूप से झुलसे हैं और दोनों की स्थिति सामान्य है, जबकि आशीष के हाथ और पैर में जख्म हैं।

# लूट करने वाले बदमाश को पुलिस मुठभेड के दौरान किया गिरफ्तार



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मंडावर।** प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वाट/ सर्विलांस व थाना मंडावर पुलिस की संयुक्त टीम ने लूट करने वाले बदमाश को पुलिस मुठभेड के दौरान घायल अवस्था में अवैध शस्त्र, घटना में प्रयुक्त बाइक व छीने गए मंगलसूत्र सहित किया गिरफ्तार।

शनिवार की शाम 5:00 बजे करीब मोनिका पत्नी रामबहादुर निवासी रामराज व थाना बहसुमा जिला मेरठ अपने पति रामबहादुर के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर ग्राम ओसपुर से अपने घर रामराज जा रही थी।तो रास्ते मे चौकी बालावाली भारत पेट्रोल पम्प के पास अचानक पीछे से एक अज्ञात पल्सर मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति आया और तमन्चा दिखाकर उसके गले से मंगलसूत्र छीन कर भाग गया। इसी घटना के दौरान पीड़िता के पति रामबहादुर द्वारा मोटरसाइकिल का नम्बर UK08BF-5091-देख लिया गया था। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारीगण द्वारा स्थानीय पुलिस के साथ तत्काल मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया।

घटना के संबंध में तत्काल कन्ट्रोल रूम को वायरलैस सैट के माध्यम से आसपास के चेकिंग प्वाइंट पर तैनात पुलिसकर्मियो को सूचित कर सक्रियता से सघन चेकिंग हेतु निर्देशित किया गया। इसी घटना के संबंध में तत्काल कार्यवाही करते हुए पीड़िता की तहरीर के आधार पर थाना मंडावर पर अज्ञात पंजीकृत किया गया तथा तत्काल अपराधी की गिरफ्तारी के दौरान आरोपी की पहचान हिमांशु पुत्र सुशील गाँव फूलगढ़ थाना पथरी जिला हरिद्वार उतरखंड के रूप मे हुई पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया है।स्वाट/ सर्विलांस व थाना मंडावर पुलिस की संयुक्त टीम ने लूट करने वाले बदमाश को पुलिस मुठभेड के दौरान घायल अवस्था में अवैध शस्त्र, घटना में प्रयुक्त बाइक व छीने गए मंगलसूत्र सहित किया गिरफ्तार।

# परीक्षा देने जा रहे दो छात्रों पर नकाबपोश बदमाशों ने हमला किया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मंडावर।** शनिवार की सुबह मंडावर क्षेत्र में दिन निकलते ही उस समय हड़कंप मच गया जब परीक्षा देने जा रहे दो छात्रों पर नकाबपोश बदमाशों ने हमला कर दिया। दोनों छात्रों को रोककर न केवल मारपीट की गई बल्कि उनकी जेब से नकदी भी लूट ली गई। वारदात की खबर मिलते ही पुलिस विभाग में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर आलाधिकारी भी पहुँच गए।

जानकारी के मुताबिक सैफपुर खादर उर्फ नारायणपुर निवासी ग्राम प्रधान साजिद का पुत्र साहिब और कुंदनपुर निवासी समीर पुत्र साजिद मलिक, दोनों प्रकाश पब्लिक स्कूल, मंडावर के इंटरमीडिएट छात्र हैं। शनिवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे दोनों एक ही बाइक से विद्यालय में चल रही छमाही परीक्षा देने जा रहे थे। जैसे ही दोनों ग्राम मिर्जापुर की पानी की टंकी के सामने पहुँचे तो पहले से घात लगाए बैठे पाँच युवक सामने आ गए। छात्रों ने जैसे ही बाइक धीमी की, बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। इसी दौरान एक युवक ने साहिब की जेब से 1700 रुपए निकाल लिए। बाकी युवकों ने डंडों से दोनों छात्रों की पिटाई कर दी।

छात्रों ने जब शोर मचाया तो बदमाश उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए अपनी दो बाइकों पर बैठकर फरार हो गए। साहिब के अनुसार सभी युवकों ने अपने चेहरे पर काला और सफेद कपड़ा बाँध रखा था, जिससे उनकी पहचान नहीं हो सकी।

घटना की जानकारी मिलते ही डायल-112 पुलिस टीम और मंडावर थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे। थोड़ी ही देर में घटनास्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।वारदात की सूचना पाकर एसपी व एसपी सिटी भी मिर्जापुर पहुँचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। एसपी ने थानाध्यक्ष को आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक करने और आरोपियों की तलाश में टीमें गठित करने के निर्देश दिए। दिन निकलते ही हुई इस वारदात से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। वहीं छात्र-छात्राओं व अभिभावकों में दहशत का माहौल है।

# उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मां पाटेश्वरी के दर्शन-पूजन कर लोकमंगल की कामना की



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने मां पाटेश्वरी देवी के दर्शन-पूजन कर लोकमंगल की कामना की। एक आधिकारिक बयान में रविवार को यह जानकारी दी गई।

बयान में कहा गया कि दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को बलरामपुर पहुंचे मुख्यमंत्री ने मां पाटेश्वरी मंदिर में रात्रि विश्राम किया। उन्होंने मंदिर की व्यवस्थाओं तथा नवरात्रि मेले की तैयारियों की जानकारी ली।

इसके बाद गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने रविवार प्रातः तुलसीपुर स्थित देवी शक्तिपीठ मां पाटेश्वरी मंदिर में दर्शन, पूजन-अर्चन किया और मां की आरती की। मुख्यमंत्री ने मां से सुखी, स्वस्थ एवं प्रसन्नचित्त उत्तर प्रदेश की कामना की।

इसके पश्चात मुख्यमंत्री गोशाला गए, जहां मुख्यमंत्री ने गायों को गुड़ व चारा खिलाया। उन्होंने मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंदिर में आए श्रद्धालुओं का अभिवादन भी किया।

# बिहार चुनाव पर मांझी का बड़ा दावा, 'दशहरे के बाद एनडीए में सीट बंटवारा'



**वाराणसी।** केंद्रीय मंत्री और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के अध्यक्ष जीतन राम मांझी ने बिहार चुनाव से पहले बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि दशहरे के बाद एनडीए की बैठक में सीटों के बंटवारे पर फैसला लिया जाएगा।

यूपी के वाराणसी दौरे पर पहुंचे केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने रविवार को मीडिया से बात करते हुए कहा, ÷भाजपा ने धर्मेंद्र प्रधान को बिहार का प्रभारी नियुक्त किया है। हाल ही में अमित शाह ने भी बिहार का दौरा किया और लोगों से बात की। मुझे लगता है कि दशहरे के बाद एनडीए की बैठक होगी और उसमें सीट बंटवारे पर फैसला लिया जाएगा।÷

जीतन राम मांझी ने बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, ÷तेजस्वी यादव अच्छे कामों को भी गलत नजर से देखते हैं और जनता को भ्रमित कर रहे हैं। चाहे वह संविधान का मुद्दा हो या एसआईआर या फिर बेरोजगारी समेत अन्य मुद्दे हों, वे सिर्फ बातें करते हैं और उन्हें कुछ काम नहीं है। देश में पीएम मोदी और बिहार में सीएम नीतीश कुमार काम कर रहे हैं और मुझे लगता है कि उन जैसा काम कोई और नहीं कर सकता है।÷

केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने एनडीए में सीट बंटवारे को लेकर दावा ऐसे समय में किया है, जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसीय बिहार दौरे पर थे।

गृह मंत्री ने बिहार के अररिया दौरे के दौरान बांग्लादेशी घुसपैठियों को भगाने का ऐलान किया था। शाह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा था, ÷अररिया जैसे सीमावर्ती क्षेत्रों से बांग्लादेशी घुसपैठियों को विधानसभा चुनाव के बाद भगाया जाएगा।÷

शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव पर कटाक्ष करते हुए कहा था, ÷ये लोग अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को बचाने के लिए यात्रा पर निकले थे, लेकिन हमारी सरकार घुसपैठियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी।

# बलिया में दो समुदायों के बीच मारपीट में एक व्यक्ति की मौत, दूसरे पक्ष के चार लोग गिरफ्तार

**बलिया।** बलिया जिले के मनियर कस्बे में दो समुदायों के दो पक्षों के बीच हुए विवाद और मारपीट में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, मनियर थाना क्षेत्र के उत्तर टोला वार्ड नंबर-14 में शनिवार शाम दो समुदायों से संबंधित लोगों के बीच हुए विवाद और मारपीट में मोहर्रम हासमी (40) गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए।

मनियर थाना प्रभारी कौशल पाठक ने बताया कि मृतक के भाई अरमान की तहरीर पर रजनीश, मनीष, लल्लन और मंजू देवी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 (गैर इरादतन हत्या) के तहत शनिवार रात मामला दर्ज कर लिया। उन्होंने बताया कि चारों को रविवार को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

इससे पहले, पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि शुरुआती जांच में यह सामने आया है कि मोहर्रम हासमी नशे की हालत में अपनी मां के प्रति अपशब्द कह रहा था, जिसे सुनकर पड़ोसी भ्रमित हो गए कि वह उनकी मां को अपशब्द कह रहा है। इसी गलतफहमी से विवाद शुरू हुआ जो मारपीट में बदल गया। इसी दौरान मोहर्रम को सिर में गंभीर चोट लगी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

# काशी को जल्द मिलेगी देश के पहले अर्बन रोपवे की सौगात, सफर होगा सुरक्षित और सुविधाजनक

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में देश का पहला अर्बन ट्रांसपोर्ट रोपवे प्रोजेक्ट जल्द ही शुरू होने जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को लेकर वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने आश्वस्त किया है कि यह यात्रा का एक सुरक्षित, स्वचालित और आधुनिक साधन साबित होगा।

**सुरक्षा और आधुनिकता पर जोर**

वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि रोपवे पूरी तरह से मैकेनाइज्ड सिस्टम पर आधारित है। इसमें इस्तेमाल होने वाले गोंडोला (केबिन) पूरी तरह स्वचालित होंगे। यात्रियों को सुरक्षा के उच्चतम स्तर को सुनिश्चित करने के लिए दरवाज़े या किसी अन्य संचालन प्रणाली को खोलने या ऑपरेट करने की अनुमति नहीं होगी।

यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, रोपवे का किराया भी ऐसा रखा जाएगा जिससे अधिक से अधिक लोग इस आधुनिक परिवहन प्रणाली का उपयोग कर सकें। उन्होंने विश्वास जताया कि नए साल की शुरुआत में ही काशीवासियों को इस अनोखी परिवहन प्रणाली का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा।

यातायात होगा सुगम, स्टेशनों पर मिलेंगी व्यावसायिक सुविधाएँ

वाराणसी की तंग गलियाँ और लगातार बढ़ता यातायात लंबे समय से एक बड़ी चुनौती रहे हैं। रोपवे परियोजना का मुख्य उद्देश्य शहर की यातायात व्यवस्था को और अधिक सुगम बनाना है। इस आधुनिक और तेज सुविधा से स्थानीय लोगों के साथ-साथ आने वाले पर्यटकों को भी बड़ा लाभ मिलेगा। उपाध्यक्ष ने बताया कि प्रोजेक्ट का संचालन जिस कंपनी को सौंपा जाएगा, वह यात्रियों की हर सुविधा का विशेष ध्यान रखेगी। साथ ही, रोपवे स्टेशनों पर यात्रियों को यात्रा के साथ-साथ अन्य जरूरी सेवाएं और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कमर्शियल स्पेस भी विकसित किए जाएँगे। पुलकित गर्ग ने कहा कि यह परियोजना न केवल वाराणसी, बल्कि पूरे देश के लिए एक मॉडल अर्बन ट्रांसपोर्ट साबित होगी।

# योगी आदित्यनाथ ने शहीद भगत सिंह और 'भारत रत्न' लता मंगेशकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को शहीद भगत सिंह और 'भारत रत्न' लता मंगेशकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

योगी आदित्यनाथ ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''महान सुर साधिका, स्वर सम्राज्ञी, 'भारत रत्न' लता मंगेशकर की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि!'' उन्होंने कहा, उनके दिव्य स्वर भारत की आत्मा की अभिव्यक्ति हैं। भक्ति से देशभक्ति तक, विरह से उत्सव तक-हर भाव को उनके कंठ ने अमर कर दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा, आपकी वाणी हर भारतीय के हृदय में सदैव गुंजायमान रहेगी।

एक अन्य पोस्ट में योगी आदित्यनाथ ने लिखा, अमर क्रांतिकारी, शहीद भगत सिंह की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उन्होंने कहा, ÷उनकी निर्भीकता, न्याय के प्रति प्रतिबद्धता और अतुल्य बलिदान ने स्वतंत्रता संग्राम को नयी दिशा दी।÷ मुख्यमंत्री ने कहा, उनका जीवन और बलिदान 'इंकलाब जिंदाबाद' के अमर उद्घोष के साथ आने वाली पीढ़ियों को जागृत करता रहेगा।

# पृथक 'चंबल प्रदेश' की माँग पर रवीन्द्र सिंह तोमर की हुंकार, बड़े आंदोलन की तैयारी

**औरैया।** किसान नौजवान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व विधायक रवीन्द्र सिंह तोमर ने पृथक %चंबल प्रदेश% के निर्माण की माँग को लेकर ज़ोरदार हुंकार भरी है। उन्होंने कहा कि राजस्थान और मध्य प्रदेश के कुछ ज़िलों के साथ ही उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों को मिलाकर एक नया चंबल प्रदेश बनाया जाना चाहिए। तोमर ने इस माँग के लिए जन समर्थन जुटाना शुरू कर दिया है और एक बड़े आंदोलन की तैयारी में जुट गए हैं।

उपेक्षित चंबल पट्टी के लिए उठाई आवाज़

रवीन्द्र सिंह तोमर रविवार को उत्तर प्रदेश के इटावा/औरैया ज़िलों की सीमा से सटे गाँव गौहानी, गनियावर और बंसरी में आयोजित बैठकों में शामिल हुए और ग्रामीणों से व्यापक समर्थन माँगा। उन्होंने इस क्षेत्र की दीर्घकालिक उपेक्षा का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि आज़ादी के 78 वर्ष बीत जाने के बाद भी चकरनगर पार पट्टी का यह इलाका अभी भी आर्थिक तंगी से जूझ रहा है।

**सेंचुरी क्षेत्र और रोज़गार की समस्या**

पूर्व विधायक ने ज़ोर देकर कहा कि सेंचुरी क्षेत्र की ज़मीन पर लगाए गए प्रतिबंधों के कारण न तो यहाँ उद्योग-धंधे स्थापित हो पाए हैं और न ही बेहतर शिक्षण संस्थान बन सके हैं। उन्होंने बताया कि लाखों बीघा भूमि बेकार पड़ी है, जिसका उपयोग किसानों और स्थानीय निवासियों के हित में किया जाना चाहिए।

तोमर ने सरकार से चंबल और यमुना नदी से रेत उठवाने की व्यवस्था करने की भी माँग की। उन्होंने तर्क दिया कि इससे एक ओर जहाँ नदियों की सफ़ाई सुनिश्चित होगी, वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों के लिए रोज़गार के अवसर भी पैदा होंगे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में इस इलाके के बड़ी संख्या में नौजवान दिल्ली, मुंबई और अहमदाबाद जैसे बड़े शहरों में मज़दूरी करने के लिए विवश हैं।

**गौशालाओं के बावजूद छुट्टा जानवरों से किसान परेशान**

किसानों की समस्याओं पर बोलते हुए रवीन्द्र सिंह तोमर ने आवारा पशुओं के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि गौशालाएँ होने के बावजूद छुट्टा जानवर आज भी किसानों के लिए एक बड़ी समस्या बने हुए हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि सरकार चाहे तो सेंचुरी की ज़मीन पर एक विशाल 'काउ सफारी' बनवाकर किसानों को इस गंभीर परेशानी से निजात दिला सकती है।

लखनऊ से दिल्ली तक गूँजेगी आंदोलन की आवाज़

पूर्व विधायक ने स्पष्ट चेतावनी दी कि अब चुप बैठना संभव नहीं है। उन्होंने जनता से पूरा सहयोग देने की अपील करते हुए कहा कि यदि जनता उनका साथ देती है, तो एक बड़ा और व्यापक आंदोलन खड़ा किया जाएगा, जिसकी गूँज लखनऊ से लेकर दिल्ली तक सुनाई देगी। बैठक में ज़िलाध्यक्ष क्षेत्रपाल सिंह तोमर, महाबल सिंह चौहान, बालमुकुंद सिंह, राजेश सिंह चौहान बबलू, तेजेंद्र सिंह चौहान, संतोष पाण्डेय और नारायण सिंह भदौरिया सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश के जनपद मीरजापुर में पड़री थाना क्षेत्र स्थित ऊसरहवा गांव के पास रविवार दोपहर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस के मुताबिक, पसैया डगमगपुर निवासी कुश कुमार (29) अपने साले प्रद्युम्न निवासी नुनौटी (थाना चुनार) को आंख का इलाज कराने लोहदी ले गए थे।

इलाज के बाद लौटते समय उन्होंने साले को डगमगपुर चौराहे पर उतार दिया और स्वयं लक्ष्मणपुर की ओर घर लौट रहे थे। तभी ऊसरहवा गांव के पास तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल कुश को परिजन व पुलिस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पड़री ले जाया गया, जहां प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. आनंद कुमार सिंह ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरु कर दी है।

# देश संविधान से चलेगा शरीयत से नहीं- डॉ संजय निषाद

**प्रयागराज।** पूजा एवं प्रार्थना करने का सभी को समान अधिकार है। यदि अशांति फैलाने की कोशिश की गई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी और दोषियों को संविधान में दी गई धाराओं के मुताबिक विधिक कार्रवाई की जाएगी। देश संविधान से चलेगा, शरीयत से नही। यह बात रविवार को प्रयागराज सर्किट हाउस में मीडिया से वार्ता करते हुए प्रदेश सरकार के मत्स्य विभाग के कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद ने कही। उन्होंने कहा कि देश में जब से केन्द्र में मोदी और प्रदेश में योगी सरकार आयी है, उसके बाद से लगातार मछुआरा, निषाद समाज के लोगों की सामाजिक स्थित सुधारने के लिए प्रयास कर रही है।

# सम्पादकीय

## लाइब्रेरी तक लड़कियों की पहुंच अब भी दूर है...

रात का सन्नाटा था और मिट्टी के आँगन में टिमटिमाती लालटेन की रोशनी में सरिता अपनी किताब खोलकर बैठी थी। वह परेशान है क्योंकि उसके पास न तो इससे जुड़ी कोई संदर्भ पुस्तकें हैं और न ही कोई अतिरिक्त सामग्री, न कोई ऐसा स्थान जहाँ वह चैन से पढ़ सके। हालांकि पढ़ाई की ललक उसकी आँखों में साफ नजर आती है, लेकिन साधनों की कमी उसकी राह में बार-बार दीवार खड़ी कर रही है। यह अकेले सिर्फ राजस्थान के नाथवाना गांव की स्थिति नहीं है बल्कि देश के ऐसे कई गांव हैं जहां लड़कियों को शिक्षा के लिए संघर्षों की कई दीवारों को तोड़ना पड़ता है। कुछ लड़कियों के सपने इन दीवारों के अंदर ही टूट जाते हैं। दरअसल, गांव की लड़कियों के लिए शिक्षा सिर्फ.परीक्षा पास करने और डिग्री लेने का साधन नहीं है, बल्कि यह उनके सपनों को आकार देने का जरिया भी है। घर की जिम्मेदारियों के बीच जब वह समय निकालकर पढ़ाई करना चाहती है, तो उसे यह एहसास और गहरा चोट पहुँचाता है कि पास में कोई ऐसी जगह नहीं है जहाँ वह किताबों की दुनिया में डूब सके, क्योंकि जब गाँव में पुस्तकालय नहीं होता, तो लड़कियों की पढ़ाई-लिखाई पर कई स्तरों पर असर पड़ता है। स्कूल की पाठ्यपुस्तकों के अलावा अन्य किताबें या संदर्भ सामग्री तक उसकी पहुँच नहीं बन पाती है। वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी तो करना चाहती है, लेकिन आवश्यक किताबें उपलब्ध न होने से उनकी तैयारियां अधूरी रह जाती हैं। किताबों और ज्ञान की यह कमी उसके आत्मविश्वास को धीरे-धीरे कम कर देती है। इसके अलावा, घर का माहौल हमेशा पढ़ाई के लिए अनुकूल नहीं होता। घरेलू कामों और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच लड़की के पास पढ़ने का शांत समय और स्थान नहीं बचता। ऐसे में एक स्थानीय पुस्तकालय उसका सहारा बन सकता है, जहाँ उसे एक समर्पित जगह और किताबों का संग्रह मिल सकता है। लेकिन जब यह सुविधा नहीं होती, तो उसकी पढ़ाई अक्सर बीच में रुक जाती है। समूह में पढ़ने और चर्चा करने से मिलने वाली प्रेरणा भी ऐसी लड़कियों के जीवन से छूट जाती है। पुस्तकालय न होने का मतलब है कि वह अपने सवाल पूछने, विचार साझा करने और आत्मविश्वास से बोलने के अवसर खो देती है। यही कारण है कि आगे जाकर उच्च शिक्षा या पेशेवर जीवन में कदम रखते समय उसे आत्म-संदेह और सूचना की कमी का सामना करना पड़ता है। सिर्फ सरिता ही नहीं, बल्कि गांव की 21 वर्षीय सुमन की इच्छा थी कि वह नर्स बनकर अपने गाँव की औरतों की मदद करे। लेकिन उसके स्कूल में केवल बुनियादी किताबें थीं और आसपास कोई पुस्तकालय नहीं था। वह विज्ञान की अतिरिक्त किताबें चाहकर भी नहीं खरीद पाती थी। उसने बताया, मुझे अक्सर लगता था कि मैं डॉक्टर या नर्स बनने का सपना देख भी कैसे सकती हूँ, जब मेरे पास उतनी किताबें ही नहीं हैं। उसकी यह पीड़ा इस बात का प्रतीक है कि पढ़ने की सुविधा का अभाव सीधे सपनों को सीमित कर देता है। दूसरी ओर, लूणकरणसर ब्लॉक की नीलम का अनुभव उम्मीद जगाता है। जहां हाल ही में एक पंचायत पुस्तकालय खुला है।

# कुशल कूटनीति से निकलेगा 'अमेरिकी समस्या' का हल



निशिकांत ठाकुर

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 75 वर्ष के हो गए। कहा जाता है कि उम्र जैसे-जैसे बढ़ती है, इंसान उतना ही परिपक्व होता है। अतः हम ईश्वर से यही प्रार्थना करते हैं कि हमारे प्रधानमंत्री दीर्घायु हों, क्योंकि वह व्यक्ति विशेष के नहीं, दल के ही नहीं, हमारे 140 करोड़ से भी अधिक भारतीय के संरक्षक हैं, हमारे देश के गौरव हैं। ऐसा इसलिए भी कि जैसे-जैसे व्यक्ति का कद बड़ा होता जाता है, वह समाज की नजरों में चुभने लगता है; क्योंकि वह समाज से, आम जनता से कटता जाता है। लेकिन, हमारे प्रधानमंत्री एक सामान्य परिवार में जन्म लेने के बावजूद आज विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के सर्वश्रेष्ठ नेताओं में एक हैं। यह बहुत बड़ी बात होती है, ऐसा इसलिए भी हुआ है, क्योंकि हमारे संविधान निमार्ता उद्भट विद्वान और दूरदृष्टा थे। यह उनकी दूरदृष्टि ही थी कि उन्होंने यह सोचा कि यदि समाज के हर व्यक्ति को सामान्य अधिकारों से वंचित रखा गया तो लोकतंत्र और औपनिवेशक शासन में कोई फर्क कहों रह जाएगा?

यह लोकतंत्र है और समाज के सभी वर्ग को बोलने और लिखने—पढ़ने की स्वतंत्रता है, लेकिन आपमें से ही कोई व्यक्ति बड़ा हो जाए, तो ईर्ष्यावश उसके कई आलोचक हो जाते हैं। लेकिन, निश्चित मानिए उस व्यक्ति में कुछ न कुछ मेधा है, वह किसी न किसी रूप में अपने पीछे चलने को मजबूर कर देता है, जिसके कारण हम उसके आलोचक हो जाते हैं। यह हमारी विशेषता है कि हम उसके द्वारा किए गए कार्यों पर नजर रखते है और यदि वह पथ—विमुख हो जाता है तो फिर हम उसे सही रास्ते पर आने के लिए बाध्य करते हैं। यह प्रायः विश्व के सभी देशों में होता है और जो सत्ता की सबसे ऊंची कुर्सी पर बैठा होता है, वह एक तरह से तलवार की धार पर ही बैठा रहता है।

अब आइए, अपने भारत की चर्चा करते हैं। भारत के समक्ष अब विषम परिस्थिति उत्पन्न हो गई है। पहला तो यह हुआ कि जिस प्रकार हम वर्ष 1962 से पहले 'हिंदी-चीनी भाई-भाई' का नारा देते नहीं अघाते थे, ठीक उसी तरह की मित्रता का हनन अमेरिका ने किया है। दूसरी बात जो अभी घर-घर में चर्चा का विषय बनी हुई है, वह यह कि चुनाव में हुई 'कथित धांधली', जिसके लिए विपक्षी दलों का कहनो है कि उनके लिए किए मतदान को चुरा लियो गया है और यह कृत्य भारतीय जनता पार्टी के लिए चुनाव आयोग ने किया है। अब सच तो तभी सामने आएगा, जब एक निष्पक्ष एजेंसी द्वारा इस आरोप की जांचे कराई जाए। विपक्ष का बड़ा आरोप यह भी है कि चुनाव आयोग ने अपनी जानकारी में वोट चोरी करवाई है, जिसका उत्तर चुनाव आयोग को अवश्य देना चाहिए। ऐसा कभी नहीं सकता कि हम चुनाव आयोग पर आरोप—दर—आरोप लगाते जाएं और वह न केवल चुप रहे, बल्कि इस बात को लेकर सत्तारूढ़ दल में खलबली मच जाए और वह

**देशवासी और कम से कम भारतीय सामान्य जनता तो यही समझती है कि सरकार की विदेश नीति की विफलता की वजह से इन संकटों का सामना पूरे देश को करना पड़ रहा है**

चुनाव आयोग की वकालत करने लग जाए। आजकल ऐसा ही हो रहा है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि आखिर क्यों? भारत में चुनाव आयोग पर विपक्षी दलों के सबसे बड़े नेता सप्रमाण आरोप लगा रहे हों, तो न्याय तो यही कहता है कि सत्य और असत्य का फैसला तो निष्पक्ष जांच एजेंसियों की जांच के बाद ही सामने आ सकता है। यदि समाज को उलझाने के उद्देश्य से ऐसा किया गया है या फिर झूठ और छल का सहारा लेकर नेता प्रतिपक्ष की ओर से असत्य कागजात सार्वजनिक रूप से दिखाए गए हैं, तो निश्चित रूप में चुनाव आयोग को न्याय का सहारा लेना ही चाहिए। अभी वोट चोरी पर तो राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की बिहार यात्रा के बाद माहौल एकदम गर्म है। यह गर्मी उस वक्त परवान चढ़ेगी जब पूरे देश में विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआईआर) कराई जाएगी। वैसे सरकार में बैठे उच्च पदस्थ राजनेता और अधिकारी तथा चुनाव आयोग हर प्रकार से इसकी काट निकलने के लिए कटिबद्ध होंगे, लेकिन असली मुद्दा और तथ्य तो जनता के समक्ष आने ही चाहिए।

अब जो एक दूसरा गंभीर संकट देश पर आ गया है, उस पर भी सरकार को तत्काल कूटनीतिक कदम उठाने की जरूरत है। अमेरिका-भारत के बीच टैरिफ को लेकर उठापटक के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नए नियमों को मंजूरी दे दी है। अब नौकरी करने के लिए अमेरिका जाना भारतीयों के लिए खासा कठिन हो गया है, क्योंकि अब एच-1बी वीजा के लिए एक लाख डॉलर यानी लगभग 88 लाख रुपये देने होंगे। उस पर भी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फरमान जारी कर दिया है कि एच-1बी वीजाधारकों को 24 घंटों के अंदर अंदर वापस स्वदेश भी लौट जाना है। इस अमेरिकी तानाशाही के कारण लाखों भारतीयों को वापसे भारत लौटना पड़ेगा। ऐसी स्थिति में भारत क्या करे? यह तो बिल्कुल भारत-चीन वाली स्थिति हो गई जिसके कारण हम 1962 में चीन से जंग हारे चुके हैं। अब बारी अमरीका की है कि भारत इस टैरिफ और एच-1बी वीजा के संकट से कैसे उबरे। क्या हमारी दोस्ती केवल दिखावा थी अथवा हम अमेरिकी चाल को समझ नहीं सके! हमारे विदेश मंत्री खुद को विदेशी मामलों के विशेषज्ञ मानते रहे हैं या फिर कहिए ऐसा डंका पीटते रहे हैं, उसके बावजूद अमेरिका की ऐसी धूर्तता को नहीं समझ पाना, कुछ हजम नहीं होता? जो भी हो, यदि अमेरिका ने अपनी इन दोनों नीतियों को वापस नहीं लिया, तो फिर अमेरिका से एच-1बी वीजा धारकों को बैरंग स्वदेश वापस लौटना पड़ेगा। जब से टैरिफ बढ़ने की बात शुरू हुई है, अपने देश की कई कंपनियां भी बंद होने के कगारे पर हैं। अब यदि दूसरा नियम एच-1बी वीजो भी लागू हो गया, तो यह बात कल्पना से बाहर हो जाएगी कि भारत में बेरोजगारी की दर क्या और कितनी हो जाएगी और रोजगार के कितने केंद्रों के दरवाजे बंद हो जाएंगे। हमें किसी न किसी तरह अमेरिकी नियमों का सामनो कूटनीतिक काट से ही करना हैं, अन्यथा इस तरह के उद्योग भारत को स्वयं विकसित करने होंगे, ताकि ऐसे अनुभवी लोगों को देश में ही रहकर इसके विकास में योगदान देने को अवसर मिले।

देशवासी और कम से कम भारतीय सामान्य जनता तो यही समझती है कि सरकार की विदेश नीति की विफलता की वजह से इन संकटों का सामना पूरे देश को करना पड़ रहा है। देश में चाहे कुछ भी हो जाए, सामान्य जनता की नजर में यदि अच्छाई का कोई हकदार होता है, तो निश्चित रूप से इन संकटों से बाहर निकालने का काम भी उसी के जिम्मे होता है। देश के किसी भी प्रकार की सफलता का श्रेय यदि प्रधानमंत्री को ही हम देते हैं, तो जो हमारी विदेश नीति की विफलता के कारण हो रहा है, इसका दोष भी उन्हीं के मत्थे मढ़ा जाएगा। आप किसी भी तरह से अपने को देश की इस संकट से अलग नहीं कर सकते। यदि विश्व में किसी देश के साथ हमारे संबंध अच्छे हुए हैं, तो इसका भी श्रेय उन्हीं को जाता है, जो सत्ता के शिखर पर बैठे हैं। इस ऐतिहासिक बातों को भूल जाने की जरूरत है जिनके कारण हमारे अड़ोस पड़ोस के विभिन्न देशों के साथ—साथ अमेरिका से संबंध बिगड़ा है। इन आसन्न समस्याओं का समाधान तो सरकार को ही निकालना होगा। इसलिए समय की मांग है कि फिलहाल किसी न किसी तरह अमेरिकी नीतियों को भारत में लागू होने से पहले रोका जाए, अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब बेरोजगारी से भरे भारत में और लाखों बेरोजगार भर जाएंगे। जरा कल्पना करें कि तब कैसी स्थिति होगी जब सरकार की विफलता के भयावह परिदृश्य सामने आने लगेंगे।

# ओबीसी और ईबीसी वोटों की लामवंदी की कवायद

-कुमार कृष्णन-

पिछले 20 सालों में जो नीतीश की खूंटा गाड़ राजनीति में पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग काफी अहम रहे हैं। राहुल गांधी भी अपनी यात्रा के दौरान इसी वर्ग को साधने की कोशिश की है। पर नीतीश राजनीति के माहिर खिलाड़ी माने जाते हैं। बिहार में सत्ता की चाबी ओबीसी और ईबीसी के हाथों में ही मानी जाती है। बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए अपने अभियान की शुरूआत करते हुए कांग्रेस ने तथाकथित वोट चोरी, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और बढ़ते आर्थिक संकट को लेकर भाजपा पर चौतरफा हमला बोला और कहा कि आगामी चुनाव सरकार के भ्रष्ट शासन के अंत की शुरूआत का प्रतीक होंगे।

विपक्षी दल ने विदेश नीति को लेकर भी केंद्र की आलोचना की और आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलिंगनात्मक नीति उल्टी पड़ गई है, जिससे भारत कूटनीतिक रूप से अलग-थलग पड़ गया है और अपने राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित रखने में असमर्थ हो गया है। पटना स्थित पार्टी के सदाकत आश्रम मुख्यालय में कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में किया गया। यह स्वतंत्रता के बाद बिहार में पार्टी की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था की पहली बैठक थी।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में हुई सीडब्ल्यूसी की बैठक में दो प्रस्ताव पारित किए गए – एक राजनीतिक और दूसरा बिहार के मतदाताओं से अपील। बैठक में पूर्व पार्टी प्रमुख राहुल गांधी, कोषाध्यक्ष अजय माकन, महासचिव केसी वेणुगोपाल, सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव, जयराम रमेश और सचिन पायलट तथा बिहार कांग्रेस प्रमुख राजेश कुमार सहित अन्य लोग शामिल हुए।

अपने उद्घाटन भाषण में खड़गे ने कहा कि भाजपा ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को मानसिक रूप से सेवानिवृत्त कर दिया है और उन्हें बोझ समझती है। उन्होंने दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव केंद्र में मोदी सरकार के भ्रष्ट शासन के अंत की शुरूआत होगी।

उन्होंने वोट चोरी, आर्थिक मंदी, बेरोजगारी, सामाजिक ध्रुवीकरण और स्वायत्त संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बनाने और कमजोर करने जैसे कई मुद्दों पर भाजपा पर सीधा हमला बोला। खड़गे ने कहा कि विभिन्न राज्यों से प्राप्त खुलासों पर सवालों के जवाब देने के बजाय, चुनाव आयोग हमसे हलफनामे की मांग कर रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का जिक्र करते हुए कहा कि बिहार की तर्ज पर अब पूरे देश में लाखों लोगों के वोट हटाने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि वोट चोरी का मतलब दलितों, आदिवासियों, पिछड़े वर्गों, अत्यंत पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यकों, कमजोरों और गरीबों के राशन, पेंशन, दवा, बच्चों की छात्रवृत्ति और परीक्षा शुल्क की चोरी है। बिहार पर ध्यान केंद्रित करते हुए खड़गे ने कहा, एनडीए गठबंधन के भीतर आंतरिक कलह अब खुले तौर पर दिखाई दे रही है। नीतीश कुमार को भाजपा ने मानसिक रूप से रिटायर कर दिया है। भाजपा अब उन्हें एक बोझ मानती है। उन्होंने कहा, 2025 का विधानसभा चुनाव न केवल बिहार के लिए बल्कि पूरे देश के लिए मील का पत्थर साबित होगा। यह मोदी सरकार के भ्रष्ट शासन की उल्टी गिनती और अंत की शुरूआत होगी। कांग्रेस ने बिहार में वोट चोरी और मतदाता सूची के एसआईआर मुद्दे को लेकर मोदी सरकार और चुनाव आयोग पर अपना हमला तेज कर दिया। अपने राजनीतिक प्रस्ताव में, सीडब्ल्यूसी ने कहा कि चुराए गए जनादेशों और धांधली वाली मतदाता सूचियों पर बनी सरकार की कोई नैतिक या राजनीतिक वैधता नहीं है, और दावा किया कि एसआईआर की साजिश भाजपा के टूल किट से एक और गंदी चाल थी, ताकि सत्ता पर काबिज रहने के लिए मतदाता सूचियों में हेरफेर किया जा सके।

बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने कहा कि अगले एक महीने में गांधी वोट चोरी पर और खुलासे करेंगे जो हाइड्रोजन बम, मिनी हाइड्रोजन बम, यूरेनियम बम और प्लूटोनियम बम के समान होंगे। उन्होंने कहा, यह तो बस शुरूआत है। कर्नाटक में महादेवपुरा और अलंद से संबंधित खुलासे तो बस शुरूआत हैं, और इस प्रस्ताव में वोट चुराने के अभियान की एक लंबी कहानी है। उन्होंने कहा कि वोट चोरी के खिलाफ 5 करोड़ हस्ताक्षर एकत्र करने का अभियान 15 सितंबर से शुरू किया गया है और यह 15 अक्टूबर तक जारी रहेगा तथा ये 5 करोड़ हस्ताक्षर चुनाव आयोग को सौंपे जाएंगे। राजनीतिक प्रस्ताव में कांग्रेस कार्यसमिति ने कहा कि भारत का चुनाव आयोग, जो लंबे समय से हमारे जीवंत लोकतंत्र की आधारशिला रहा है, उसे सरकार का गुलाम मुखपत्र बना दिया गया है। प्रस्ताव में कहा गया, वोट चोरी और मतदाता सूची में अनियमितताओं ने हमारे लोकतंत्र की बुनियाद में जनता के विश्वास को हिला दिया है। कांग्रेस कार्यसमिति ने बेशर्मी से वोट चोरी का पदार्फाश करने और लोकतंत्र को तहस-नहस करने के इन बेशर्म प्रयासों का बहादुरी से मुकाबला करने के लिए राहुल गांधी को सलाम करने का संकल्प लिया।

प्रस्ताव में कहा गया है, यह भाजपा के लिए निर्वाचित बहुमत बनाने के लिए इस्तेमाल की गई व्यवस्थित और जानबूझकर की गई साजिश को उजागर करता है। चुराए गए जनादेश और धांधली वाली मतदाता सूचियों पर बनी सरकार की कोई नैतिक या राजनीतिक वैधता नहीं है। बिहार के मतदाताओं से अपनी अपील में कांग्रेस कार्यसमिति ने लोगों से अपने वोट की ताकत पहचानने का आग्रह किया। कांग्रेस कार्यसमिति ने घोषणा की कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की साजिश आज हमारे लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा है। कार्यसमिति ने कहा, जैसा कि बिहार में स्पष्ट है, इस प्रक्रिया को दलितों, ओबीसी, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों जैसे हाशिए पर रहने वाले समुदायों के नागरिकों से उनके वोट के अधिकार को व्यवस्थित रूप से छीनने के लिए तैयार किया गया है। इसमें कहा गया है, मतदान के अधिकार पर हमले के माध्यम से यह वंचितता सरकारी कल्याणकारी योजनाओं में उनके अधिकारों के साथ-साथ संवैधानिक रूप से गारंटीकृत आरक्षण को भी छीन लेगी। जब लोगों का वोट चुराया जाता है, तो उसके साथ उनका भविष्य, उनकी गरिमा और उनके संवैधानिक अधिकार भी छीन लिए जाते हैं। बिहार में एनडीए सरकार को नोट चोर करार देते हुए कांग्रेस ने यह भी कहा कि भ्रष्टाचार और अपराध राज्य में तथाकथित डबल इंजन सरकार के दो असली इंजन साबित हुए हैं। इस बीच बीच, कांग्रेस नेताओं ने तेजस्वी यादव को महागठबंधन का मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करने में पार्टी की कथित अनिच्छा से जुड़े सवालों को टाल दिया। हालाँकि, पार्टी नेता पवन खेड़ा ने कहा कि जब आसमान में सूरज चमक रहा हो, तो घोषणा करने की जरूरत नहीं होती, और सचिन पायलट ने जोर देकर कहा कि सभी फैसले सही समय पर लिए जाएँगे।

अपने राजनीतिक प्रस्ताव में सीडब्ल्यूसी ने कहा कि वह भारत की विदेश नीति के पतन से बेहद चिंतित है। बिहार में, गांधी ने बिहार के संख्यात्मक रूप से शक्तिशाली अत्यंत पिछड़े वर्गों (ईबीसी) तक भी पहुंच बनाई, तथा अन्य बातों के अलावा, वादा किया कि यदि राज्य में इंडिया ब्लॉक सत्ता में आया तो एससी/एसटी अधिनियम की तर्ज पर अत्याचारों के खिलाफ सुरक्षा के लिए एक कानून बनाया जाएगा।

विधानसभा चुनावों की घोषणा से कुछ दिन पहले गांधी ने अति पिछड़ा न्याय संकल्प नामक एक कार्यक्रम में ईबीसी तक आक्रामक पहुंच बनायी। कांग्रेस सहित विपक्षी गठबंधन ने एक बड़ी लकीर खींच दी है।

# विशेष

## सड़क पर कफन बुनती सफेद लाइट

-डॉ. सत्यवान सौरभ-

रात का सफर हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है। अंधेरा, धुंध, बारिश-ये सभी कारक सड़क पर जोखिम बढ़ाते हैं। लेकिन आज एक नया और अनदेखा खतरा हमारी सड़कों पर फैल रहा है-वाहनों की तेज सफेद हेडलाइट्स। यह चमक केवल आँखों को चुभती नहीं, बल्कि कई बार सड़क हादसों का कारण बनती है। भारत में हर साल लगभग डेढ़ लाख लोग सड़क हादसों में अपनी जान गंवाते हैं और लाखों लोग घायल होते हैं। इनमें से बड़ी संख्या रात के समय होती है। सड़क सुरक्षा विशेषज्ञ मानते हैं कि इन हादसों में सफेद हेडलाइट्स की तेज चमक की बड़ी भूमिका होती है। यह केवल तकनीकी समस्या नहीं है। यह परिवारों की टूटन, बच्चों की बेबसी और मात-पिता की पीड़ा का कारण बनती है। सफेद हेडलाइट्स की रोशनी पारंपरिक पीली रोशनी की तुलना में कहीं अधिक तेज होती है। इंसान की आँखें नीली-सफेद रोशनी के प्रति संवेदनशील होती हैं। जब यह तेज रोशनी सीधे सामने से आती है, तो चालक और पैदल यात्री दोनों कुछ सेकंड के लिए अंधे हो जाते हैं। इसी पल में हादसा हो जाता है। बाइक सवार गिर जाते हैं, ट्रक या बस चालक वाहन पर नियंत्रण खो देते हैं और पैदल यात्री जीवन-मृत्यु की स्थिति में फँस जाते हैं। बुजुर्ग और बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं, क्योंकि उनकी आँखें पहले से संवेदनशील होती हैं।

सड़क हादसा केवल व्यक्तिगत त्रासदी नहीं है। यह पूरे परिवार की ज़िंदगी बदल देता है। बच्चे अपने माता-पिता से दूर हो जाते हैं, माता-पिता अपने बच्चों को खो देते हैं। कई परिवार हमेशा के लिए अधूरे हो जाते हैं। हादसों का आर्थिक प्रभाव भी बहुत बड़ा है। सड़क हादसों की वजह से हर साल भारत को जीडीपी का लगभग तीन प्रतिशत नुकसान होता है। यह केवल व्यक्तिगत नुकसान नहीं है; यह देश की अर्थव्यवस्था के लिए भी गंभीर खतरा है। दुनिया के कई विकसित देशों ने इस समस्या को पहले ही समझ लिया था। यूरोप, जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में हेडलाइट्स की चमक और रंग पर सख़्त नियम हैं। वहां पीली हेडलाइट्स को प्राथमिकता दी जाती है। यह केवल आँखों के लिए सुरक्षित नहीं है, बल्कि बारिश और धुंध में सड़क भी स्पष्ट दिखाई देती है। भारत में नियम मौजूद हैं, लेकिन उनका पालन ढीला है। वाहन निमार्ता गाड़ियों में चमकदार हेडलाइट्स लगाते हैं और आम लोग अक्सर इस खतरे के प्रति जागरूक नहीं होते।

भारत में समस्या को और बढ़ाने वाले कारण हैं-अनियंत्रित आफ्टर-मार्केट फिटिंग, यानी लोग बिना सोचे-समझे एलईडी हेडलाइट्स लगवा लेते हैं; कानून का पालन न होना और सड़क सुरक्षा की अनदेखी; जागरूकता की कमी, जहां अधिकतर लोग नहीं जानते कि उनकी सफेद हेडलाइट दूसरों के लिए खतरा बन सकती है।

इस समस्या का समाधान मुश्किल नहीं है। जरूरत है कि सरकार, वाहन निमार्ता और आम लोग मिलकर काम करें। सरकार को हेडलाइट्स की चमक और रंग (कलर टेम्परेचर) पर स्पष्ट मानक तय करने होंगे। 4300ङ से अधिक कलर टेम्परेचर वाली सफेद हेडलाइट्स पर रोक लगानी चाहिए। सड़क परिवहन विभाग को नियमित जांच और सख़्त कार्रवाई करनी होगी। वाहन निमार्ता डिफॉल्ट रूप से सुरक्षित और पीली हेडलाइट्स लगाएँ और ब्राइटनेस के बजाय सुरक्षा को प्राथमिकता दें।

साथ ही, जागरूकता अभियान बहुत जरूरी हैं। जनजन गुप्ता जैसे अभियान राष्ट्रीय स्तर पर फैलाए जाएँ। टीवी, रेडियो और सोशल मीडिया पर ह्लपीली हेडलाइट लगाओ-ज़िंदगी बचाओह्व जैसे संदेश व्यापक रूप से साझा किए जाएँ। आम लोग खुद पहल करें, अपनी गाड़ी की हेडलाइट सुरक्षित बनाएं और अपने परिवार व मित्रों को भी जागरूक करें।

जनजन गुप्ता अभियान का संदेश सीधा और असरदार है-सफेद चमक नहीं, पीली दोस्ती चाहिए। यह केवल नारा नहीं है, बल्कि एक आंदोलन है। यदि हम सब मिलकर इसे अपनाएँ, तो सड़कें सुरक्षित होंगी, परिवार हादसों से बचेंगे और रात का सफर डर-मुक्त होगा। सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन करना नहीं है, यह मानव जीवन की रक्षा का सवाल है। सफेद हेडलाइट जैसी छोटी चीज भी बड़े पैमाने पर मौत और दर्द का कारण बन सकती है। हर हादसा सिर्फ.एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे समाज की त्रासदी है।

# अपने देश की अच्छाई का प्रचार करना भी राष्ट्रधर्म है

-कांतिलाल मांडोत-

जिस प्रकार आकाश को बाहों में नहीं समेटा जा सकता, उसी प्रकार धर्म को भी किसी सीमा में बाँधने का प्रयास करना उसकी ऊँचाई को बौना और उसके विस्तार को संकुचित करने का असफल प्रयास ही होगा। यही कारण है कि धर्म के भव्य और असीम स्वरूप को सीमाओं में नहीं बाँधा जा सका। धर्म आकाश की तरह अनंत है। तप, त्याग, सेवा ये सब धर्म के ही रूप हैं। इनका विभाजन कैसे किया जा सकता है?घर, परिवार, राष्ट्र हेतु प्रत्येक मनुष्य के अपने कर्त्तव्य हैं। राष्ट्र पर संकट आने पर उसके लिए जनता में जागृति पैदा करना, तन-मन-धन का त्याग करना और वृद्ध, असहाय, अपाहिजों की सेवा करना राष्ट्रधर्म की श्रेणी में रखा जा सकता है। जहाँ अपनत्व है, एक व्यक्ति दूसरे के दुःख-दर्द को अपना मानकर उसके लिए त्याग करने को तत्पर हो जाता है, हजारों मील दूर की मिट्टी को अपनी मानकर उसकी रक्षा हेतु उठ खड़ा होता है, यही राष्ट्रधर्म है। विश्वधर्म के भाव रखने वाला मानव राष्ट्रधर्म के पथ से ही आगे बढ़ता है। अपने देश की सभ्यता एवं संस्कृति का सम्मान अपने राष्ट्र का सम्मान है। अतः जो मेरे राष्ट्र में अच्छा है, उसका अधिक-से-अधिक प्रचार एवं प्रसार हो, ऐसी भावना हर व्यक्ति में होनी चाहिए। आज हम देख रहे है कि देश मे विरोधी हवा चल रही है। देश का विकास, देश की ख्याति और देश की तरक्की के अनेक दल और अनेक लोग विरोधी है। उन्हें देश का विकास नही पछता है। वे देश के विकसित लक्ष्य को ठुकरा रहे है। उनके विचार और उनकी भावना उजागर हो चुकी है। यह दोगलिनीति रास्ट्रभक्ति नही है, बल्कि पक्ष भक्ति है। सत्ता हथियाने के लिए कुतर्क का सहारा ले रहे है।

अपने देश की अच्छाई का प्रचार करना भी राष्ट्रधर्म है। आजादी के बाद इस देश की स्थिति हमारे समक्ष है। अभी हर क्षेत्र में उन्नति हो रही है। महानगरों में साठ-साठ मंजिलों की इमारतें बन रही हैं। बड़े-बड़े जहाजों तथा उपग्रहों का निर्माण हो रहा है। भव्य अट्टालिकाओं के बोझ से महानगरों की भूमि दबी जा रही है। दूसरी ओर उन्हीं नगरों में बसी झुग्गी-झोंपड़ियों की जगह सरकार मकान दे रही है। हमारे देश के शासक और सरकार आजादी के बाद गरीबी हटाने एवं समाजवाद लाने की बातें करती रही थी। यह समाजवाद का भाव एक तरह से गरीब और अमीर के मध्य पैदा किया जाने वाला सामंजस्यवाद ही था। क्रान्ति कोई वसंत ऋतु की बहार नहीं होती, जो चमन में सुमन खिला देती है। यह जब उठती है, तब महलों की नींवें हिल जाती हैं। भगवान महावीर के युग में समाज के एक बड़े वर्ग को शोषित एवं पीड़ित समझकर उन्होंने उचित कदम उठाने की बात कही थी। जैनधर्म में वर्गवाद एवं जातिवाद का कोई स्थान नहीं है। जैन कोई जाति नहीं, बल्कि धर्म है। मगर आज वह जाति के रूप में देखा जा रहा है।

**भगवान महावीर बड़े दूरदर्शी थे। वे जानते थे कि जातिवाद का जहर जिस राष्ट्र में घुल जाता है, वह राष्ट्र कमजोर हो जाता है। वे आदमी को आदमी के रूप में देखना चाहते थे। ऐसा आदमी जिसमें प्रेम, दया, करुणा, स्नेह, सौहार्द, त्याग एवं सहकार की भावना कूट-कूटकर भरी हो। कहाँ चला गया हमारा राष्ट्रधर्म? जिस राष्ट्र के लिए हम जीने-मरने की कसमें खाया करते थे।**

भगवान महावीर बड़े दूरदर्शी थे। वे जानते थे कि जातिवाद का जहर जिस राष्ट्र में घुल जाता है, वह राष्ट्र कमजोर हो जाता है। वे आदमी को आदमी के रूप में देखना चाहते थे। ऐसा आदमी जिसमें प्रेम, दया, करुणा, स्नेह, सौहार्द, त्याग एवं सहकार की भावना कूट-कूटकर भरी हो। कहाँ चला गया हमारा राष्ट्रधर्म? जिस राष्ट्र के लिए हम जीने-मरने की कसमें खाया करते थे। बड़े-बड़े नेताओं को आदर्श मानकर उनके चित्र घरों में टाँगते थे। आज क्या हो गया है? नेताओं के कुर्सी से उतरते ही चित्र भी उतर जाते हैं। आज पटेल, सुभाष जैसे जन-नेता को हर कोई याद करता है।

एक व्यक्ति के पेट में दर्द होने लगा। वह चिकित्सक के पास गया तो उसने एक गोली दे दी। थोड़ी देर बाद एक वैद्य के पास गया तो वैद्य जी ने उसे चूर्ण दे दिया। रास्ते में हकीम साहब का घर दिखाई दिया। वहाँ पहुँचा तो उन्होंने दवा का घोल पिला दिया। घर आकर माँ से कहा तो उसने अजवायन खिला दी। आधे घण्टे में चार तरह की चिकित्सा ले ली।

पेट पहले से ही अधिक भरा होने के कारण पीड़ा दे रहा था। उसमें थोड़े-से अन्तराल में चार दवाएँ पहुँच गई। अब वे चारों दवाएँ आपस में लड़ने लगीं कि पेट का दर्द मैं ठीक करूँगी, मैं ठीक करूँगी। यह वही बात हो गई कि ज्यों-ज्यों दवा करते गये, त्यों-त्यों रोग बढ़ता ही गया।

आज इस देश की स्थिति भी ठीक उस रोगी के पेट जैसी है। धन और पद का दुरुपयोग करके अपना दल बना लेता है और घोषणा करता है कि इस देश की पीड़ा मैं दूर करूँगा, मैं दूर करूँगा। आजादी के बाद आज भारत उसी दलदल में फँसा हुआ था। रोगी रोग के लिए कराह रहा है। इसका वास्तविक जिम्मेदार कौन है? प्रत्येक नागरिक को अपने कर्त्तव्य जानने होंगे!

यह देश तभी उन्नति कर सकेगा, जब शासक और प्रशासक अपने राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व का पूर्ण ईमानदारी से निर्वाह करेंगे। विमान हो या बस, उसे चलाने के लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है तो क्या देश चलाने वालों को प्रशिक्षित करने की जरूरत नहीं? सत्ता पक्ष में बैठने पर नेता अलग बात करें और विपक्ष में बैठने पर अलग, यह ठीक नहीं है। आप किसी भी क्षेत्र में काम करें, राष्ट्र-भावना सदैव विद्यमान रहनी चाहिए। विरोध-प्रदर्शन अनुचित नहीं है।

मगर जिससे देश कमजोर हो, ऐसा कदम कभी न उठायें। जापान में विरोध-प्रदर्शन के समय कर्मचारी हाथ पर काली पट्टी बाँधकर नियमित श्रम से अधिक श्रम करते हैं। लेकिन भारत में हिंसा, तोड़फोड़, बन्द एवं हड़तालें की जाती हैं। संसद में विपक्षी दल भी यही करता है। यह रास्ता राष्ट्र को उन्नति के बजाय अवनति की ओर ले जाता है।

प्रत्येक माता-पिता, गुरु-शिक्षक सभी को अपने बच्चों एवं शिष्यों को राष्ट्रधर्म के मूल तथ्यों से परिचित कराना चाहिए कि वे देश के सभी नागरिकों को अपना भाई समझें। उनके सुख-दुःख को अपना मानकर सहयोग करें। स्वतंत्रता का महत्त्व बताते हुए समझायें कि कैसे हमने यह स्वतंत्रता प्राप्त की है। देशभक्तों ने कितने कष्ट सहे, कितनों ने अपने प्राणों का बलिदान किया। आज हम संकल्प करें कि उनका बलिदान कभी व्यर्थ नहीं होने देंगे।

राष्ट्र सुरक्षित है तो महापुरुषों की वाणियाँ सुरक्षित रहेंगी। हमारी सभ्यता एवं संस्कृति की ज्योति मानवता का अक्षय आलोक बिखेरकर राष्ट्र के भविष्य को ज्योतिर्मय करेगी।

स्वामीः गायत्री मीडिया, मुद्रकः रजनी कुमारी, प्रकाशक व संपादकः शैलेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रैस, डी-85, नोएडा, सेक्टर-6, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश से मुद्रित कराकर कार्यालय, बी-102, पांडव नगर, नियर एमसीडी स्कूल, नई दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी विवादों के न्याय क्षेत्र दिल्ली न्यायालय में होगा। RNI No-DELHIN/2017/75336 (M) 9818087861

# स्वच्छता ही सेवा 2025 : अमरोहा में निकली प्लास्टिक उन्मूलन रैली




**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** नगर पालिका परिषद द्वारा ÷स्वच्छता ही सेवा 2025÷ स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत रविवार को प्लास्टिक उन्मूलन अभियान रैली निकाली गई। यह रैली टाउन हॉल से शुरू होकर नगर के प्रमुख बाजारों और मार्गों से होते हुए नगर पालिका परिसर में संपन्न हुई। रैली का नेतृत्व नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती शशि जैन और उप नगर आयुक्त डॉ. बृजेश कुमार ने किया। इस दौरान पालिका के अधिकारी-कर्मचारी, आईटीसी मिशन सुनहरा कल के पदाधिकारी और अन्य लोग हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर चल रहे थे। दुकानदारों और नागरिकों को पॉलिथीन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया तथा जूट और कपड़े के थैले अपनाने की अपील की गई।

कई स्थानों पर कपड़े के थैले उपहार स्वरूप भी बांटे गए। पालिका अध्यक्ष और उप नगर आयुक्त ने दूध, दही, घी आदि बेचने वाले डेयरी संचालकों और मेडिकल स्टोर संचालकों को चेतावनी दी कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक पॉलिथीन का प्रयोग बंद करें और इसके स्थान पर कपड़े या कागज़ के थैलों का उपयोग करें। आदेश का पालन न करने वालों पर जुर्माना, सामग्री की जब्ती और लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका ने यह भी स्पष्ट किया कि दैनिक रूप से इस पर निगरानी रखी जाएगी और खाद्य सुरक्षा विभाग को पत्र लिखकर डेयरी संचालकों के लाइसेंस में शर्त जोड़े जाने का अनुरोध किया जाएगा।

# स्योहारा में धूमधाम और उल्लासपूर्वक निकली श्रीराम बारात शोभायात्रा

*** रानी कामिनी सिंह और कुंवर पृथ्वीराज सिंह ने बड़ी रियासत में किया स्वागत**

*** तेजतर्रार थाना प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र सिंह पूरी टीम के साथ सुरक्षा व्यवस्था में रहे मुस्तैद**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर में परंपरागत रूप से इस वर्ष भी श्रीराम बारात शोभायात्रा धूमधाम और भव्यता के साथ निकाली गई। रामलीला मैदान में 20 सितंबर से 4 अक्टूबर तक आयोजित हो रही रामलीला के अंतर्गत शनिवार 27 सितंबर को यह शोभायात्रा निकाली गई। रामलीला मैदान से प्रारंभ हुई श्रीराम बारात में 21 बग्गियां और 25 आकर्षक झांकियां शामिल थीं। इनमें समसानी बाबा की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए बड़ी रियासत पहुंची, जहां कमेटी के संरक्षक कुंवर पृथ्वीराज सिंह एवं उनकी माता रानी कामिनी सिंह ने बारात का गर्मजोशी से स्वागत किया।आरसीपी रोड पर प्रियांशु प्रजापति, सब्जी मंडी में दुकानदारों ने, बड़ा बाजार में व्यापारी नेता अरुण कुमार वर्मा, संजय जैन व राजपाल प्रजापति तथा मुरादाबाद रोड पर भी व्यापारियों ने बारात का अभिनंदन किया। राम बारात में नगर के गणमान्य लोग–रजत रस्तौगी उर्फ शैंकी रस्तौगी, मोंटी बंसल, अमित कुमार शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज राणा, पूर्व मंडल अध्यक्ष नेपाल सिंह, डॉ. भूपेंद्र सैनी, अमित कुमार वर्मा, प्रकाश तोमर, पिंटू प्रजापति, सुनील कुमार शर्मा, पप्पू पंडित, महेंद्र कुमार शर्मा, रवि आदि–समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।पूरे कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र सिंह अपनी टीम–कस्बा इंचार्ज उपनिरीक्षक हरिओम सिंह, उपनिरीक्षक भारत सिंह सहित–के साथ सुरक्षा व्यवस्था बनाए रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजवीर त्यागी ने तथा संचालन राजपाल प्रजापति ने किया। रामलीला मैदान पहुंचकर शोभायात्रा का समापन हुआ।

# पूर्व विधायक हरपाल सिंह के साथ हुई अभद्रता को लेकर की निंदा



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** रविवार को नगर के मोहल्ला सुभाष नगर स्थित जाटव धर्मशाला पर पूर्व सीनियर मार्केटिंग इंस्पेक्टर नानक सिंह की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति समाज की एक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक के दौरान बीते दिनों नगर पालिका परिषद गजरौला में बोर्ड की बैठक के दौरान पूर्व विधायक हरपाल सिंह के साथ हुई मारपीट व अभद्रता की निंदा कर विरोध किया गया। व पूर्व विधायक हरपाल सिंह के साथ मारपीट व अभद्रता करने वाले आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की गई। बैठक में मौजूद सभी वक्ताओं ने समाज की एकजुट की बात रखी और आगे की रणनीति पर विचार किया गया। साथ ही अनुसूचित जाति/जनजाति महासभा के द्वारा इसी संबंध में सोमवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन देने की भी बात कही गई। इस अवसर पर राजेंद्र सिंह, सतीश सिंह, जितेश कुमार, हरिओम सिंह, दिलीप सिंह, रोहतास सिंह, मिंटू सिंह, मदनपाल सिंह, जितेंद्र सिंह, सोनू सिंह, पवन कुमार, आनन्द कुमार, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

# अब्बासी सोसाइटी का सदस्यता अभियान शुरू होगा नई कार्यकारिणी का गठन




**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** सामाजिक विकास और सेवा के क्षेत्र में पिछले 11 वर्षों से सक्रिय अब्बासी वेलफेयर हेल्थ एंड एजुकेशनल सोसाइटी ने रविवार को शहर के हिन्द स्पोर्ट्स स्टेडियम में सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर बड़ी संख्या में समाजसेवा से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया और पंजीकरण फार्म भरते हुए सोसाइटी से जुड़कर समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत पंजीकरण फार्म के वितरण और सदस्यों के नामांकन के साथ हुई। इस अवसर पर सोसाइटी के अध्यक्ष अज़ीम अब्बासी ने बताया कि संगठन पिछले एक दशक से सम्भल जनपद में स्वास्थ्य, शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि अब संगठन का दायरा सम्भल जनपद के साथ-साथ मुरादाबाद मंडल के अन्य जिलों तक बढ़ाया जा रहा है, जिसके लिए यह सक्रिय सदस्यता अभियान शुरू किया गया है। अज़ीम अब्बासी ने आगे बताया कि इस अभियान के माध्यम से नए सदस्यों को जोड़कर संगठन को और मजबूत किया जाएगा। अक्टूबर माह में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सदस्यता अभियान कार्यक्रम में डॉ तनवीर हैदर, अब्दुल मुत्तलिब एड0, जमील उर रहमान, मुन्नू, मो0 फहीम, सिब्ते, अन्हार पाशा, मुजम्मिल हसन, मोहम्मद सलमान, आमिर सुहैल, कारी इम्तियाज, मोहम्मद खालिद, रमीज, शाहवेज, मो0 अनीस, उवेश दानिश, मो0 शाहनवाज, फरमान साबरी, मो0 अमान सहित काफी संख्या में सोसाइटी से जुड़े पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मात्रशक्ति नारी के प्रति आदर और सम्मान भावना का संदेश देती हैं नवरात्रि: श्रीमाली



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** आध्यात्मिक गुरु पं राधेश्याम श्रीमाली के नेतृत्व मे दुर्गा भवन श्रीमाली निवास पंजू सराय में स्थित श्रीकल्कि पधारो धरती पर श्रंखला के तहत माँदुर्गा स्तवन की 91 बीं कडी के सातवें दिन समिति महामंत्री कैलाश शर्मा व दिव्या शर्मा द्वारा माँदुर्गा के छठे स्वरुप माता कात्ययानी को छरू वर्ष की कन्या का पूजन कर पान सुपारी ध्वजा नारियल फल मेवा अष्टगंध शुद्ध घी व शहद से दस हजार आठ सौ आहुतियाँ प्रदान कर विश्व शान्ति भारत राष्ट्र की समृद्धि श्रीकल्कि के प्राकट्य को प्रार्थना की। इस अवसर पर यज्ञाचार्य डॉज़ योगी नागेन्द्र मोहन श्रीमाली ने कहा की बृह्माण्ड के तपरू लोक व मानव देह के भ्रकुटी अर्थात आज्ञा चक्र की अधिपति माता कात्ययानी महर्षि कात्यायन की पुत्री के रुप में अवतार धारण करने के कारण कात्यायनी कहलाई उन्होंने कहा नवरात्रि महापर्व की रचना करके आदिशक्ति माँदुर्गा ने प्राणी मात्र के कल्याण का मार्ग तो प्रशस्त किया ही साथ ही मात्रशक्ति नारी के प्रति आदर और सम्मान की भावना सदैव बनाये रखने का संदेश भी दिया है। इसीलिए आदिशक्ति माँदुर्गा के दिव्य अंश मात्रशक्ति नारी के कन्या,पुत्री,बहन,पत्नि,माता आदि रुप आदर सम्मान और पूजन के आदिकाल से ही अधिकारी रहे हैं। इसी कारण नवरात्र मे कन्या पूजन का अति महत्वपूर्ण विधान है। जिसे महाशक्ति दुर्गा ने समय समय पर अवतार धारण करके अपने भक्तो और देवताओ की रक्षा करके अपनी प्रत्यक्षता को सिद्ध भी किया है। डॉज़ सुरेश चन्द्र सैनी, रामवीर शर्मा, कैलाश चन्द्र, कृष्णा मोहन, समिति जिलाध्यक्ष नरेश सैनी, जिला सचिव ज्बालेश श्रीमाली, आनंद सैनी, पार्थ शर्मा, भीकम सरन लाला, भूकनलाल, किसन आर्य, लक्ष्मन सिंह, राकेश सैनी, जितेन्द्र गुप्ता सहित समिति सभी पदाधिकारी व महिला मंडल रुकमनी देवी, सुनिता देवी, नीरज श्रीमाली, लक्ष्मी श्रीमाली, आरती श्रीमाली, रिया श्रीमाली, आरती, वंदना महामंत्र आज योगी देवांश, मोहन श्रीमाली द्वारा सम्पन्न कराये गये। सदस्य व साधक साधिकाए उपस्थित रहे।

# धनौरा में चोरों का आतंक, भगवान परशुराम की अष्टधातु की प्रतिमा चोरी




*** ब्राह्मण समाज के लोगों ने थाने पर किया प्रदर्शन**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर में चोरों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि अब चोर धार्मिक स्थलों को भी नहीं छोड़ रहे हैं।

मामला नगर के महादेव स्थित भगवान परशुराम मंदिर का है जहां से रविवार को अज्ञात चोर भगवान श्री परशुराम की अष्टधातु की प्रतिमा चोरी करके ले गए। मामले का पता जब लगा जब पुजारी मंदिर खोलने के लिए पहुंचा तो वहां से भगवान परशुराम की प्रतिमा गायब देखकर उसके होश उड़ गए। भगवान परशुराम की प्रतिमा चोरी की खबर नगर में आग की तरह फैल गई। और मौके पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुट गई। वहीं गुस्साए ब्राह्मण समाज के लोगों ने थाने पहुंचकर प्रदर्शन किया और अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की बताते चले कि बीते दिनों महादेव स्थित श्री नवदुर्गा मंदिर से भी चोरों ने दानपात्र के ताले तोड़कर हजारों की नगदी चुरा ली थी। लगातार मंदिरों में हो रही चोरी की घटनाओं से ये स्पष्ट हो रहा है कि चोरों में पुलिस का खौंफ बिल्कुल खत्म हो गया है। आमजन का कहना है कि यदि पुलिस की गश्त और निगरानी व्यवस्था मजबूत होती तो इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता था। वहीं मामले में स्थानीय नागरिकों ने मांग करते हुए कहा कि भगवान परशुराम की प्रतिमा चुराने वाले चोरों को जल्द से जल्द पकड़कर कड़ी कार्यवाही की जाए।

# ताजवर बने खेलो यूथ फेडरेशन ऑफउतर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभलः** खेलो यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मास्टर गणेश सागर छत्तीसगढ़ ने सम्भल नगर के मौहल्ला खग्गू सराय निवासी मौहम्मद ताजवर को उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष नियुक्त किया है। जानकारी के अनुसार बताते चलें की खेलो यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया के लिए लगातार कार्य करने वाले मौहम्मद ताजवर फ्लाइंग ज़ोन इण्टरनैशनल एकेडमी चलानते हैं जहां बच्चों को ताईक्कांडो की क्लास लगाकर उन्हे आगे बढ़ाने ओर भविषय को उज्जवल बनाने के लिए उनका उत्साह वर्धन करते हैं। मौहमद ताजवर को खेलो यूथ फेडरेशन ऑफ उतर प्रदेश मे उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष बनाये जाने के लिए परिवार एवं समाज मे उत्साह का माहौल है। मोहम्मद ताजावर ने कहा कि ताइक्कांडो के मैदान में अच्छा माहौल देने के लिए अपने प्रशिक्षकों और बच्चों के बारे में सोचूंगा ओर इसी तरह अपने कस्बा का नाम ओर देश का नाम रोशन करता रहूंगा।

# श्री रामलीला के मंचन मे भगवान श्री राम, माता सीता और लक्ष्मण जी की हुई आरती

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** नगर पालिका परिषद, संभल में श्री रामलीला कमेटी, संभल द्वारा आयोजित भव्य एवं दिव्य आदर्श श्री रामलीला में सर्वप्रथम भगवान गणेश जी का अतिथियों द्वारा पूजन करने के उपरांत भगवान श्री राम, माता सीता और लक्ष्मण जी की आरती की गई। पूजन और आरती के उपरांत आज की रामलीला मंचन का शुभारम्भ समस्तीपुर दरभंगा बिहार से आए योग्य कलाकारों द्वारा किया गया। जिसमें व्यास जी ने बताया कि शूपर्णखा संवाद रामायण के अरण्यकाण्ड का एक महत्वपूर्ण और लोकप्रिय प्रसंग है। इसमें रावण की बहन शूर्पणखा का भगवान राम और लक्ष्मण के साथ पंचवटी में हुआ संवाद और उसके बाद की घटनाओं को दर्शाया जाता है। तदुपरांत मंचन प्रारंभ होता है। जिसमें पंचवटी में शूपर्णखा राम और लक्ष्मण को देखती है और उनके सौंदर्य से मोहित हो जाती है। आज के कार्यक्रम में अतिथिगणों के रूप में इतिहास संकलन समिति के प्रान्त अध्यक्ष डॉ0अशोक रुस्तगी, प्रो0 बीना रुस्तगी, डॉ0 आनंद सिंह, डॉ0 यू0 सी0 सक्सेना, डॉ0 अरविन्द गुप्ता,सरदार कुलवीर सिंह, प्रधानाचार्य शिवशंकर शर्मा, गरीब और निर्धन की पुकार के प्रधान संपादक दिलीप गुप्ता, अरुण गोयल, अशोक सर्राफ आदि उपस्थित रहे। कमेटी के अध्यक्ष अनंत अग्रवाल द्वारा समस्त अतिथियों को सम्मान प्रदान करते हुए पटका पहनाकर स्वागत व अभिनन्दन किया गया। इस दौरान उज्ज्वल सक्सेना, उमेश सैनी, अभिषेक गुप्ता, अभिलाष शुक्ला, पिंकू त्यागी,अभिनन्दन शर्मा, साहिल गांधी, गौरव, पंकज, विकास वर्मा, अतुल शर्मा आदि उपस्थित रहे। इतिहास संगठन समिति के प्रांत अध्यक्ष डॉ0 अशोक रूस्तगी ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष ओर उनकी समिति को सफल कार्यक्रम की बहुत-बहुत बधाई देते हुए प्रशंसा की। कार्यकारी प्रबंधक अनुराग गुप्ता सर्राफएवं वैभव गुप्ता ने रामलीला में उमड़े जनसमूह की व्यवस्था भली-भांति संभाली। मंच से महिला कलाकारों द्वारा धार्मिक भजनों व आदर्श नृत्य के माध्यम प्रस्तुतियां दी गई जिस पर श्रोतागणों ने आनंद लेते हुए खूब प्रशंसा की। मंच संचालन एड0 उमेश शर्मा द्वारा किया गया।

# साबरी कमेटी के सुभान डीएमआर की वालिदा के निधन पर जताया दुख

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** दरगाह हज़रत जुनैद शाह मियां गुलामाने साबरी कमेटी मौहल्ला चमन शेर खां सराय के सदस्य सुबहान डीएमआर साबरी की वालिदा के इंतेकाल पर कमेटी पदाधिकारियों ने गहरा दुख प्रकट करते हुए मरहूमा के लिए दुआयें मगफिरत की। देर शाम बाद मगरिब मरहूमा को जनाज़े की नमाज़ के बाद सुपुर्देखाक किया गया। इस मौके पर इंतेज़ार हुसैन, दबीर अहमद, फरज़न्द अली वारसी, तंज़ीम अहमद, हाजी कल्लू, मौ0 अकीब, मौ0 वसीम, अशरफ शकील अहमद आदि मौजूद रहे।

# बरेली जाने से पहले आजाद अधिकार सेना के नेता हाउस अरेस्ट

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** दंगे के बाद बरेली जाने का ऐलान करने वाली आज़ाद अधिकार सेना के पदाधिकारियों को हाउस अरेस्ट किया गया है। खुद इसकी जानकारी संगठन के पदाधिकारियों ने दी। दरअसल आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने बरेली प्रकरण के संबंध में कहा कि अब तक सामने आए तथ्य प्रथम दृष्टया गंभीर प्रशासनिक कदाचार की ओर इंगित करते हैं और पूर्णतया एकपक्षीय कार्रवाई की स्थिति को बताते दिखाते हैं। इसके मद्देनजर कल 29 सितंबर 2025 को पार्टी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री देवेंद्र सिंह के नेतृत्व में संभल के मोहम्मद खिजर गौस, इकराम अली, मनीष मेहरोत्रा और शिवराज सिंह यादव आदि का प्रतिनिधिमंडल बरेली जाएगा। इनके द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण, तथ्यों की जानकारी, पीड़ितों से मुलाकात के साथ जेल में बंद मौलाना तौकीर रजा तथा पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात की जाएगी। अमिताभ ठाकुर ने कहा कि प्रतिनिधि मंडल द्वारा प्राप्त तथ्यों के आधार पर पार्टी द्वारा अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। वहीं बरेली जाने से पहले ही सम्भल मे आज़ाद अधिकार सेना के खिज़र गौस और ज़रीफमिर्जा को हाउस अरेस्ट किया गया।

# केक काटकर बसपा कार्यकर्ताओ ने मनाई सम्भल जनपद की 14 वीं वर्षगाठ



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** 28 सितम्बर को सम्भल जनपद की स्थापना होने के उपलक्ष मे बसपा कार्यकर्ताओं ने केक काटकर जश्न मनाया और बसपा सुप्रीमों के कार्यकाल की प्रशंसा की।

रविवार को बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता पूर्व विधानसभा प्रत्याशी हाजी रफत उल्ला उर्फ छिद्दा नेता के निवास बदायूं दरवाज़ा आमदपुर मार्ग पर एकत्र हुए और 28 सितम्बी 2011 को बसपा सुप्रीमों एवं निवर्तमान मुख्यमंत्री मायावती के द्वारा मुख्यमंत्री रहते बनाये गये समील जिले की वर्षगाठ मनाई गई। नया जिला घोषित किया गया था जिसको 14 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। केक काटकर जश्न मनाते हुए बसपा सुप्रीमों का आभार प्रकट किया गया।

साथ ही नौ अक्टूबर को लखनऊ मे कांशीराम जी के जन्मदिन पर होने वाली रैली को सफल बनाने के लिए गांव गांव सर्म्पक किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम मे मण्डल प्रभारी संसार सिंह एड0, हरद्वारी लाल गौतम, जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह एड0, पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह एड0, साजिद अहमद सैफी, रामबाबू, नेता छिद्दा, मदनपाल सिंह, रविशंकर भारती, जगरूप गौतम, हरपाल सिंह, थान सिंह, मोन्टी, अंकुल गौतम, सुरेश, मित्रपाल, उमेश सागर, इब्राहीम सभासद, महेन्द्र सैनी आदि मौजूद रहे।

# भाजपाईयों ने किया आत्म निर्भर भारत अभियान कार्यशाला का आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** भारतीय जनता पार्टी पवांसा मंडल की आत्म निर्भर भारत अभियान कार्यशाला का आयोजन मनोरमा राघव आदर्श इंटर कालेज पंवासा मे किया गया। जिसमें मंडल की कार्यसमिति शक्ति केंद्र संयोजक बूथ अध्यक्ष एवं पदाधिकारी शामिल हुए तथा भारत को आत्म निर्भर बनाने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाकर भारत को आत्म निर्भर बनाने के लिए संकल्प लिया इसी के साथ भारत के यशश्वी प्रधानमंत्री जी द्वारा बड़े स्तर पर जीएसटी दरों को घटाने के बाद दुकानदारों एवं आमजन को जीएसटी घटने का लाभ मिले इसके लिए दुकानदारों के पास जाकर दुकानदारों एवं ग्राहकों को जागरूक किया। इसी दौरान दुकानदारों एवं ग्राहकों ने पीएम मोदी को धन्यवाद दिया तथा आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सौरभ गुप्ता जिला महामंत्री युवा मोर्चा, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य अवधेश प्रताप सिंह, अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गंगाराम सैनी ने की तथा संचालन मंडल महामंत्री डॉ संतोष यादव ने किया। इस दौरान डॉ महेश प्रजापति, मंडल उपाध्यक्ष अनुपम मिश्रा, कुलदीप सैनी, अतुल शर्मा, उधयपाल यादव, प्रेमपाल यादव, चरनसिंह यादव, हरद्वारी लाल, डॉ विपिन कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब संभल मिडटाउन द्वारा हृदय स्वास्थ्य पर विचार गोष्ठी आयोजित



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष्य में, रोटरी क्लब संभल मिडटाउन के तत्वाधान में डायमंड बैंक्वेट हॉल में हृदय स्वास्थ्य पर एक महत्वपूर्ण विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संभल के सभी रोटरी क्लब के सदस्य और शहर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सिद्धि हॉस्पिटल के डॉ. प्रशांत वार्ष्णेय (एमडी फिजिशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ) रहे, जिन्होंने भारत में हृदय रोगों की चिंताजनक स्थिति पर प्रकाश डाला। भारत हृदय रोग की वैश्विक राजधानी डॉ. प्रशांत ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि, ष्भारत की जनसंख्या भले ही वैश्विक आबादी का लगभग 20ः है, लेकिन दुनिया के 60ः से अधिक हृदय रोग के मामले हमारे देश में हैं।

उन्होंने बताया कि हृदय रोग अब केवल बुजुर्गों की बीमारी नहीं रही। छोटी उम्र (30-35 वर्ष) में अचानक हृदयाघात के बढ़ते मामले बेहद चिंताजनक हैं। इतना ही नहीं, 5-9 वर्ष के बच्चों तक में हाई ट्राइग्लिसराइड्स पाए गए हैं, जो भविष्य में उनके लिए बड़े खतरे का संकेत है।

रोटरी क्लब संभल मिडटाउन ने इस गोष्ठी के माध्यम से शहरवासियों से अपील की कि वे अपने दिल की सेहत को गंभीरता से लें स्वस्थ और सक्रिय जीवन अपनाएं।

# 1600 मीटर की दौड़ के प्रतियोगियों ने किया खिलाड़ियों ने प्रतिभाग



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर इम्मा निवासी रफाउल खान, सौरभ कुमार एवं दीपक कुमार द्वारा एक दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दौड़ प्रतियोगिता दो स्तरों पर आयोजित की गई जिसमें सुबह के समय में 800 मी की दौड़ के प्रतियोगियों ने प्रतिभाग किया। तत्पश्चात 1600 मीटर की दौड़ के प्रतियोगियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर आयोजकों के निवेदन को स्वीकार करते हुए जनक्रांति संगठन के पदाधिकारीगण अवसर पर वहां पहुंचे और जनक्रांति संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष एड0 अनुज राजोरिया, राष्ट्रीय महासचिव एड0 अमरजीत सिंह, राष्ट्रीय संगठन मंत्री दीपेश वाल्मीकि एवं जिलाध्यक्ष फाज़िल अंसारी एवं अन्य पदाधिकारीगण ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में 800 मीटर की दौड़ में योगेश कुमार निवासी सुजानपुर ने प्रथम, विशाल निवासी सफत नगर ने द्वितीय एवं राहुल निवासी मंडलाई ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि 1600 मीटर की दौड़ में अर्जुन निवासी महमूदपुर ने प्रथम, नितिन निवासी असमोली ने द्वितीय एवं हिमांशु निवासी दबोई ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एडवोकेट अनुज राजोरिया एवं अन्य पदाधिकारीगण ने विजेताओं को पुरस्कृत कर उनको प्रोत्साहन दिया एवं सभी प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर संगठन की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुज राजोरिया, राष्ट्रीय महासचिव अमरजीत एडवोकेट, राष्ट्रीय संगठन मंत्री दीपेशे वाल्मीकि, जिलाध्यक्ष फाज़िल अंसारी, जिला महासचिव विनीत डिलौर, शहर अध्यक्ष अभिषेक विक्रमा, अजीत वाल्मीकि आदि लोग उपस्थित रहे।

# सरदार भगत सिंह जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण




**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** सरदार भगत सिंह जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करके विचार गोष्ठी में सरदार भगत सिंह को आजादी का महानायक बताया गया।

बहजोई रोड पर स्थित सरदार भगत सिंह पार्क में सरदार भगत सिंह की प्रतिमा पर सरदार भगत सिंह स्मारक समिति, हिंदू जागृति मंच, वीर खालसा सेवादल, श्री रामलीला कमेटी, नगर पालिका परिषद से जुड़े अनेक लोगों ने माल्यार्पण किया। उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि भेंट करते हुए उनके देशभक्ति पूर्ण कार्यों को याद किया। सरदार भगत सिंह स्मारक समिति द्वारा आयोजित विचार गोष्ठी में सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए चौधरी महिपाल सिंह ने कहा कि सरदार भगत सिंह आजादी के दीवानों मतवालों में सचमुच के सरदार थे मुखिया थे। भारत माता के सच्चे सपूत और भक्त थे शेर जैसी दहाड़ अंग्रेजों को चेतावनी देने वाली ललकार ऐसी प्रभावी थी कि उनके नाम के आगे लिखे हुए सिंह को सार्थक करती थी।

इसलिए उनका नाम सरदार भगत सिंह यथा नाम तथा गुण को चरितार्थ करता है। इस मौक पर राजेंद्र सिंह, डॉ वी पी सिंह, सरदार कुलबीर सिंह, महेंद्र स्वामी, नवजोत सिद्धू, अजय गिल, हरीश कुमार, पप्पू ,भगवान दास शर्मा, विकास कुमार वर्मा, अजय कुमार शर्मा, संजय शर्मा, अभिषेक आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहीद भगत सिंह स्मारक समिति के अध्यक्ष एवं विहिप जिलाध्यक्ष अनंत कुमार अग्रवाल ने की। संचालन सरदार कुलबीर सिंह ने किया।

# रामपुर में झोलाछापों पर गिरेगी गाज! डॉ. देवेश चौधरी बने नोडल अधिकारी




**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** झोलाछाप डॉक्टरों और अवैध अस्पतालों के खिलाफ अब रामपुर में बड़ा अभियान शुरू होने जा रहा है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने आदेश जारी कर डॉ. देवेश चौधरी को झोलाछाप विरोधी अभियान का नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उनके साथ अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्यमूर्ति तोमर को अस्पताल पंजीकरण की जिम्मेदारी दी गई है। इस बार जिले में केवल एक ही टीम बनाई गई है, जिसकी कमान खुद तेज-तर्रार और ईमानदार अधिकारी डॉ. देवेश चौधरी के हाथों में है। वे पहले भी कड़ी कार्रवाई कर चुके हैं और उनकी छवि सख्त व निष्पक्ष अधिकारी की रही है।स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि सोमवार से पूरे जिले की सभी तहसीलों और ग्रामों में यह अभियान चलेगा। हर गांव, कस्बे और शहर में संदिग्ध क्लीनिक और फर्जी डॉक्टरों की जांच की जाएगी। कार्रवाई के दौरान दोषियों पर सीधे क्लिनिकल स्टैब्लिशमेंट एक्ट, पीएनडीटी एक्ट और भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस) 2023 की सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमे दर्ज किए जाएंगे। इसमें लाइसेंस रद्द होना, भारी जुर्माना और जेल तक की सजा शामिल है। इस आदेश के बाद झोलाछापों और अवैध अस्पताल संचालकों में हड़कंप मच गया है, जबकि आम जनता को भरोसा है कि अब उनकी सेहत के साथ खिलवाड़ करने वालों का खेल खत्म होगा।

# पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुचाएं



**उत्तम भारत संवाददाता**

**स्वार।** आज अपना दल एस पार्टी के पश्चिम उत्तर प्रदेश के प्रभारी एवं स्वार विधानसभा से माननीय विधायक शफीक अहमद अंसारी जी ने मुख्य अतिथि के रूप में जनपद हापुड़ में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित बैठक में शामिल होकर कहा कि सभी पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पंचायत चुनाव एवं विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाये और अपना दल एस पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन जन तक पहुचाये।बैठक में विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश बीज प्रमाणिक निगम की अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री माननीय रेखा पटेल जी ने कहा कि संगठन विस्तार करके बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने का कार्य करे और पश्चिम उत्तर प्रदेश में अपना दल एस पार्टी को मजबूत करें।

# सुरेश बने लघु उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष

*** नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया**
*** संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** लघु उद्योग व्यापार मंडल की बैठक मुहल्ला छिपियान स्थित सुरेश बाबू प्रजापति के आवास की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अरुण गोयल ने सुरेश बाबू प्रजापति को नियुक्त पत्र देकर जिलाध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा की। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर रामपुर में संगठन मजबूत होगा। व्यापार संबंधित समस्याओं को अधिकारियों के बीच रखकर समस्याओं को दूर किया जाएगा। उन्होंने जल्द ही जनपद में संगठन का विस्तार किया जाएगा। सभी ने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष दीपक गुप्ता, जिला मंत्री मुरादाबाद छत्रपाल शर्मा, सुनील कुमार अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, रामचंद्र प्रजापति, अशोक राठौर, विपिन खंडेलवाल, शेखर यादव, सनी पाल, आरिफ, धर्मवीर सिंह, सुमित कुमार अग्रवाल, संजीव कुमार, अरूण कीर्ति सरन, नितिन, राजकुमार उपस्थित रहे।

# खेलों का हुआ आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**शाहबाद।** ग्राम घारमपुर में शहीदे-ए-आज़म भगत सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में बाल दौड़ प्रतियोगिता एवं कबड्डी जैसे खेलों का आयोजन समाजसेवी अनुज पांडे द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विजयी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मौजूद समाजसेवी युवाओं एवं गांव के सम्मानित व्यक्तियों ने शहीदे-ए-आज़म भगत सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका जीवन युवाओं के लिए सच्ची प्रेरणा है। उन्होंने देश की आज़ादी के लिए जो बलिदान दिया, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम में उपस्थित रहे आयोजक समाजसेवी अनुज पाण्ड्ये,नेपाल पाण्डेय, गोविन्द, अंकुर दिवाकर, रवि दिवाकर,अर्पित दिवाकर, ब्रजेश यादव, निर्देश यादव,साथियों सहित अनेक लोगों ने जयंती को उत्साहपूर्वक मनाया।

# कार्यालय पर पहुँचकर ज्ञापन सौंपा



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** जनपद के सैकड़ों शिक्षकों ने आज माननीय सांसद मोहिबुल्लाह नदवी जी के तोपखाना स्थित कैंप कार्यालय पर पहुँचकर ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन 29 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी को अनिवार्य रूप से थोपे जाने के विरोध में दिया गया। संघ ने अपने ज्ञापन में स्पष्ट कहा कि निशुल्क शिक्षा एवं बाल अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 23 उप धारा 2 के तहत स्पष्ट प्रावधान किया गया है कि 29 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी की शर्त लागू नहीं होती। जबकि 29 जुलाई 2011 के बाद नियुक्त सभी शिक्षक अनिवार्य रूप से टीईटी के माध्यम से ही भर्ती हुए हैं इसी प्रकार समय-समय पर जिस स्तर पर भर्तियां निकली और जो अहर्ताएं रखी गई सरकार के द्वारा सभी अहर्ताओं को पूर्ण करते हुए ही शिक्षकों ने अपनी नियुक्तियां प्राप्त की है। हाल ही में आए माननीय सुप्रीम कोर्ट के फैसले की गलत व्याख्या एवं उससे फैली भ्रांतियों के चलते शिक्षक समाज में गहरी बेचैनी और आक्रोश व्याप्त है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से शिक्षक अवसाद ग्रस्त हो रहे हैं तथा कई शिक्षक असमय काल के गाल में समा गए हैं।

# साधु बनकर आया रावण सीता हरण कर ले गया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** श्री आदर्श रामलीला कमेटी की ओर से ज्वाला नगर में रविवार सीता हरण, सबरी मिलन, सुग्रीव राम मित्रता, बाली वध आदि का अत्यंत मनमोहक मंचन राधिका कृष्ण कला मंडल वृंदावन मथुरा के कलाकारों द्वारा किया गया। दिखाया गया कि सोने का हिरण देख सीता जी ने उसे पाने की जिद की। भगवान राम ने हिरण का पीछा किया। माया रुपी हिरण भगवान राम को जंगल की ओर दूर लेकर चला गया! हाय राम, हाय राम की आवाज सुन सीता जी परेशान हो गई। कहा की मेरे राम संकट में हैं, उनकी मदद के लिए लक्ष्मण को भेजा।

लक्ष्मण ने जाते समय कुटिया के चारों ओर तीर से रेखा खींच दी और उन्हें रेखा के पार न जाने के लिए कहा। लक्ष्मण के जाते ही रावण साधु के वेश में पहुंचा और भिक्षा मांगने के बहाने उनका हरण कर लिया। दर्शक मनमोहक लीला देख भावुक हो गए। इस अवसर पर सुरेश अग्रवाल, अवधेश शर्मा, डॉ तेजवीर यादव, त्रिभुवन पंडित, अनुज सक्सेना, आशु गुप्ता, डॉ अनिल सक्सेना, चितरंजन श्रीवास्तव, सुभाष सक्सेना, संजू बाबा, नवनीत सक्सेना, मोहित मल्होत्रा, संजू प्रजापति, अन्नु गंगवार, पीयूष कुमार, धर्मवीर यादव, रामेंद्र गुप्ता, देवेश गुप्ता, दिनेश कश्यप, पुनीत अग्रवाल, अन्नु सक्सेना, अरुण कीर्ति सक्सेना, संजीव दयाल सक्सेना, विक्की सक्सेना, अनुज यादव, राजेश नायक, रवि रामपुरी, मक्खन लाल सैनी, सोनू शर्मा, अखिलेश बिसारिया, राहुल शर्मा, जगन सिंह लोधी, विशाल शर्मा, प्रेमपाल यादव, विनोद कश्यप, राजीव लोचन, मिंटू गुप्ता, ओपी सक्सेना, सचिन सिंह, संतोष प्रसाद आदि समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# रन फॉर एम्पावरमेंट रैली का भव्य आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर के नेतृत्व में अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर एवं क्षेत्राधिकारी शाहबाद (सहायक नोडल अधिकारी, आरटीसी रिजर्व पुलिस लाइन, रामपुर) द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत रिजर्व पुलिस लाइन, रामपुर से मोरी गेट तक रन फॉर एम्पावरमेंट÷ रैली का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। इस कार्यक्रम में आरटीसी रिजर्व पुलिस लाइन, रामपुर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही 600 महिला आरक्षियों द्वारा उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया गया एवं महिला आरक्षी निधि चौधरी द्वारा थाना कोतवाली, रामपुर की पीआरवी 1394 का संचालन कर सभी को यह संदेश दिया कि महिलाएं न केवल समाज की सुरक्षा में समान रूप से सक्षम हैं, बल्कि वे प्रत्येक जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं कौशल के साथ कर सकती हैं। इस अवसर पर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जनमानस को जागरूक करने हेतु प्रेरणादायी संदेश दिया।

# व्यापारियों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर एव अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन, रामपुर सभागार कक्ष में जनपद के व्यापारियों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया तथा गोष्ठी में व्यापारीगण की समस्याओं सुझावों को सुना गया एवं उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान नव नियुक्त अपर पुलिस अधीक्षक को व्यापारी बंधुओ द्वारा सम्मानित किया गया ।

# दो सौ अधिक मरीजों का चिकित्सकीय परीक्षण

*** डॉ सिमरनदीप कौर की स्मृति में ग्राम मनकरा में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, मरीजों को निशुल्क बांटी गई दवाएं**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** कोरोनाकाल में अपनी जान गंवाने वाली डॉक्टर सिमरनदीप कौर चढ्ढा की स्मृति में नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) द्वारा चमरौआ ब्लॉक की ग्राम पंचायत मनकरा में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में दो सौ से अधिक मरीजों का परीक्षण कर दवाएं दी गई। रविवार को आयोजित शिविर का उद्घाटन संत भाई जी बाबा हॉस्पिटल के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी डॉ गुरजीत सिंह चढ्ढा और राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन के जिला उपाध्यक्ष काशिफ खां ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिविर में नीमा अध्यक्ष डॉ मोहम्मद काशिफ,डॉ मोहम्मद अब्दुल सलाम, डॉ मशकूर हसन, डॉ हिमांशु अनेजा, डॉ दीपांशु गुप्ता, डॉ बृजेश, डॉ मोहम्मद आज़म, डॉ पुष्पेंद्र आदि ने दो सौ से अधिक मरीजों का परीक्षण कर दवाएं दी गई। शिविर में ग्राम प्रधान सना काशिफ, फिरोज़ खां, सलीम अल्वी, शहज़ान खां, मुनीर अहमद, सरदार विक्रमजीत सिंह विक्की, शाकिर मलिक, गुलाम नबी, मोहम्मद नाज़िम ने सहयोग प्रदान किया।

# शामिल हुए विधायक शफ़ीक़ अहमद अंसारी



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** जनपद हापुड़ में में अपना दल एस का एक प्रोग्राम हुआ जिसमे विधायक शफीक अहमद अंसारी अपने लश्कर के साथ पहुँचे हापुड़ पहुंचने पर जनपद हापुड़ के अपना दल एस के कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहना कर ज़ोरदार स्वागत किया. हापुड़ के जिला अध्यक्ष आदेश त्यागी व रेखा वर्मा ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ बुके एवं विधायक जी की फोटो भेंट की. विधायक जी को देखकर हापुड़ में अपना दल एस के कार्यकर्ताओं में अलग ही उत्साह देखने को मिला और कार्यकर्ताओं में अलग ही जोश भर गया विधायक जी का काफिला जैसे ही हापुड़ पहुंचा लोगो ने नारों के साथ स्वागत किया. विधायक जी ने कहा की बहन जी अनुप्रिया पटेल ने मुझे जो ज़िम्मेदारी दी है उसको में पूरी तरह से निभाऊँगा और अपना दल एस के हाथों को मज़बूत करूंगा. हम सबका एक ही मकसद है आने वाले समय में अनुप्रिया पटेल जी को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाना.. प्रोग्राम में जिला अध्यक्ष हापुड़ आदेश त्यागी रेखा वर्मा ज़ाकिउल नासिर डॉ समी तल्हा खान एवं काफ़ी संख्या में अपना दल एस के कार्यकर्ता शामिल रहे.

# अखिल भारतीय कल्याण महासभा का गठन हुआ




**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** रामपुर स्थित सांवरिया फार्म मे अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा के तत्वाधान मे संगठनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष साहब सिंह लोधी ने जिले की कार्यकारणी की घोषणा की एवं सभी नव नियुक्त पदाधिकारीगण को मनोनयन पत्र वितरित किये। इस अवसर पर पूर्व सांसद घनश्याम लोधी जी ने कहा संगठन की इन नियुक्ति से समाज में नई ऊर्जा का संचार होगा। प्रदेश महामन्त्री पूरन लाल लोधी ने कहा कि समाज के सभी लोग अपने बच्चो को शिश्रित बनाएं बरखेड़ा विधायक श्री प्रवतानन्द महाराज ने भी समाज के उत्थान एवं विकास के लिए आगामी लिस्तरीय पंचायत चुनाव मे सभी से अपील की कि आपस मे सामंजस्य बनाकर चुनाव लड़े एवं ज्यादा से ज्यादा संख्या में चुनाव जीतकर आये। सुरेन्द्र कुमार ने कार्यक्रम मे आये समस्त अतिथियों व क्षेत्र से आये समस्त बन्धुओ का आभार व्यक्त किया।

# जनता दरबार लगाकर जनता की समस्याएं सुनी



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** मौलाना असलम जावेद कासमी की अहलिया के इंतकाल हो जाने पर उनके घर जाकर अहलिया की मगफिरत की दुआ की। गांव नगलिया अकिल में हाजी मुस्ताक प्रधान के पोते शाकिब का इंतकाल हो जाने पर सांसद नदवी साकिब के दफन में शामिल होकर मरहूम की मगफिरत की दुआ की। सांसद मोहिबुल्लाह नदवी मारखेड़ा क्षेत्र के गांव मुस्तफाबाद सरकडी सैद नगर क्षेत्र के लालपुर का माजरा रुद्रपुर कनपुर मुनीमपुर मैं इंतकाल हो जाने पर दफनों में शामिल होकर मरहूमों के लिए मगफिरत की दुआएं की इस दौरान सांसद मीडिया प्रभारी महबूब पाशा एडवोकेट नगर पालिका शाहबाद के प्रतिनिधि नसीम मियां बिलासपुर नगर पालिका के प्रतिनिधि शहर नगर पालिका के प्रतिनिधि डॉक्टर अब्दुल सलाम बदन सिंह यादव जुबेर अहमद अनस खान शोएब किंग डॉक्टर ओवैस खान जमील सैफी हाफिज नूरी आसिफ अली डॉक्टर मकतब अहमद अयूब हाजी अरशद अली एडवोकेट नासिर शेख नरेश यादव सैफ सगीर अहमद तस्लीम पहलवान आदि लोग उपस्थित रहे

# छात्र- छात्राओं एवं शिक्षकों को जागरुक किया



**रामपुर।** उत्तर प्रदेश शासन के आदेश के क्रम में महिलाओ की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वाबलम्बन हेतु मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अन्तर्गत क्षेत्राधिकारी मिलक द्वारा थाना मिलक क्षेत्रान्तर्गत महादेव डिग्री कॉलेज रठौंडा में टैबलेट वितरण कार्यक्रम के दौरान छात्र- छात्राओं एवं शिक्षको को जागरुक किया गया ।

# 02 सर्विलांस नमूनें जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गये



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** जिलाधिकारी श्री जोगिंदर सिंह के निर्देश पर आगामी नवरात्रि व दशहरा पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस को शुद्ध एवं सुरक्षित% खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु 27 व 28 सितम्बर को सहायक आयुक्त (खाद्य)11/ अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। इस विशेष छापामार अभियान में स्टेशन रोड स्थित सीताराम किराना के पुनीत कुमार से साबूदाना पापड़ और बादाम का 01-01 नमूना, मैसर्स सरन सिंह एण्ड सन्स् के जगजीत सिंह से साबूदाना और मूंगफली दाना का 01-01 नमूना लिया गया। गंगापुर कदीम स्थित मोहम्मद यामीन पुत्र नदी जान से भुना चना और सोनपापड़ी का 01-01 नमूना लिया गया। केमरी स्थित अफसर अली की दुकान से काजू और किशमिश का 01-01 नमूना, नदीम किराना के मोहम्मद रिजवान से किशमिश का 01 नमूना लिया गया। किले के पास स्थित नब्बू अली पुत्र बब्बू अली की दुकान से सरसों का तेल और घी का 01-01 नमूना लिया गया।

# कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** अंबेडकर पार्क रामपुर में भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय निर्देशक कर्मवीर लल्ला बाबू द्रविड़ का फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष अनिल राज ने किया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर देखने को मिली। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा भगवान वाल्मीकि प्रकट उत्सव पर अवकाश बहाल करने के निर्णय पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस दौरान प्रदेश सचिव प्रेम नरेश वाल्मीकि ने कहा कि भाजपा सरकार ने वाल्मीकि समाज के सम्मान में यह अत्यंत सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने आगे कहा कि अयोध्या में भगवान वाल्मीकि एयरपोर्ट बनवाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे वाल्मीकि समाज का गौरव बढ़ाया है। समाज उनके इस निर्णय के लिए सदा आभारी रहेगा।

# बाढ़ पीड़ितों की मदद करने वालों को किया सम्मानित



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** पंजाब जाकर मदद करने पर आज सिख समाज के भाई जोगा सिंह व उनकी टीम के द्वारा सदस्यों को सम्मानित किया गया इस मौके पर समिति के अध्यक्ष रफ्तार सिंह ने कहा बाकी ही जिस तरीके से समिति के सदस्यों ने घर-घर जाकर बाढ़ पीड़ितों की मदद की है यह बहुत ही सराहनीय काम है 1900 किलोमीटर ट्रैक्टर चलाना यह बहुत बड़ी सेवा है आज इसी के तहत इन बच्चों को सम्मानित किया गया

वह इनका हौसला बढ़ाया गया पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए आगे भी सेवा जारी रहेगी इस मौके पर समिति के सभी सदस्यों को सम्मानित किया गया इस मौके पर सरदार निर्मल सिंह सरदार मनमीत सिंह सनी कपूर जोग सिंह सोनू बलविंदर सिंह जसपाल सिंह हरप्रीत सिंह नवनीत सिंह गगनदीप सिंह सुरजीत सिंह नारायण सिंह सेवा सिंह अमरदीप सिंह मोनू सिंह कारणदीप सिंह एडवोकेट मनजीत सिंह सुरजीत सिंह अमनदीप सिंह` बलविंदर सिंह कर्मजीत सिंह सुरेंद्र सिंह जसप्रीत सिंह हरप्रीत सिंह गगनदीप सिंह बलविंदर सिंह बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे

# योगी आदित्यनाथ का किया आभार प्रकट



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के कार्यकर्ता नगर पालिका परिषद के सभागार में एकत्र हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर प्रदेश सरकार के मुखिया आदरणीय योगी आदित्यनाथ जी द्वारा भावाधस की मांग पर प्रदेश में भगवान वाल्मीकि जी के प्रकट उत्सव पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किये जाने पर मुख्यमंत्री जी का आभार प्रकट किया भावाधस के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री दीप सिंह राही ने कहा कि भगवान वाल्मीकि जी के प्रकट उत्सव पर अवकाश कर समाज को सम्मान दिया वाल्मीकि समाज उनका बहुत बहुत आभारी रहेगा इस मौके पर कपिल वाल्मीकि एडवोकेट, सर्वेश चौधरी, प्रदीप राजहंस,शौरव वाल्मीकि, अरुण,राजन, सचिन,हरकिशोर, मनीष,जीतू, अंकित,राजा,प्रिंन्स आदि

# भगत सिंह की जयंती पर पुष्प अर्पित किए



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में शहीद भगत सिंह की जयंती पर पुष्प अर्पित किए व उनको याद किया गया समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा बहुत दुख की बात है कि अभी तक शहीद भगत सिंह जी को शहीदी का दर्जा नहीं मिला जिन्होंने देश की खातिर अपनी जान निछावर कर दिया हम सबका फर्ज बनता है कि हम उनके बताएं मार्ग पर चलें देश की सेवा करें दीन दुखियों की सेवा करें आज उनको पुष्प अर्पित किए गए इस मौके पर निर्मल सिंह मनमीत सिंह सुरजीत सिंह जोगा सिंह बिक्रमजीत सिंह बलविंदर सिंह नारायण सिंह सेवा सिंह अमनदीप सिंह करनजीत सिंह एडवोकेट मा प्रीत सिंह जगजीत सिंह सुखबीर सिंह बलविंदर सिंह दलविंदर सिंह कर्मजीत सिंह मौजूदरहे

# व्यापारियों ने बैठक में जीएसटी घटाने पर स्वागत




**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के तत्वावधान में कैम्प कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया।इस दौरान बैठक में पहुंचें कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख व पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल की अध्यक्षता में आयोजित हुई इस बैठक में जीएसटी घटाने का व्यापारियों ने स्वागत कर सरकार को धन्यवाद दिया।इसी के साथ इसमें अभी और सुधार लाने की भी अपील की।बैठक में कृषि राज्यमंत्री ने कहा कि व्यापारी समाज हमारे अर्थतंत्र की रीढ़ है, उनके हितों की रक्षा एवं उनकी समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता है।बैठक में जीएसटी से जुड़ी चुनौतियों और समाधान पर विचार साझा किए गए।

# अवकाश घोषित होने पर भावाधस ने मनाई खुशी



**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भावाधस) के तत्वावधान में रविवार को नगर के मुहल्ला डाम कॉलोनी में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इसमें सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा भगवान वाल्मीकि प्रकट उत्सव पर अवकाश घोषित करने के लिए धन्यवाद दिया।यह सभी कार्यकर्ता संगठन के प्रदेश सचिव प्रेम नरेश वाल्मीकि के नेतृत्व में एकत्र हुए थे।इस दौरान एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया गया।वही प्रदेश सचिव ने कहा कि भाजपा सरकार ने वाल्मीकि समाज के सम्मान में यह अत्यंत सराहनीय कार्य किया है।

# मिट्टी की ढ़ांग गिरने से महिला की मौत



**शाहबाद।** रविवार को थाना क्षेत्र के अंतर्गत चौकी ढकीया के ग्राम ओसी निवासी जाफर की पत्नी रेशमा(25) गांव के पास स्थित तालाब से घर की लिपाई के लिए मिट्टी खोदने जंगल गई थी। जब वह मिट्टी खोद रही थी, तभी एक ढ़ांग भरभराकर रेशमा के ऊपर गिर गई।

# संक्षिप्त समाचार

## अजीमनगर की चौकी खौद का किया निरीक्षण



**रामपुर।** अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा थाना अजीमनगर की चौकी खौद का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान चौकी कार्यालय पर बने रजिस्टर/पत्रावली आदि एवं चौकी परिसर की साफ-सफाई का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## रामलीला मंचन ने भक्ति की अलख जगाई

**बिलासपुर।** नगर की श्रीरामलीला कमेटी सोमवार का बाज़ार द्वारा रविवार को बाजार मैदान में आयोजित रामलीला मंचन ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत सुपर्णखा प्रसंग से हुई, जिसमें लक्ष्मण द्वारा उसकी नासिका भंग का जीवंत चित्रण हुआ। इसके बाद खर-दूषण वध और सुपर्णखा की रावण से फरियाद का दृश्य प्रस्तुत किया गया। मारीच प्रसंग और सीता हरण का मंचन इतना प्रभावी रहा कि दर्शक पूरी तरह कथा में डूब गए। भगवान श्रीराम का सीता विलाप और जटायू मोक्ष का प्रसंग देख कर उपस्थित लोग भावुक हो उठे। अंत में शबरी पर प्रभु श्रीराम की कृपा का प्रसंग प्रस्तुत हुआ, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। रामलीला देखने के लिए नगर व आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। मंचन के दौरान जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा मैदान गूंज उठा और श्रद्धा, भक्ति तथा भारतीय संस्कृति की झलक स्पष्ट दिखाई दी। रामलीला में इस दौरान अध्यक्ष मनोज कंसल, दिनेश शर्मा उपाध्यक्ष तिलक राज जैन,संरक्षक धन्नु मल बंसल, सतपाल जिंदल, चित्रक मित्तल,उपाध्यक्ष रवि गोयल, दर्शन लाल चुग, मदन मित्तल,महामंत्री दुष्यंत अग्रवाल,मंत्री निरंजन बंसल,सतीश बंसल,ललित गर्ग,सुनित गोयल मेला उपाध्यक्ष नितिन गर्ग,संजय अग्रवाल,मोहित अग्रवाल,विनोद मिश्रा,वीरेंद्र अग्रवाल प्रदीप अग्रवाल,राजेश जैन,सुरेश अग्रवाल, विनय शर्मा अंकित बंसल,रोहताश कुमार,मुकेश सिंघल श्री रामलीला कमेटी (रजि.) बिलासपुर की कार्यकारणी वरिष्ठ सदस्य जयदीप गुप्ता आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

## सातवें दिन मां कालरात्रि की हुई पूजा अर्चना

**शाहबाद।** नवरात्रि के सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा,अर्चना और वंदना की गई। मान्यता के अनुसार देवी के मां कालरात्रि स्वरूप का व्रत रखकर सच्चे मन और पूरे विधि विधान से पूजा करने पर किसी भी प्रकार के भय से मुक्ति मिलती है। सभी प्रकार के दुश्मनों के साथ-साथ जीवन से अंधकार और नकारात्मक ऊर्जा का अंत होता है। नवरात्रों में एक तरफ महिलाओं द्वारा मंदिरों में भजन कीर्तन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया, वहीं माता रानी से सुख, समृद्धि एवं परिवार की मंगल कामना भी की गई।

## अनधिकृत रूप से संचालित 22 वाहन सीज

**रामपुर।** जिलाधिकारी श्री जोगिंदर सिंह के निर्देश पर अनधिकृत रूप से संचालित यात्री वाहनों के विरुद्ध चल रहे अभियान के तहत परिवहन एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग की कार्रवाई की गयी। यात्रीकर अधिकारी श्री होरी लाल वर्मा ने बताया कि यह अभियान टांडा-स्वार रोड, मिलक-केमरी रोड, मंडी चौक से खोद तक तथा कोसी नदी से शहजाद नगर हाइवे मार्ग पर अनधिकृत रूप से संचालित वाहनों के विरुद्ध चलाया गया, जिसके अंतर्गत 02 बसों पर कार्रवाई की गयी। इसके अतिरिक्त जिन ऑटो व टेम्पो के फिटनेस, परमिट आदि समाप्त हो जाने के बावजूद सड़कों पर दौड़ रहे ऐसे 12 वाहनों और 08 ओवरलोड खनन वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तन की कार्रवाई की गयी। यात्रीकर अधिकारी ने बताया कि इस प्रकार इन सभी 22 वाहनों को जनपद के विभिन्न थानों में सीज किया गया। उन्होंने बताया कि इस प्रवर्तन कार्रवाई में परिवहन विभाग को लगभग 06 लाख रुपये की राजस्व प्राप्ति होगी।

## पुत्र ने पिता को बुरी तरह पीट कर किया गंभीर घायल

**मसवासी।** नगर मे बिजली के तार काटने के विरोध में पुत्र ने पिता के साथ लाठी डंडों से बुरी तरह पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है पिता के हाथ पैरों में गंभीर चोटें आई हैं साथ ही पिता केहर सिंह ने डॉक्टर पुत्र मंजीत सिंह के खिलाफ स्थानीय पुलिस को तहरीर देकर पुलिस से कानूनी कार्यवाही की मांग की है पुलिस ने तहरीर के आधार पर घायल का मेडिकल कराया है और अग्रिम कार्यवाई में जुटी है यह मामला दिन रविवार समय लगभग ग्यारह बजे का बताया जा रहा है। उधर पुलिस का कहना है की घायल का प्राथमिक उपचार कराया जा रहा है जांच उपरांत कार्रवाई की जाएगी।

## राज्यमंत्री से मिले तुरैहा समाज के पदाधिकारी



**बिलासपुर।** कश्यप समाज के जिलाध्यक्ष बाबूराम कश्यप के नेतृत्व में रविवार को कृषि राज्यमंत्री सरदार बलदेव सिंह औलख के कार्यालय पहुंचें इस दौरान समाज की समस्याओं के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की गई।तुरैहा मछुआ के लंबित प्रकरणों पर वार्ता की।प्रवेश और छात्रवृत्ति से कोई लाभ नहीं मिलने की बात अध्यक्ष ने उठाई।इस पर मंत्री ने लखनऊ तक बात पहुंचाने का आश्वासन दिया।इस के साथ ही जिले में पंचायत चुनावों ग्राम प्रधान,बीडीसी मेम्बर,जिला पंचायत सदस्य आदि के निर्वाचन में हिस्सेदारी की मांग की गई।बैठक में मनोज कुमार ग्राम बबूला,ओमकार सिंह मडैयान शहडौली,सिपाही लाल मिर्जापुर चकरपुर,केपी सिंह स्योंडारा, रामकिशोर झुनैया,बाबूराम जसमोली,प्रो़फ़ेसर रमेश चन्द्र और भुवनेश चन्द्र सिविल लाइंस रामपुर उपस्थित रहे।

## अश्लील हरकत करने पर दर्ज हुआ मुकदमा

**शाहबाद।** शनिवार को ढकिया निवासी लक्ष्मी ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि दिनांक 20/09/25 समय करीब 12 बजे दिन की बात है। मैं गोबर भैंस का राकेश पुत्र गिरवर के घर से लेकर अपने घर जा रही थी। तभी रास्ते में खड़ा सोनू पुत्र देव सिंह निवासी ग्राम ढकिया थाना शाहवाद जनपद रामपुर मुझसे अश्लील वाते कहने लगा। जब मैने विरोध किया तो उसने मेरे कपड़े फाड़ दिये । और जब मै शिकायत करने सोनू के घर गयी। तो घर पर मौजूद वृहम सिंह पुत्र देव सिंह निवासी ग्राम उपरोक्त ने गन्दी-2 गालिया दी। और लात गूसो से मारा पीटा व जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है।

## पुत्री को पाकर रामपुर पुलिस को धन्यवाद दिया



**स्वार।** थाना स्वार क्षेत्रान्तर्गत पीआरवी पर ड्यूटीरत कर्मियों को एक अज्ञात युवती जो नाम व पता बताने में असमर्थ है, की सूचना मिली । पीआरवी कर्मियों द्वारा उक्त महिला को थाना स्वार लाया गया । थाना स्वार पुलिस द्वारा फोटो व दूरभाषा जरिये उपरोक्त महिला की पहचान हेतु प्रचार प्रसार किया गया । मिशन शक्ति महिला सुरक्षा के दृष्टिगत उक्त महिला को मिशन शक्ति केन्द्र, स्वार में मूलभूत सुविधायें प्रदान की गयी ।

## आवारा पशुओं का रामलीला मैदान में आतंक

**शाहबाद।** नगर के रामलीला ग्राउंड में घूम रहे गोवंशों का आतंक दिन व दिन बढ़ता ही जा रहा है रविवार देर शाम करीब 6~45 बजे आवारा पशुओं ने आपस में लड़ते हुए दौड़ लगा दी जिसकी चपेट में आकर 5 वर्षीय बालिका आकर चोटिल हो गई एक साथ ही एक मोटरसाइकिल भी मौके पर क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों ने कई बार प्रशासन से इसकी शिकायत की लेकिन अभी तक आवारा पशु को पकड़ने का कोई इंतजाम नहीं किया गया है इन दोनों रामलीला का भी मंचन किया जा रहा है।

## गूगल मीट के माध्यम से गोष्टी की गयी

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश शासन के आदेश के क्रम में आज दिनांक-28.09.2025 को पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानो पर बने मिशन शक्ति केन्द्र के प्रभारी/कर्मचारीगणो की गूगल मीट के माध्यम से गोष्ठी की गयी।

P-09:28 paga09_jhn.qxd 9/28/2025 6:51 PM Page 1



# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में प्रेरणादायी संवाद किया: अमित भारद्वाज





**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 126वां ऐपिसोड मन की बात के कार्यक्रम मै मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सिद्धार्थ यादव, विशिष्ट अतिथि अजीत सिंह जिला अध्यक्ष गुरुग्राम महानगर, मन की बात के लोकसभा संयोजक हरविंद् कोहली, कार्यक्रम के आयोजक अमित भारद्वाज जिला अध्यक्ष (किसान मोर्चा) गुरुग्राम महानगर और यश भारद्वाज युवा भाजपा नेता रहे। अमित भारद्वाज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में प्रेरणादायी संवाद किया। आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी उत्पादों के उपयोग और राष्ट्र निर्माण पर अपने महत्वपूर्ण विचार देश के सामने रखे। उनके विचार हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं, जो राष्ट्र सेवा और समाज उत्थान के मार्ग पर हमें निरंतर ऊर्जा व संकल्प प्रदान करते हैं। अमित भारद्वाज ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 का कार्यकाल देश में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। देश के हित में जो काम आरएसएस ने किए हैं, वह अपने आप में अनुकरणीय हैं। आरएसएस के लाखों लाख स्वयंसेवकों के जीवन के हर कर्म, हर प्रयास में राष्ट्र प्रथम की यह भावना हमेशा सर्वोपरि रहती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संघ के कार्यों का मन की बात कार्यक्रम में सांझा करके देश के सामने संघ के काम को रखा है। अमित भारद्वाज ने हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पं. मोहनलाल बड़ौली को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी और केक काटकर जन्मदिवस मनाया और उनके उत्तम स्वास्थ्य की मैया रानी से प्रार्थना की ।इस मौके पर आलिशा तोमर (जिला उपाध्यक्ष गुरुग्राम),नरेश चौहान (मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा),सतेन्दर राघव, सतीश राघव सोहना, यशवीर राघव, नंबरदार भागीरथ राघव, प्रिंसिपल श्याम राघव, तेजपाल राघव, आदि मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मौजूदगी में सीएंडी वेस्ट मैनेजमेंट के लिए होंडा कंपनी के साथ हुआ एमओयू

- सीएंडडी वेस्ट से टायल बनाकर देगी कंपनी, प्लांट स्थापना के लिए जमीन व कूड़ा सरकार करायेगी उपलब्ध



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम, प्रवेश शर्मा।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को गुरुग्राम में जापान की प्रमुख कंपनियों के साथ विशेष बैठक करते हुए हरियाणा में अधिकाधिक निवेश का आह्वान किया। इस दौरान सीएंडडी वेस्ट मैनेजमेंट के लिए होंडा कंपनी के साथ एमओयू भी किया गया, जिसके तहत प्लांट की स्थापना के लिए जमीन व कूड़ा सरकार उपलब्ध करवायेगी जबकि होंडा कंपनी कूड़े से टायल बनायेगी ।मुख्यमंत्री का 6 से 8 अक्तूबर तक जापान दौरा प्रस्तावित है जिसमें वे हरियाणा पैवेलियन का विशेष रूप से दौरा करेंगे। इसके तहत उन्होंने हरियाणा में स्थापित जापान की मुख्य कंपनियों के आला अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए निवेश बढ़ाने पर विशेष रूप से मंथन किया। हरियाणा में जापानी कंपनियों का एक अलग से कलस्टर स्थापित करने पर विचार-विमर्श करते हुए मुख्यमंत्री ने नारायणगढ़ में कलस्टर स्थापना का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि नारायणगढ़ से चंडीगढ़, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड तथा पंजाब बेहद नजदीक हैं, जिनकी दूरी मात्र 40 से 45 किलोमीटर ही है, जिससे व्यापार को विशेष रूप से बढ़ावा मिलेगा ।मानेसर में पानी की बेहतरीन सुविधा पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके लिए डीपीआर तैयार है और अति शीघ्र टेंडर कराकर काम की शुरूआत कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि मूनक नहर से पाइपलाइन के माध्यम से मानसेर में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी जिसके लिए करीब तीन हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले 25-30 वर्षों के दृष्टिगत आबादी बढ़ने की संभावना के दृष्टिगत यह व्यवस्था की जा रही है, जिससे पानी की कोई समस्या नहीं रहेगी ।पहले चरण में करीब 78 करोड़ की लागत से मानेसर में यह व्यवस्था की जाएगी, जिससे औद्योगिक इकाइयां पानी का पुनः उपयोग कर सकेंगी। मुख्यमंत्री ने सीएसआर के माध्यम से उपयोगी कार्यों को गति देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सीएसआर का पैसा उपायुक्त के माध्यम से खर्च किया जाना चाहिए ताकि उस पैसे का बेहतरीन उपयोग हो सके। इस दौरान हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने औद्योगिक इकाइयों का आह्वान किया कि वे सरकार-प्रशासन के साथ मिलकर सीएसआर की गतिविधियों को गति दें, जिससे कि लोगों को प्रभावी रूप में इनका लाभ मिलेगा ।इस मौके पर विधायक मुकेश शर्मा, विधायक तेजपाल तंवर, उपायुक्त अजय कुमार, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली, चीफ कॉर्डिनेटर इंडस्ट्रीज सुनील शर्मा, मिंडा उनो कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर गोरो स्वाय, डेन्सो हरियाणा के मैनेजिंग डायरेक्टर मसातू कितमई व डायरेक्टर कातसूहिति अकाबा, होंडा मोटरसाईकिल एंड स्कूटर्स के सीनियर डायरेक्टर विनय ढिंगरा व डायरेक्टर कत्सुयुकी उजवा, योकोहामा के डायरेक्टर युसुके तबूची, मितसुई किंजोकू कंपोनेंटस के जनरल मैनेजर हितेतोह यमदा व जनरल मैनेजर जून सातो और वरूण बेवरेज के चेयरमैन रवि जयपुरिया आदि मौजूद थे।

# केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को पश्चिम बंगाल के प्रभारी बनने पर सरपंच सुंदर लाल यादव किया सम्मान व स्वागत

- सरपंच सुंदर लाल यादव बोले, भाजपा ने गुरुग्राम व हरियाणा का बढ़ाया सम्मान



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** केंद्रीय श्रम एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को पश्चिम बंगाल के चुनाव प्रभारी लगाए जाने पर रविवार को सरपंच सुंदर लाल यादव ने उनका स्वागत व सम्मान किया।यहां दिल्ली-जयपुर हाइवे स्थित खेडकीदौला टोल प्लाजा के पास सेंकड़ों साथियों के साथ भाजपा हरियाणा के पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक सरपंच सुंदर लाल यादव पहुंचे। जब केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव वहां पहुंचे तो उनके सम्मान में सभी ने नारे लगाए। उन्हें शॉल व बुके भेंट करके उनका सम्मान व स्वागत किया गया। सरपंच सुंदर लाल यादव ने उन्हें पश्चिम बंगाल के चुनाव में प्रभारी लगाए जाने पर संगठन का आभार जताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। साथ ही यह उम्मीद जताई कि उनकी रणनीति से भारतीय जनता पार्टी पश्चिम बंगाल में मजबूत सरकार बनाएगी। सुंदर लाल यादव ने कहा कि केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को यह दायित्व देकर संगठन ने गुरुग्राम ही नहीं बल्कि पूरे हरियाणा का सम्मान बढ़ाया है। अहीरवाल से दो दिगगज नेताओं केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और पूर्व सांसद डा. सुधा यादव को पार्टी ने संगठन में अहम स्थान दिए हैं। यह हम सबके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि मंत्री भूपेंद्र यादव केंद्र सरकार में बैठकर हरियाणा के विकास की पैरवी ही नहीं बल्कि काम भी करवाते हैं। हरियाणा सरकार के साथ वे समय-समय पर विकास के कार्यों पर ना केवल चर्चा करते हैं, बल्कि यहां विकास परियोजनाओं पर खुद भी नजर रखते हैं। अपने मंत्रालय के अंतर्गत वे गुरुग्राम में बड़े स्तर पर काम करते हैं। पर्यावरण में सुधार के लिए अरावली का सुधार करने की शुरूआत उन्होंने बीते दिनों गुरुग्राम से की।

# गुडगांव में वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान से भाजपा पर कांग्रेस का जोरदार प्रहार

- पूर्व सांसद राज बब्बर की मौजूदगी, शहरी अध्यक्ष पंकज डावर के नेतृत्व में शहर में निकाला जुलूस
- भाजपा की जनविरोधी नीतियों और वोट हथियाने की कुनीति को जनता के समक्ष रखा
- वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान बनेगा भाजपा के खात्मे का अभियान



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी अभियान वोट चोर गद्दी छोड़ के तहत जुलूस निकालकर गुडगांव शहरी कांग्रेस ने भाजपा पर जोरदार प्रहार किया। रविवार को गुडगांव के सदर बाजार क्षेत्र में कांग्रेस नेताओं, कार्यकताओं ने जुलूस निकाला गया। हजारों की संख्या में इस जुलूस में शामिल हुए नेताओं, कार्यकताओं ने गुडगांव की जनता को वोट चोरी की हकीकत से रूबरू कराया। सदर बाजार के बीच से जब वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान का जुलूस निकला तो दुकानदारों, व्यापारियों ने भी इस बात का समर्थन किया। साथ ही हस्ताक्षर अभियान में भी जनता ने जोश दिखाते हुए भाजपा के खिलाफ हस्ताक्षर किए। जिला शहरी अध्यक्ष पंकज डावर की ओर से इस आयोजन में पूर्व सांसद एवं गुडगांव लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे राज बब्बर ने शिरकत की। जुलूस में हजारों की संख्या में कार्यकताओं ने भागीदारी की। यहां सदर बाजार क्षेत्र स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर के पास कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए। मंदिर में मत्था टेककर राज बब्बर ने आशीर्वाद लिया। यहां हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें गुडगांव के लोगों ने हस्ताक्षर करके भाजपा सरकार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की।

**वोट चोर गद्दी छोड़ है देश की दुखी जनता की आवाज: राज बब्बर**

इस अवसर पर अपने संबोधन में पूर्व सांसद राज बब्बर ने कहा कि वोट चोर गद्दी छोड़ सिर्फ एक अभियान नहीं है, बल्कि यह देश की दुखी जनता की आवाज है। आज देश के हालात ऐसे हो गए हैं कि देश की जनता अब भाजपा सरकार को गद्दी से उतारने का मन बना चुकी है। भाजपा के हमेशा यही प्रयास होते हैं कि या तो देश को बांटकर वोट लिए जाएं या फिर वोट चोरी किए जाएं। पिछले कुछ राज्यों में हुए चुनावों में भाजपा ने वोट चोरी करने का काम किया। हरियाणा भी इन्हीं राज्यों में से एक है। राज बब्बर ने कहा कि भाजपा को देश के विकास से कोई लेना-देना नहीं है, उसका अपना विकास होना चाहिए। उन्होंने भाजपा की हरियाणा सरकार पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि क्या यह वही गुडगांव है जैसे लोकसभा चुनाव में बातें कही गई थी। दावे और घोषणाएं की गई थी। क्या ये वही गुडगांव है, जिसके सपने जनता को दिखाए गए थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अक्सर गुडगांव आते हैं, लेकिन यहां की जनता से रूबरू नहीं होते।

## समाचार

# आत्मनिर्भर भारत के लिए स्वदेशी वस्तुओं का अभी से इस्तेमाल शुरू करें: सरपंच सुंदर लाल यादव



**-पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम के बाद कही यह बात**

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 126वां ऐपिसोड नगर निगम मानेसर के बूथ नंबर-137 पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं व कार्यकताओं द्वारा सुना गया। तत्पश्चात आत्मनिर्भर भारत के स्वदेश संकल्प अभियान के तहत सभी साथियों का संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर कराकर अभियान का शुभारंभ किया ।इस अवसर पर भाजपा हरियाणा के पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक सुन्दरलाल यादव, गुरुग्राम महानगर जिलाध्यक्ष अजीत यादव, जिला महामंत्री प्रदीप सैनी, जिला उपाध्यक्ष प्रिंसी चाहर, जिला सचिव मनबीर सिंह, कार्यालय मंत्री इंद्रजीत खाटू, महिला मोर्चा महामंत्री रीना, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष प्रीति जोशी, मंडल अध्यक्ष मानेसर मनोज यादव, मंडल प्रभारी कृष्ण यादव, पटौदी जाटोली मंडी के मनोनीत पार्षद जर्मन सैनी, रेवाड़ी युवा मोर्चा प्रभारी भूपेन्द्र यादव, विजयपाल सरपंच नाहरपुर सहित पार्टी के सेंकड़ों कार्यकर्ता साथी उपस्थित रहे ।सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में प्रेरणादायी संवाद किया। प्रधानमंत्री ने स्वदेशी का जोरदार नारा दियाहै ।कहा है कि-ठान लीजिए, हमेशा के लिए, जो देश में तैयार हुआ है, वही खरीदेंगे। जिसे देश के लोगों ने बनाया है, वही घर ले जाएंगे। जिसमें देश के किसी नागरिक की मेहनत है, उसी सामान का उपयोग करेंगे।

# तेज स्पीड थार पलटने से 5 लोगों की मौत, एक घायल

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार अलसुबह झाड़सा चौक के निकट थार कार के पलटने से 5 लोगों की मौत हो गई। बताया जाता है कि घटना के समय कार तेज रफ्तार में थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह करीब 5 बजे ईआरवी के माध्यम से पुलिस थाना सैक्टर-40, गुरुग्राम की पुलिस टीम को एक सूचना झाड़सा चौक के फ्लाईओवर की दीवार से एक थार गाड़ी टकराने के संबंध में प्राप्त हुई। उपरोक्त सूचना पाकर पुलिस टीम घटनास्थल पहुंची, जहां थार गाड़ी फ्लाईओवर की दीवार में टकराई हुई थी, गाड़ी में सवार सभी घायलों को पुलिस की ईआरवी टीम द्वारा एम्बुलेंस की सहायता से अस्पताल भेजा जा चुका था। पुलिस टीम को इस दौरान यह भी ज्ञात हुआ कि इस दुर्घटना में 3 लड़कियों, 2 लड़कों सहित कुल 5 की मौत हो चुकी व एक लडका घायल है। जिनकी पहचान प्रतिष्ठा मिश्रा, आदित्य प्रताप सिंह, गौतम, लवनय, सोनी के रुप में हुई है। जबकि घायल कपिल शर्मा बताया जा रहा है। पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त दुर्घटना के सम्बन्ध में एकत्रित की गई सूचनाओं में ज्ञात हुआ कि मृतक गौतम, आदित्य प्रताप सिंह व घायल कपिल नोएडा में विज्ञापन से संबंधित व्यवसाय करते हैं व मृतका लवनया, प्रतिष्ठा मिश्रा ग्रेटर नोएडा में एलएलबी की स्टुडेंट्स है।

# ड्रिंक एंड ड्राइव व ओवरस्पीडिंग के खिलाफ यातायात पुलिस गुरुग्राम का सख्त एक्शन

**वर्ष 2025 में अब तक किए हैं कुल 80,150 चालान**

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** पुलिस आयुक्त गुरुग्राम विकास अरोड़ा के निर्देशन में कार्य करते हुए पुलिस उपायुक्त यातायात डॉ. राजेश मोहन की देखरेख एवं सहायक पुलिस आयुक्त यातायात मुख्यालय/हाईवे सत्यपाल यादव ॥ की निगरानी में, यातायात पुलिस गुरुग्राम द्वारा वर्ष 2025 के दौरान सडक सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। एक जनवरी से 26 सितम्बर तक ड्रिंक एंड ड्राइव के तहत कुल 20,505 वाहन चालकों के चालान किए गए। वहीं ओवरस्पीडिंग के मामलों में 59,645 वाहन चालकों पर चालान करते हुए सख्त कार्रवाई की गई। यदि वर्ष 2024 की तुलना की जाए, तो उस वर्ष ड्रिंक एंड ड्राइव के अंतर्गत कुल 26,287 चालान किए गए थे। वहीं, "ओवरस्पीडिंग" के मामले में 2024 में 18,444 चालान किए गए थे। यातायात पुलिस गुरुग्राम द्वारा केवल चालान करके ही नहीं, बल्कि लगातार जन-जागरूकता अभियानों के माध्यम से भी नागरिकों को यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया जा रहा है। "चालान नहीं, सलाम मिलेगा" अभियान के तहत सुरक्षा रथ, एलईडी वैन, तथा जनसंपर्क माध्यमों द्वारा आरडब्ल्यूए सोसायटियों, स्कूलों, कॉलेजों, ट्रांसपोर्ट यूनियनों, कंपनियों और सार्वजनिक स्थलों पर जाकर लोगों को शिक्षित किया जा रहा है। गुरुग्राम पुलिस आप सभी वाहन चालकों से अपील करती है कि आप यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन करें। ड्रिंक एंड ड्राइव, ओवरस्पीडिंग, लेन उल्लंघन, ध्वनि प्रदूषण और अवैध नीली-लाल बत्ती के प्रयोग से बचें। यातायात पुलिस गुरुग्राम द्वारा इस प्रकार के जागरूकता अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे, ताकि गुरुग्राम की सडकों को और अधिक सुरक्षित बनाया जा सके।

# मां दुर्गा के 7वें नवरात्रे पर आज उपासक करेंगे मां कालरात्रि की आराधना



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** मां दुर्गा की 7वीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती है। आज सोमवार को 7वें नवरात्रे पर उपासक मां कालरात्रि की पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करेंगे। धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख है कि मां के शरीर का रंग घने अंधकार की तरह एकदम काला है, सिर के बाल बिखरे हुए हैं, गले में विद्युत की तरह चमकने वाली माला भी है, मां के 3 नेत्र हैं, ये तीनों नेत्र ब्रह्मांड के सदृश गोल हैं, इनसे विद्युत के समान चमकीली किरणें निःसृत होती रहती हैं, मां का वाहन गर्दभ है। इनका ऊपर उठा हुआ दाहिने हाथ की वरमुद्रा सभी को वर प्रदान करती हैं। दाहिनी ओर का नीचे वाला हाथ अभय मुद्रा में है। बायीं ओर के ऊपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। मां कालरात्रि का स्वरूप देखने में अत्यंत भयानक है लेकिन मां सदैव ही शुभ फल देने वाली ही हैं। इसलिए भक्तों को मां से भयभीत नहीं होना चाहिए। मां की उपासना करने वाले साधकों को लाभ मिलता है, मां उनके समस्त पापों और विघ्नों का नाश कर देती है। मां की कृपा से उपासक सर्वथा भयमुक्त हो जाता है। उपासक को एकाग्र मन से मां की उपासना करनी चाहिए।

# जीएसटी सुधार से साकार होगा एक राष्ट्र- एक कर का सपना: मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जीएसटी बचत उत्सव कार्यक्रम के माध्यम से गुरुग्राम में उद्यमियों से किया सीधा संवाद



हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जीएसटी बचत उत्सव को लेकर गुरुग्राम में आयोजित हित धारकों के साथ संवाद कार्यक्रम में उपस्थित जन को सम्बोधित करते हुए। (28.09.2025)

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए गत 22 सितंबर को जीएसटी सुधार लागू किए हैं। जीएसटी की इस नई प्रणाली से हरियाणा की जनता को लगभग चार हजार करोड़ रुपये का लाभ होगा। ये सुधार आत्मनिर्भर भारत- आत्मनिर्भर हरियाणा बनाने में मील का पत्थर साबित होंगे। मुख्यमंत्री रविवार को गुरुग्राम में आबकारी एवं कराधान विभाग हरियाणा द्वारा आयोजित जीएसटी बचत उत्सव कार्यक्रम में उद्यमियों के साथ सीधा संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने उपस्थित सभी उद्यमियों को नवरात्रों के पावन पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जी.एस.टी. में सुधार करने की घोषणा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर की थी और मात्र एक महीने के भीतर वह घोषणा पूरी हो चुकी है। इससे पता चलता है कि जो मोदी जी की गारंटी है, वह अवश्य पूरी होती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने स्वदेशी का आह्वान किया है, आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना की है और अभी अपनी जापान यात्रा के दौरान मेक इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड का विजन रखा है। उसे साकार करने में भी ये सुधार महत्वपूर्ण साबित होंगे। इनसे रोजमर्रा इस्तेमाल के उपभोक्ता सामान सस्ते हुए हैं। इसलिए मध्यम वर्ग की बचत बढ़ी है और आगामी त्योहारों के सीजन में खरीदारी से बाजार को बड़ा लाभ होगा ।उन्होंने कहा कि हरियाणा में कर आधार का विस्तार हुआ है और जी.एस.टी. संग्रह में वृद्धि हुई है। हरियाणा का नेट एस.जी.एस.टी. संग्रह 2018-19 के 18,910 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 में 39,743 करोड़ रुपये हो गया। यह 110 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

इस अवसर पर पटौदी से विधायक श्रीमती बिमला चौधरी, सोहना से विधायक श्री तेजपाल तंवर, गुरुग्राम से विधायक श्री मुकेश शर्मा, गुरुग्राम नगर निगम की महापौर श्रीमती राजरानी मल्होत्रा, आबकारी एवं कराधान आयुक्त श्री विनय प्रताप सिंह, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार श्री राजीव जेटली, डीसी श्री अजय कुमार, सीपी श्री विकास अरोड़ा, नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त श्री प्रदीप दहिया, मानेसर के आयुक्त श्री आयुष सिन्हा, जेईटीसी स्नेहलता यादव, डीईटीसी एनआर फूले, अमित भाटिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण, व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# एआईडीवाईओ व एआईडीएसओ ने राज्य स्तरीय स्मृति सभा व रैली का किया आयोजन





**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ ऑगेनाईजेशन (एआईडीवाईओ) व एआईडीएसओ द्वारा शहीद ए आजम भगत सिंह की 118वीं जयंती पर राज्य स्तरीय स्मृति सभा व रैली का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में संगठन से जुड़े सदस्य, छात्र व युवा शामिल हुए और भगत सिंह को नमन कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। संगठन के कामरेड राजेन्द्र सिंह का कहना है कि भगत सिंह व अन्य क्रांतिकारियों ने आजादी को केवल अंग्रेजों से राजनीतिक मुक्ति तक सीमित नहीं रखा, अपितु उनका लक्ष्य शोषणमुक्त समाजवाद की स्थापना करना था। आजादी के बाद सत्ता पूंजीपतियों के हाथों में चली गई और वह सपना अधूरा ही रह गया। महंगाई, बेरोजगारी और सांप्रदायिकता जैसी चुनौतियां देश को आगे बढ़ने से रोक रही हैं। बलवान सिंह ने कहा कि नौजवानों को शोषण, नशे और सांप्रदायिकता के जाल से बाहर निकलकर समाजवादी व्यवस्था की स्थापना के लिए संघर्ष करना होगा। भगत सिंह के विचारों को आत्मसात कर उनके दिखाए मार्ग पर चलना होगा। आयोजन को हरीश, अजय, संदीप, नरेश, केवल सिंह, उमेश मौर्य, सुमित, सतीश आदि ने भी संबोधित करते हुए युवाओं से आग्रह किया कि वे भगत सिंह के आदर्शों से प्रेरणा लेकर वैज्ञानिक सोच अपनाएँ और शोषणमुक्त समाज की स्थापना के लिए संघर्ष करें।

# 21वी सदी में पब्लिक हेल्थ विभाग सोहना वासियों को पिला रहा दूषित पानी



**उत्तम भारत संवाददाता, सोहना।** पब्लिक हेल्थ विभाग आज भी 21वी सदी में भी सोहना वासियों को दूषित पानी पिला रहा है। जिसके चलते जनता में विभाग के प्रति विश्वास उठता जा रहा है। हालांकि पिछले एक सप्ताह से पूरे सोहना में दूषित पीने का पानी सप्लाई में आ रहा है और शिकायत करने के बावजूद भी अधिकारी और कर्मचारी बेलगाम हो चुके हैं। कोई सुनने वाला नहीं। हालांकि दूषित पानी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैसंबोधित विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों तक भेजी जा चुकी हैं आश्वासन देने के बावजूद आज भी पानी दूषित आ रहा है। शहर वासी विमलेश गोस्वामी,श्रवण जुनेजा,सनातन धर्म सभा के प्रधान लवली जुनेजा,तरुण लठ,डॉ नरेश पाहुजा,ललित शर्मा,देव दत्त शर्मा एडवोकेट,सुनील पंवार एडवोकेट आदि का कहना है कि जब आज के समय में सोशल मीडिया एक समस्या समाधान के लिए अच्छा प्लेटफॉर्म है उसके बावजूद समाधान नहीं होना विभाग की लापरवाही ही कहेंगे। हालांकि दूषित पानी के सप्लाई को लेकर विभाग के जे ई कंवर अहमद का कहना है ट्रीटमेंट प्लांट घामदोज में पानी फिल्टर नहीं हो रहा,कर्मचारी लगे हैं जल्द ही सप्लाई साफ हो जाएगी कर्मचारियों को बलौदा रोड के लिए भी बोला है, लाइन कोई लीकेज है तो उसे जल्द ठीक करेंगे। लोगों के कनेक्शन भी लीक हैं जो अवैध हैं उन्हें जल्द काटा जाएगा।

# श्री दुर्गा रामलीला कमेटी के कलाकारों ने श्रीराम केवट संवाद व शूर्पनखा की नाक काटने की लीला का किया बखूवी मंचन



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** रामलीलाओं में कहीं श्रीराम वनवास तो राम-केवट तो कहीं शूर्पणखा की नाक काटने की लीलाओं का मंचन कलाकारों द्वारा किया जा रहा है। इन लीलाओं का देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक भी पहुंच रहे हैं। जिनमें महिलाओं की संख्या भी अच्छी खासी दिखाई दे रही है। जैकबपुरा की श्री दुर्गा रामलीला कमेटी के कलाकारों ने शूर्पणखा प्रसंग का बखूवी वर्णन किया। शूर्पणखा अपनी कटी नाक के साथ रावण के दरबार में पहुंचती है। रावण शूर्पनखा की हालात के बारे में पूछता है तो शूर्पनखा कहती कि राजा दशरथ के पुत्र लक्ष्मण ने उसकी नाक काट दी है, उसके साथ एक सुंदर स्त्री है, ऐसी सुंदर स्त्री उसने आज तक नहीं देखी। अपनी बहन की कटी नाक का बदला लेने के लिए रावण खर-दूषण को भी भेजता है। उनको लक्ष्मण मार देता है। मंच पर रावण का दरबार भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। राम-सीता को भी वनों में दिखाया गया। रावण-मारीच संवाद का भी मंचन कलाकारों ने किया। मारीच ने रावण से कहा कि महाराज सती, संत, गुरु, ब्राह्मण, खास पड़ौसी, वैद्य, हकीम और आपका दास। इन सब से इंसान को कभी बैर नहीं रखना चाहिए। जो इनसे बैर बढ़ाता है, वो आखिर मारा जाता है। मारिच की बातों को अनसुना कर रावण मारीच से कहता है कि आपको सोने का मृग बनना है या आपका वध कर दिया जाए।

P-10:28 paga09_jhn.qxd 9/28/2025 8:01 PM Page 1



# डॉ. योगेश भाटिया के जन्मदिन के अवसर पर नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद, सुमीत गोयल।** लव कुश फाउन्डेशन ने संस्थापक डॉ. योगेश भाटिया के जन्मदिन के अवसर पर नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया।



डॉ. योगेश भाटिया की संस्था ने उनके जन्मदिन के उपलक्ष में चेतना वेल्फेयर सोसाइटी (संस्थापक – डॉ. एस के नागपाल) में नि:शुल्क मल्टी स्पेशियलिटी स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जिसमें करीब 150 मरीजों ने शहर के प्रसिद्ध डॉक्टरों से परामर्श लिया तथा उन्हें नजर के चश्में व दवाइयां भी निशुल्क उपलब्ध करवाई गईं तथा टफ्फ्र व अल्ट्रासाउंड की सुविधा 70 % की छूट पर उपलब्ध करवाई गई। डॉ. योगेश भाटिया ने अपने पिता डॉ. सुदेश कुमार भाटिया के साथ हर वर्ष भांति दिव्यांग बच्चों को नवरात्रि प्रसाद खिलाकर अपना जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रहे डॉ. निखिल सेठ (Eye Surgeon) व डॉ. कुनाल बहरानी (Neurologist) तथा विशिष्ट अतिथि रहे डॉ. राकेश कुमार (Ortho Surgeon), डॉ. दीपक चौधरी (Neuro Surgeon), डॉ. रुचिका मिगलानी, (Dermatologist), डॉ. संदीप मल्होत्रा (Santosh Hospital), डॉ. संदीप बब्बर (Skin Specialist)। इस कैम्प में लव कुश फाउन्डेशन के सहयोगी रहे डॉ. प्रीति अग्रवाल, किशोर शर्मा, कैलाश, दाऊजी सिंह, प्रेम राजपुरोहित, प्रमोद गिरधर, साहिल अरोड़ा, लव थरेजा आदि ने सहयोग किया।

# मोदी सरकार की नीतियों से भारत का वैश्विक उदय हुआ है : कृष्णपाल गुर्जर

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद, नवीन शाह।** केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने प्रबुद्ध जन सम्मेलन एवं वरिष्ठजन सम्मान समारोह में कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास किया है। 2014 से पहले का कालखंड आपने देखा है देश का क्या हाल था, चारों तरफ भ्रस्टाचार और लूट का बोलबाला था और देश कि वितीय हालत खड्डाब थी। मोदी जी ने राष्ट्र प्रथम कि सोच के साथ कार्य कर देश विकास के पथ पर को आगे बढाने का कार्य किया । उनके नेतृत्व में आज भारत न केवल दुनिया की चौथी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति है, बल्कि वैश्विक स्तर पर अपनी आर्थिक नीतियों और सुधारों के कारण विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है। श्री गुर्जर सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा फड्डीदाबाद द्वारा भाजपा जिला कार्यालय ह्यअटल कमलह्न में आयोजित प्रबुद्ध जन सम्मेलन एवं वरिष्ठजन सम्मान समारोह में उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पूर्व शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, जिला प्रभारी नरेंद्र वत्स, महापौर प्रवीण जोशी, जिला महामंत्री चौधरी प्रवीण गर्ग, सेवा पखवाडा जिला संयोजक शोभित अरोड़ा, पूर्व जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओम प्रकाश रक्षवाल, वजीर सिंह डागर, जिला सह संयोजक मदन पुजारा, प्रभा सोलंकी, खुशबू सिंह, जिला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता उपस्थित रहे। केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने फरीदाबाद के वरिष्ठ समाजसेवियों संजय शर्मा, गौसेवक तिलकराज बैसला, के.जी अग्रवाल का उनके सेवा के कार्यों के लिए सम्मानित किया। श्री गुर्जर ने कहा कि मोदी जी का नेतृत्व आज भारत के लिए एक परिवर्तनकारी युग का प्रतीक बन चुका है। वर्ष 2014 से अब तक का कालखंड विकास, पारदर्शिता, सुशासन और जनकल्याण के नए प्रतिमान स्थापित करने वाला युग रहा है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने गरीब कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। पूर्व शिक्षा मंत्री एवं लोकसभा संयोजक नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म्स सीमा त्रिखा ने अपने संबोधन में कहा कि जीएसटी बचत उत्सव – मोदी जी का जनता के लिए दिवाली का 2.5 लाख करोड़ का तोहफा है, इससे न केवल व्यापार जगत को मजबूती मिलेगी, बल्कि उपभोक्ताओं को भी प्रत्यक्ष लाभ पहुंचेगा। मोदी जी ने रिफॉर्म्स कर दवाएँ, डायग्नोस्टिक उपकरणों पर टैक्स घटा दिया है और जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर और रोजमर्रा की जरुरत आवश्यक वस्तुओं पर टैक्स खत्म कर दिया है।



# बीजेपी राज में देश का हर वर्ग महंगाई, बेरोजगारी एवं भ्रष्टाचार से त्रस्त : बलजीत कौशिक

**उत्तम भारत संवाददाता**

**फरीदाबाद।** जननायक पार्टी छोड़ सैंकड़ों महिलाओं एवं युवाओं ने रविवार को कॉंग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष बलजीत कौशिक के नेतृत्व में कॉंग्रेस पार्टी का दामन थामा। बलजीत कौशिक ने सेक्टर 9 स्थित जिला कार्यालय पर सभी को पटका पहनाकर कॉंग्रेस पार्टी में शामिल करवाया। शामिल होने वालों में जजपा एनआईटी ब्लॉक अध्यक्ष सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। बलजीत कौशिक ने कहा कि कॉंग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जहां कार्यकताओं को पूरा मान सम्मान दिया जाता है। जिस तरह से लोग कॉंग्रेस पार्टी मे शामिल हो रहे हैं, उससे पार्टी लगातार मजबूत हो रही है और आने वाले समय में आपको बदलाव देखने को मिलेगा। इस मौके पर बलजीत कौशिक ने कहा कि कॉंग्रेस पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो देश का भला कर सकती है। आजादी से लेकर अब तक देश को चलाने का काम कॉंग्रेस पार्टी ने ही किया है। आने वाला समय कॉंग्रेस का है और अधिक से अधिक संख्या में लोग राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी में आस्था जता रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी युवाओं को भड़काने का काम कर रही है। आज देश का हर वर्ग महंगाई, बेरोजगारी एवं भ्रस्टाचार से आहत है। स्मार्ट सिटी के नाम पर लोगों के खून पसीने की कमाई को लूटकर खा गए। नगर निगम में हुए 200 करोड़ घोटाले में शामिल आईएएस अधिकारियों से पूछताछ की अनुमति न देकर भाजपा ने स्पष्ट कर दिया है कि वो भ्रस्टाचार की पोषक है।



इस अवसर पर जजपा की एनआईटी महिला अध्यक्ष एवं पार्षद प्रत्याशी वर्ड 6 से सीमा सितोंरिया, बॉबी सितोंरिया, रोहित छाबड़ी, राहुल नागर, आशीष पांडे, आस मोहम्मद, आरिफ, हरिओम, राकेश, राजेन्द्र सिंह, पार्वती, तुलसी, बबीता, मानती, नीतू कॉंग्रेस पार्टी में शामिल हुए। इनके साथ इस मौके पर मुख्य रुप से सुनीता फागना महिला कॉंग्रेस अध्यक्ष, योगेश तंवर प्रदेश महासचिव, पर्यावरण प्रकोष्ठ, विकास फागना एवं जूबेर खान आदि मौजूद रहे।

# फरीदाबाद में बॉक्सर मैरी कॉम के घर चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** छह बार की वर्ल्ड चैंपियन और ओलिंपिक पदक विजेता बॉक्सर मैरी कॉम के फरीदाबाद सेक्टर-46 स्थित घर में चोरी हो गई। चोरों ने घटना को उस समय अंजाम दिया जब घर में कोई नहीं था। मैरी कॉम बीते दो हफ्ते से एक इवेंट में भाग लेने के लिए मेघालय गई हुई हैं। चोरों का एक सीसीटीवी भी सामने आया है। सूरजकुंड थाना पुलिस सूचना पर घर पहुंची और जरूरी सबूत एकत्रित किए है। घर से चोरी के बाद छह चोरों की तस्वीरें सामान लेकर जाते हुए कालोनी मे लगे एक कैमरे में कैद हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। छह बार की वर्ल्ड चैंपियन बॉक्सर मैरी कॉम पिछले तीन साल से फरीदाबाद के सेक्टर -46 स्थित मकान नंबर 300 में अपने परिवार के साथ रह रही है। बीते दो हफ्ते से मैरी कॉम एक इवेंट में भाग लेने के मेघायल गई हुई है। इसलिए घर पर कोई मौजूद नही था। पडोसी अतीत ने बताया कि 24 सिंतबर की सुबह करीब 4 बजे के करीब 6 चोर



मैरी कॉम के घर के अंदर से सामान लेकर भागते हुए सीसीटीवी में रिकार्ड हुए है। उन्होंने बताया कि पहले एक चोर बैग लेकर जाता है उसके दूसरा चोर टीवी लेकर जाता है । इसके बाद तीसरा चोर स्कूटर पर एक पोटली लेकर जाता है। जिसके बाद तीन चोर पैदल भागते हुए सामान लेकर जाते है। मैरी कॉम के घर में चोरी का खुलासा तब हुआ जब पड़ोसियों ने कालोनी में लगे सीसीटीवी कैमरे की रिकार्डिंग को देखा। पड़ोसी अतीत ने बताया कि उनके पास फोन आया है कि मैरी कॉम के घर से चोर सामान चोरी कर ले गए है। अतीत ने बताया कि उन्होंने उसी समय मैरी कॉम से मोबाइल पर संपर्क करने की कशिश की लेकिन बात नही हो पाई। जिसके बाद हमने पुलिस को सूचना दी। कुछ समय बाद मैरी कॉम से सपंर्क हुआ तो हमने उनको सीटीवी की फोटो भेज कर जानकारी दी। पड़ोसी संदीप बंसल ने बताया कि मैरी कॉम पिछले तीन साल से फरीदाबाद के इस मकान में रह रही थीं। उनके घर पर चोरी की वारदात से आसपास के लोगों में डर और आक्रोश का माहौल है। इलाके में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिस पर पुलिस को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। चोरी की वारदात की सूचना मिलने के बाद सूरजकुंड थाना पुलिस और क्राइम ब्रांच, फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची । जिसके बाद पुलिस से घटना स्थल की जांच की। फोरेंसिक टीम ने मौके से सबूत एकत्रित किए है। पुलिस ने आस-पास के घरों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी कब्जे में लिया। है। सूरजकुंड थाना प्रभारी प्रहलाद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि , पुलिस की सात टीमें बनाई गई है जो चोरों की तलाश कर रही है। पुलिस को चोरों के जो सीसीटीवी मिले है उनके आधार पर पुलिस अपनी जांच कर रही है। जल्द ही सभी चोर पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# रेनू गुप्ता का अचानक इस दुनिया से चले जाना अत्यंत दुखद : नायब सैनी

**उत्तम भारत संवाददाता**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को फरीदाबाद पहुंचे और हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल के आवास पर जाकर उनकी भाभी श्रीमती रेनू गोयल के आकस्मिक निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर स्व. रेनू गोयल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि इस कठिन घड़ी में परिवार को धैर्य बनाए रखना चाहिए और ईश्वर से प्रार्थना की कि वे दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों को इस गहन दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीमती रेनू गुप्ता का अचानक इस दुनिया से चले जाना अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है। उनका निधन न केवल परिवार के लिए बल्कि पूरे समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है। स्वर्गीय रेनू गोयल स्नेही, सरल और सौम्य स्वभाव की महिला थीं, जिन्होंने अपने जीवन में सभी के साथ अपनत्व का व्यवहार किया। उनके व्यक्तित्व और कार्यों की स्मृति हमेशा लोगों के हृदय में बनी रहेगी। मुख्यमंत्री ने मंत्री विपुल गोयल व परिजनों को आश्वासन दिया कि इस दुख की घड़ी में पूरा समाज और वे स्वयं उनके साथ हैं। बता दें कि मंत्री विपुल गोयल की भाभी 65 वर्षीय श्रीमती रेणु गोयल का गत 24 सितंबर को अचानक निधन हो गया था। वे स्व. विनोद गोयल की धर्मपत्नी थी, जिनके तीन बच्चे हैं। इस अवसर पर फरीदाबाद मंडल के आयुक्त संजय जून, पुलिस आयुक्त सत्येंद्र कुमार गुप्ता, डीसी विक्रम सिंह, मुख्यमंत्री के मीडिया सचिव राजीव जेटली, एसडीएम फरीदाबाद अमित कुमार, मीडिया कॉर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ, फरीदाबाद भाजपा अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, बल्लभगढ़ भाजपा के अध्यक्ष सोहन पाल सिंह सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने मंत्री विपुल गोयल के आवास पर पहुंच कर शोक जताया और स्व. रेनू गोयल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर परिवार के सदस्य मंत्री विपुल गोयल के भाई अशोक गोयल, भतीजे अमन गोयल व हितेश गोयल व भतीजी एकता सिंघल आदि मौजूद थे।



# देश को एक सूत्र में बांधती है पीएम मोदी के मन की बात : धरमवीर भड़ाना

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात के 126वें एपिसोड के जरिए देशवासियों से संवाद किया। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना ने अपने कार्यालय में तमाम कार्यकताओं के साथ मन की बात सुनी। धर्मवीर भड़ाना ने बताया कि पीएम ने सबसे पहले महान क्रांतिकारी भगत सिंह व महान गायक लता मंगेशकर को उनकी जयंती पर उन्हें याद किया ।जीएसटी कटौती से देश की जनता को क्या लाभ होगा इसके बारे में बताया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने एक बड़ा कदम उठाते हुए कहा कि भारत सरकार भी छठ पूजा से जुड़े एक बड़े प्रयास में जुटी है। भारत सरकार छठ महापर्व को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल कराने के लिए प्रयासरत है। जब छठ पूजा यूनेस्को की सूची में शामिल हो जाएगी, तो दुनिया के हर कोने में लोग इसकी भव्यता और दिव्यता का अनुभव कर पाएंगे । धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि पीएम मोदी का यह कार्यक्रम देश के करोड़ों लोग सुनते हैं और इस कार्यक्रम से देश की सभ्यता संस्कृति के बारे में तमाम जानकारियां मिलती हैं। प्रधानमंत्री मोदी लगातार कार्यक्रम के माध्यम से खिलाडिड्डों सीमा पर तैनात जवानों, किसानों, और युवाओं का हौसला बढ़ाते हैं। उनका यह कार्यक्रम देश को एक सूत्र में बांधने का काम करता है । उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने देश की जनता को स्वदेशी अपने की सलाह दी है जो बहुत अच्छी बात है इससे देश के लोग देश में बने सामान को ही खरीदेंगे और देश की आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी।



# 4 करोड़ की लागत से बनेंगी पंचशील की गलियां – सुधीर नागर

● मंत्री राजेश नागर के छोटे भाई सुधीर नागर ने शुरू कराया विकास कार्य

**उत्तम भारत संवाददाता**

**फरीदाबाद।** भाजपा नेता सुधीर नागर ने कहा कि हमारे तिगांव विधानसभा क्षेत्र में जोरदार विकास कार्य चल रहे हैं जिसे जनता प्रत्यक्ष देख रही है। हमारे भाई मंत्री राजेश नागर ने जनता से जो वादे किए उन्हें वह पूरी शक्ति के साथ निभा रहे हैं। यह बात भाजपा नेता सुधीर नागर ने बड़े भाई मंत्री राजेश नागर की अनुपस्थिति में चार करोड रुपए के विकास कार्य शुरू करवाते समय कही। उन्होंने बताया कि आज पंचशील कॉलोनी पार्ट एक और दो में एक साथ 88 गलियों के निर्माण का कार्य शुरू करवाया है जिसपर करीब चार करोड़ रुपए की लागत आएगी। इन गलियों के बनने से उनका हमारी सरकार पर विश्वास और मजबूत होगा।



उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा आगे बढ़ रहा है जिसमें तिगांव भी शामिल है। हम अपने क्षेत्र को विकसित क्षेत्र बनाना चाहते हैं। इसके। लिए मंत्री राजेश नागर भी हर पल क्षेत्र का ही चिंतन करते हैं। वह हर रविवार अपने निवास पर स्वजनों से बात करके उनकी सेवा करने के लिए उपलब्ध रहते हैं साथ ही उनके चंडीगढ़ स्थित निवास एवं कार्यालय भी जनता के लिए खुले रहते हैं। इससे पहले उन्होंने स्थानीय बुजुर्गों के हाथ नारियल फुड़वाकर निर्माण शुरू करवाया। उन्होंने ठेकेदार से समय पर काम पूरा करने की भी बात कही। इस अवसर पर वार्ड नंबर 27 की पार्षद रूबी सरोज शीशराम अवाना, कर्मवीर प्रधान, साहू प्रधान, पप्पू प्रधान, अजीत अवाना, बालेश्वर जैलदार, आरडब्ल्यूए अध्यक्ष रामप्रसाद, एसपी चौधरी, संजय भाटी, अजय अवाना, निक्कू अवाना, महिपाल प्रधान, रणधीर नेताजी,कुलदीप गुप्ता आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# मुकेश के सदाबहार नगमों से गूंज उठी मुख्तार शाह नाईट

**उत्तम भारत संवाददाता**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद साहित्यिक एवं सांस्कृतिक केंद्र (एफएलसीसी) द्वारा जीवा पब्लिक स्कूल में आयोजित मधुर गीतों के कार्यक्रम ह्यएक सुरीली शाम मुकेश के नामह्न में सदाबहार दिलकश आवाज के मालिक महान स्वर्गीय गायक मुकेश को उनके गाये गीतों के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए मुख्तार शाह सदाबहार नगमों की जो बहार लाये उसे पूरा सभागार गूंज उठा। वर्षो बाद शहरवासियों ने पुराने नगमों को सुना तो वे एकाग्रचित हो कर बॉलीवुड के मशहूर गायक मुकेश के गानों को मुख्तार शाह के मुख से सुने तो सुनते ही रह गये। उन्होंने अपनी सुरीली आवाज में एक के बाद एक सदाबहार नगमों की माला के मोतियों को ऐसा पिरोया कि दर्शक अपने स्थान से अंत तक हिल न सकें। वह मुकेश के सदाबहार और सुरीले गानों जाने कहाँ गए वो दिन, तारों में सज के अपने सूरज से, देखो धरती चली मिलने, इक दिन बिक जायेगा, माटी के मोल, चाँद सी महबूबा हो मेरी, डम डम डिगा डिगा, मौसम भिगा भिगा, जीना यहाँ मरना यहाँ, ओह रे ताल मिले नदी के जल में की प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर गए।




म्यूजिक डिजाइनर बैंड ने गायकों के लिए एक मजबूत संगीतमय ढाँचा तैयार करते हुए अपने दमदार प्रदर्शन से कार्यक्रम में एक अलग ही ऊर्जा भर दी। उनकी ताल और धुनें ने दर्शकों को थिरकने और गाने पर मजबूर दिया जिससे पूरे माहौल में उत्साह और जोश भर गया

कार्यक्रम से पहले मीडिया और पत्रकारों के साथ मुख्तार शाह के विशेष संवादात्मक सत्र में एफएलसीसी की तरफ से कोषाध्यक्ष वसु मित्र सत्यार्थी ने मुख्तार शाह व मीडिया और पत्रकार साथियों स्वागत किया और सहयोग के लिए धन्यवाद किया। तत्पश्चात मुख्तार शाह ने अपनी उन्होंने अपने जीवन, करियर और संगीत से जुड़े कई पहलुओं पर चर्चा करते हुए फरीदाबाद साहित्यिक एवं सांस्कृतिक केंद्र द्वारा शहर में पहली बार उनके संगीतमय कार्यक्रम आयोजन की सराहनीय पहल कई शुभकामनाएं दी तथा मीडिया के सभी सवालों का जवाब दिया।

संगीतमय शाम की शुरूआत में मुकेश के जीवन और उनके संगीत सफर पर एक छोटी डॉक्युमेंट्री प्रस्तुति दर्शकों के लिए एक भावुक पल था। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती वंदना और दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम डायरेक्टर प्रसिद्ध कवि दिनेश रघुवंशी ने कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से संचालित करते हुए मुकेश के जीवन और उनके गानों से जुड़ी दिलचस्प बातों को दर्शकों के साथ साझा किया।

कार्यक्रम में एफएलसीसी महासचिव एम एल नंदवानी, उपप्रधान जगदीप मैनी, कोषाध्यक्ष वसु मित्र सत्यार्थी, कार्यकारिणी सदस्य वी के अग्रवाल, अश्वनी सेठी संस्थापक सदस्य जितेंद्र मान, संदीप गोयल, शुभ तनेजा, हरीश अरोड़ा, मोहिंद्र सेठी, राकेश कुकरेजा व विभिन्न संस्थाओं के गणमान्य सदस्यों तथा भारी संख्या में संगीत प्रेमी शामिल हुए।

## समाचार

### तावडू में अवैध शराब की 24 बोतलों सहित व्यक्ति काबू, मामला दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू, ( मैहंदीरत्ता )।** शहर के डिढारा बाईपास से पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध शराब की 24 बोतलों सहित काबू कर लिया। पुलिस ने नामजद व्यक्ति के खिलाफ शराब अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस क्राईम की रोकथाम के लिए शहर के पटौदी चौक पर मौजूद थी कि सूचना मिली कि शहर के वार्ड नंबर 9 निवासी मुकट अवैध शराब बेचने का धन्धा करता है। जो आज भी अपनी बाइक डीढारा बाईपास तावडू के नजदीक खड़ी करके अवैध शराब बेच रहा है। पुलिस ने सूचना पर रेड मार कर मुकट को अवैध शराब सहित काबू कर लिया। जिससे 24 बोतल अवैध शराब की मिली। मुकट कोई लाईसेंस व परमिट पेश न कर सका। पुलिस ने मुकट के खिलाफ शराब अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### शहर व क्षेत्र में मां दुर्गा के छटे रूप कात्यानी की श्रद्धा पूर्वक की गई पूजा अर्चना

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** नवरात्रों के पावन अवसर पर मंदिरों में दुर्गा मां के छटे स्वरूप कात्यायनी माता की पूजा रविवार को श्राद्धालुओं द्वारा श्रद्धा पूर्वक की गई। माता कात्यायनी की भक्ति और उपासना द्वारा मनुष्य को बडी सरलता से अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष चारों फ लों की प्राप्ति हो जाती है। वह इस लोक में स्थित रहकर भी आलौकिक तेज और प्रभाव से मुक्त हो जाता है। देवी कात्यायनी दानवों तथा पापियों का नाश करने वाली देवी है। वैदिक युग में ये ऋषि-मुनियों को कष्ट देने वाले दानवों को अपने तेज से ही नष्ट कर देती थी। सांसारिक स्वरूप में यह सिंह सवार चार भुजाओं वाली सुसज्जित आभा मंडल युक्त देवी है। मन से की गई भक्ति और आराधना इन्हें भक्तों के पास खींच लाती है। शारदीय नवरात्रों का विशेष महत्व है। शारदीय नवरात्रों में मां दुर्गा की उपासना करने से स्वर्ग जैसे योग और मोक्ष जैसी शांति मिलती है।

### तावडू में सरे आम बेचा जा रहा गुटखा व पान मसाला, प्रशासन मौन

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** शहर व क्षेत्र में प्रतिबंधित गुटखा व पान मसाला सरे आम बेचा जा रहा है। प्रशासन जान कर अंजान बना है। जबकि हरियाणा सरकार ने गुटखा व पान मसाले पर फिर से प्रतिबंध लगा दिया है। इसके बावजूद शहर व क्षेत्र में खुले आम बडी-बडी लडियां लगाकर गुटखा दुकानदारों द्वारा बेचा जा रहा है। क्षेत्र के प्रबुद्ध समाजसेवियों ने इस तरह के प्रतिबंधित गुटखा व पान मसाला पर बंद कराने का आग्रह प्रशासन से किया है। उनका कहना था कि जब हरियाणा सरकार ने इन पर प्रतिबंध लगा दिया है तो प्रशासन इस ओर ध्यान क्यों नहीं दे रहा। प्रशासन की ऐसी लापरवाही से लोगों में प्रशासन के खिलाफ रोष पनप रहा है।

### तावडू में रामलीला मंचन कलाकारों द्वारा किया जा रहा शानदार प्रदर्शन, लोगों की जुट रही भारी भीड़

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** शहर के मुख्य मार्ग पर स्थित जय भारत रामलीला क्लब के कलाकारों द्वारा शनिवार रात भरत मिलाप व श्रुपंखा की नाक काटने का मंचन किया गया। इस दौरान कलाकारों ने अपने अभिनय की शानदार प्रस्तुति दी। जयभारत रामलीला क्लब के डारेक्टर जगदीश उर्फ जग्गा ने बताया कि कल सोमवार को सीता हरण का मंचन क्लब के कलाकारों द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जयभारत रामलीला क्लब सन 1948 से रामलीला का मंचन करता आ रहा है। जो अपने आप में क्लब की सफलता का संदेश देता है। उन्होंने बताया कि विजय दशवीं के लिए विशाल रावन का पुतला बनवाया गया है।

### तावडू में गाड़ी चालक से नगदी व मोबाईल चोरी, मामला दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** उपमंडल के गांव पढैनी के समीप केएमपी रोड पर खराब खड़ी एक गाड़ी चालक से 3 बाइक सवार युवकों ने मोबाईल व 12 हजार रूपए छीन कर भाग गए। पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। फरीदाबाद ग्रीनफील्ड निवासी शीशपाल ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि वह लुहारी से गाड़ी का सामान खाली करके फरीदाबाद के लिए जा रहा था। जब वह गांव पढैनी के समीप केएमपी रोड पर पहुंचा तो गाड़ी मे कुछ खराबी आ गई। वह गाड़ी को चैक करने लगा, तो अचानक 3 लड़के बाइक पर आए और उससे जबरदस्ती फोन छीन लिया। उसकी जेब में रखे 12 हजार रुपए भी छीन लिए। पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# छीन लूँ दुश्मन का आधा बल यह मुझे वरदान है, युद्ध भूमि में तो बाली भगवान का भी भगवान है

**उत्तम भारत संवाददाता**

**फरीदाबाद।** श्री धार्मिक लीला कमेटी 5 नम्बर एम ब्लॉक एन आई टी फरीदाबाद के निर्देशक हरीश चन्द्र आजाद ने बताया कि कल रात हमारी रामलीला में सबसे पहले माता शबरी का प्रभूराम से मिलन होता है, उसके बाद सुग्रीव, हनुमान व श्रीराम का मिलन होता है, फिर अगले दृश्य में बाली व सुग्रीव का युद्ध होता है और बाली प्रभूराम के हाथों मारे जाते हैं तथा अंत में श्रीराम हनुमान को लंका में जानकी को ढूंढने के लिये भेजते हैं। निर्देशक हरीश आजाद ने बताया कि माता शबरी के किरदार में पहली बार अभिनय कर रही मात्र 17 वर्षिय निष्ठा नागपाल ने अपनी मधुर आवाज व प्यारी सी मुस्कान से दर्शकों की वाहवाही लूटी, शबरी व राम का मिलन हुआ और राम ने मुस्कराते हुए माता शबरी के झूठे बेर खाए। अगले दृश्य में राम का हनुमान और सुग्रीव से मिलन होता है। राम के किरदार में शिवम बत्तरा व लक्ष्मन के किरदार में विद्वांश खरबंदा ने बेहतरीन अभिनय किया।

P-11:28 paga09_jhn.qxd 9/28/2025 9:01 PM Page 1



# विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर 70 सफाई मित्रों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण, योजनाओं की दी जानकारी

● स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2025 सफाई मित्र सुरक्षा शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण और जागरूकता




**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत शनिवार को पालिका सभागार एवं सफाई यूनियन कार्यालय में एक विशेष सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों द्वारा 70 सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शिविर का मुख्य उद्देश्य नगर की स्वच्छता का दायित्व निभाने वाले सफाई कर्मचारियों के कल्याण और स्वास्थ्य सुरक्षा को सुनिश्चित करना था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साकर्मियों ने सफाई मित्रों का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें व्यावसायिक स्वास्थ्य जोखिमों से बचाव के उपायों से अवगत कराया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के दीपक कुमार सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर में सफाई मित्र नरेश चंचल, राकेश कुमार, सुभाष चौधरी, अनुज कुमार, राज कुमार राजा, सोनू तथा उनके अनेक साथियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में सफाई मित्रों को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी गई, ताकि वे इनका लाभ उठा सकें। स्वच्छता अभियान में एकजुटता यह आयोजन देशभर में चल रहे स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक विभिन्न स्वच्छता और सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस शिविर के माध्यम से सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति एक सार्थक पहल की गई है, जो स्वच्छ भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित यह कार्यक्रम उन असंख्य सफाई मित्रों के प्रति कृतज्ञता का एक अभिव्यक्ति है, जो निस्वार्थ भाव से देश की स्वच्छता में अपना योगदान दे रहे हैं।

## समाचार

## छजलैट के गांव में आठवीं की छात्रा से गैंगरेप

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र की रहने वाली छात्रा 12 वर्षीय छजलैट थाना क्षेत्र के गांव ने अपनी बुआ के यहां पर 15 दिन पूर्व आई थी। देर रात को गांव में हो रहे जागरण में जाने के लिए अपनी बुआ को लेने घर जा रही थी। तभी रास्ते में दो बाइक सवार छात्रा का अपहरण कर ले गए। जब छात्रा की बुआ ने छात्रा को सगे संबंधियों में तलाश किया लेकिन उसका कोई अता-पता नहीं चल सका। इसके बाद परिजनों नहीं फिर से बालिका की तलाश शुरू की। सुबह 4.00 बजे छात्रा गांव के पास जंगल में पड़ी मिली। छात्रा को होश आने पर गायब होने का कारण पूछा छात्रा ने आप बीती सारी बात बताई। सूचना के बाद चौकी प्रभारी थाना अध्यक्ष प्रदीप कुमार मौके पर पहुंचे। मामले की जानकारी की। जांच शुरू की मामला सही पाए जाने पर थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। समाचार लिखे जाने तक आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी थी। बालिका के साथ गैंगरेप का यह मामला क्षेत्र में दहशत के बाद वातावरण को दावत दे रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि आरोपियों के विरूध रिपोर्ट दर्ज करने कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आरोपी शीघ्र ही पुलिस गिरफ्त में होंगे।

## वृद्ध महिला की हत्या में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम माधोवाला निवासी मनोज कुमार पुत्र राजपाल सिंह की मां फूलवती (उम्र 65 वर्ष) के लापता होने के बाद शनिवार की देर शाम को उनका शव कमालपुरी के जंगल में तेजवीर के खेत के सामने नहर की पालट पर बरामद हुआ। पीड़ित मनोज कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी मां 23 सितंबर 2025 को दोपहर करीब 3 बजे घर से बाजार जाने के लिए निकली थीं, लेकिन शाम तक घर वापस नहीं लौटीं। उसी रात गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। परिवारजन और ग्रामीण लगातार उनकी तलाश में जुटे रहे। 27 सितंबर 2025 को शाम लगभग 5 बजे शव मिलने पर परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे। मनोज के अनुसार, शव की हालत खराब थी और मृतका के कानों के कुंडल, मंगलसूत्र, पायल व बैग (जिसमें आधार कार्ड, बैंक पासबुक व नगद राशि थी) गायब थे। परिजनों का आरोप है कि अज्ञात बदमाशों ने लूटपाट के बाद उनकी मां की हत्या कर शव नहर की पालट पर फेंक दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना से गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है।

## बिजली विभाग के अधिकारी कर रहे अपनी मनमर्जी, उपभोक्ता की समस्या का नहीं कर पा रहे निस्तारण

● पीड़ित उपभोक्ता वर्तमान में भी लगातार लगा रहा है कार्यालय के चक्कर
● उपभोक्ता ने बिजली विभाग के अधिकारियों पर लगाए गंभीर आरोप

**उत्तम भारत संवादाता मुरादाबाद।** अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड ग्रामीण मुरादाबाद के उपभोक्ता प्रथम देवी पत्नी मनोज कुमार निवासी काजीपुरा जिला मुरादाबाद ने अपनी फर्म मैसेज ब्रदर्स एंटरप्राइजेज हेतु 27.09.2023 को 80 केवीए का कनेक्शन आवेदन किया था जिसमे जेई बिजली घर नया मुरादाबाद के पास भेजा गया। उपभोक्ता ने जेई को कार्यालय से प्राप्त पत्र दिखाया तब जेई ने सुपरवाइजर से मिलने के लिए कहा उपभोक्ता ने सुपरवाइजर से संपर्क किया जो कि संविदा कर्मियों की फर्म का सुपरवाइजर है आरोप है कि उपभोक्ता से द्वारा 180000 रुपए की रकम की मांग की गई जिसमें उपभोक्ता के एस्टीमेट को दो से ढाई लाख तक ही जमा करने की बात कही गई उपभोक्ता द्वारा रिश्वत की रकम न देने पर जेई द्वारा एस्टीमेट रुपए 585833 उपभोक्ता से जमा कराया। जिसके चलते उपभोक्ता ने विद्युत भंडार केंद्र से 08.01.2024 को सामग्री प्राप्त की जिसमें उपभोक्ता को एस्टीमेट के अनुसार 24 सामग्री का पैसा जमा कराया गया। जिसमें से उपभोक्ता को 10 सामग्री ही प्राप्त हुई तथा लेबर चार्ज की रकम उपभोक्ता से नगद भी वसूली गई उपभोक्ता ने अपने निजी खर्चे पर लाइन निर्माण का कार्य कराया उपभोक्ता द्वारा पूर्व में तैनात अभियंता इंजीनियर से पत्र 20.02.2024 के माध्यम से अनुरोध किया गया कि उपभोक्ता की लेबर चार्ज वह 18 सामग्री व 40 मीटर केबल की रकम को प्रार्थी के बिल में कम कर दिया जाए जिसके चलते उपभोक्ता को लगातार 8 महीने तक चक्कर लगवाए गए। जिसके चलते इंजीनियर अधिशासी अभियंता का स्थानांतरण हो गया जिनके स्थान पर इंजीनियर आशीष कुमार लाल अधिशासी अभियंता को पुनः समस्त समस्या पत्र 18.07.2025 के माध्यम से प्रस्तुत की गई अधिशासी अभियंता द्वारा उपभोक्ता की समस्या का निस्तारण करने हेतु तीन इंजीनियरों की जांच कमेटी का गठन किया गया लेकिन उपभोक्ता को कोई समाधान नहीं मिला इसके बाद इंजीनियर आशीष कुमार लाल अधिशासी अभियंता का स्थानांतरण हो गया जिसके बाद इंजीनियर अमरीश कुमार अधिशासी अभियंता को पूरा तीसरी बार उपभोक्ता द्वारा पत्र व्यवहार कर व मिलकर पूर्ण समस्या बताई जिसके उपरांत उपभोक्ता के बिल में गड़बड़ कर दी गई। जिसकी शिकायत फर्म मैसेज ब्रदर्स एंटरप्राइजेज द्वारा एक प्रार्थना पत्र 26.05.2025 को दिया तथा अधिशासी अभियंता द्वारा एक माह में पूर्ण विस्तारण करने की बात कही और पुनः दूसरी बार कमेटी का गठन किया गया जबकि उपभोक्ता ने एमएसएमई तथा एससीएसटी उद्योग द्वारा केनरा बैंक से लोन प्राप्त करने के बाद विद्युत कनेक्शन लिया व फर्म खोली जिसमें उपभोक्ता वर्तमान में भी अपनी समस्या का समाधान करने के लिए जगह-जगह भटक रहा है तथा जेई द्वारा अनेकों बार लाइन काटकर उपभोक्ता को बार-बार प्रताड़ित किया जा रहा है वर्तमान तक उपभोक्ता की समस्या का समाधान नहीं हो पाया है जिसमें उपभोक्ता वर्तमान भी अपनी समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों के चक्कर लगा रहा है जो की जांच का विषय है इंजीनियर अशोक कुमार चौरसिया, मुख्य अभियंता मुरादाबाद क्षेत्र से लगातार संपर्क किया गया। अधिकारी का कहना है मामला संज्ञान मैं है लेकिन अधिकारी के पास वर्जन देने के लिए समय नहीं है। उपभोक्ता लगातार लगा रहा है अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर लगा रहा है।

## कार्यशाला में स्वदेशी के प्रति किया जागरूक

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** कांठ के ग्राम कासमपुर पंचायत भवन में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय आह्वान पर आत्मनिर्भर भारत बनाने हेतु स्वदेशी अपनाने लिए जन सामान्य को प्रेरित करने हेतु एक कार्यशाला की गई। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिलाअध्यक्ष आकाश कुमार पाल ने किया। आत्मनिर्भर भारत कार्यशाला में उपस्थित जन समुदाय एवं कार्यकताओं को संबोधित करते हुए भाजपा




जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल ने कहा कि स्वदेशी अपनाना है, आत्मनिर्भर भारत बनाना है। भारत के प्रत्येक नागरिक को भारत में ही बने उत्पादों का उपभोग करना चाहिए, जिससे भारत का पैसा भारत में ही रहेगा। आज हम संसार की चौथी सबसे बड़ी और सबसे तीव्रतम विकास करने वाली अर्थव्यवस्था हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि सन 2047 तक भारत को महाशक्ति बनना है। कार्यशाला में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष अंकुश कुमार चौहान, मंडल प्रभारी शिव कुमार गुप्ता, अनुसूचित मोर्चा जिला अध्यक्ष देवराज सिंह जाटव एवं सत्यवान सिंह राजपूत, सूरज सिंह, मनीष कुमार, मुकेश माहेश्वरी, सौरव अग्रवाल , प्रमोद चौहान,दयाराम सैनी, चंचल पाल, देवेंद्र सिंह, प्रमोद पधान, बलवंत सिंह ,प्रमोद सागर ,ओम प्रकाश मुकुल दक्ष, राजीव गुर्जर, सिंह, जयपाल सैनी, राजकुमार सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अमरीश शर्मा ,सर्वेश पाल, राज बहादुर सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डयूटी के प्रति लापरवाही के आरोप में उपनिरीक्षक निलंबित,

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने एक बार फिर लापरवाही पर सख्त रुख अपनाया है। थाना ठाकुरद्वारा में तैनात उपनिरीक्षक कुलदीप कुमार को उनके पदीय दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही, स्वेच्छाचारिता और अकर्मण्यता बरतने के गंभीर आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की (दण्ड एवं अपील) नियमावली-1991 के नियम 17(1)(।) के तहत की गई है। इस नियम के अंतर्गत यदि कोई पुलिस अधिकारी अपने दायित्वों का पालन करने में गंभीर रूप से लापरवाही करता है या अपनी पदवी का दुरुपयोग करता है, तो उस पर तत्काल कार्रवाई की जा सकती है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, उपनिरीक्षक कुलदीप कुमार पर यह आरोप है कि उन्होंने पदस्थ जिम्मेदारियों में उदासीनता बरती और शिकायतों तथा गंभीर मामलों में उचित कार्रवाई नहीं की। इससे जनता में पुलिस पर से विश्वास कमजोर होने की स्थिति पैदा हुई। इस निलंबन के बाद थाना और जिले में हड़कंप मच गया है। पुलिस विभाग ने कहा है कि इस कार्रवाई का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों में जवाबदेही और अनुशासन बनाए रखना है। स्थानीय लोगों ने भी इस कार्रवाई का स्वागत किया है और कहा कि लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने से जनसुरक्षा और कानून व्यवस्था में सुधार आएगा।

## चामुंडा कालरात्रि मंदिर से भव्य कलश यात्रा का आयोजन, श्रद्धा और भक्ति का उमड़ा सैलाब



**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** नगर में फरीदनगर रोड स्थित नगर में धार्मिक उल्लास और आस्था के वातावरण में चामुंडा कालरात्रि मंदिर, फरीदनगर रोड से गत वर्ष की भांति नवरात्र में एक भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर काशीपुर चुंगी, बंजारन मोहल्ला, वार्ड नंबर 2 बाल्मीकि बस्ती तथा अन्य प्रमुख मार्गों से होकर निकली, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कलश यात्रा का शुभारंभ वार्ड नंबर 1 के सभासद राजेंद्र सिंह एवं वार्ड नंबर 2 के सभासद राकेश सागर द्वारा फीता काटकर विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया। मंगल ध्वनियों और भजन-कीर्तन के साथ भक्तों की टोलियां कलश लिए पदयात्रा करती नजर आईं, जिससे नगर का माहौल पूरी तरह भक्ति रस में सराबोर हो गया। इस पुण्य आयोजन में मंदिर के पुजारी जयप्रकाश भगत जी के साथ गौतम सिंह सागर, सोनू सागर, अचल कुमार, ऋषभ, गौरव कुमार, सतीश, सूरज, रवि कुमार समेत मंदिर के अनेक कार्यकर्ता एवं स्थानीय श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने माँ चामुंडा की जयकारों के साथ नगरवासियों को धर्म व संस्कृति के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। कलश यात्रा का उद्देश्य नवरात्र महोत्सव से पूर्व धर्म और भक्ति का माहौल बनाना, तथा देवी आराधना के प्रति श्रद्धा जागृत करना रहा। आयोजन को लेकर नगर में उत्साह का माहौल बना रहा और जगह-जगह श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया।

## आज श्री रामलीला मंच पर हनुमान जी द्वारा लंका दहन का मंचन

**अमर भारती संवाददाता/पाकबड़ा।** रविवार को नगर पंचायत पाकबड़ा के बाद मंदिर पर स्थित रामलीला मंच पर लंका दहन का मंचन किया जाएगा! हनुमान जी ने एक गुप्त संवाद पाकर ही सोने की लंका में आग लगाई थी। हनुमान जी जानते थे कि प्रभु श्रीराम उनके पास यह समाचार पहुंचा रहे हैं इसलिए जब हनुमान जी की पूंछ में आग लगाई गई, तो उन्होंने पूरे वेग के साथ उड़कर घूम-घूमकर लंका मे आग लगाई। हनुमान जी ने एक गुप्त संवाद पाकर ही सोने की लंका में आग लगाई थी।

हनुमान जी जानते थे कि प्रभु श्रीराम उनके पास यह समाचार पहुंचा रहे हैं इसलिए जब हनुमान जी की पूंछ में आग लगाई गई, तो उन्होंने पूरे वेग के साथ उड़कर घूम-घूमकर लंका का दहन किया। हनुमान जी को कलयुग का देवता माने जाते है। हनुमान जी को चिंरजीवी होने का वरदान मिला है इसलिए हनुमान जी किसी न किसी रूप में अपने भक्तों के बीच मौजूद रहते हैं। पौराणिक मान्यता है कि भगवान हनुमान जी को स्मरण करके जो भी उन्हें अपने कष्ट बताता है,तो शव कस्ट दूर हो जाते है। इस मोके पर कमेटी के कार्यकर्ता रामबाबू भटनागर, नरेश सक्सेना, ओमकार सिंह,सुनील गुप्ता,वेगराम हलवाई, देवेंद्र कुमार, बबलू त्रिपाठी, जयप्रकाश मंत्री, कछला ब्रिज जिला बदायूं से आई रामलीला कमेटी के संचालक पप्पू यादव द्वारा बताया गया की रावण का मुख्य रोल पप्पू यादव का ही होता है!

## एसपी देहात ने थाना छजलैट का किया औचक निरीक्षण

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** एसपी देहात ने छजलैट थाने का औचक निरीक्षण कर वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं लंबित विवेचनाओं के निस्तारण के निर्देश दिये। एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने छजलैट थाने पहुंच कर रविवार को बालिकाओं से संबंधित शिकायतों के बारे में जानकारी ली और उनकी शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने थाने का अपराध रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, ड्यूटी रजिस्टर, माल रजिस्टर, असल रजिस्टर आदि भी



चौक किए। मिशन शक्ति अभियान के तहत और साइबर अपराध के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है या नहीं इसके बारे में भी जानकारी ली। एसपी देहात ने थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार को निर्देश दिए कि सक्रिय वांछित अभियुक्तों के खिलाफ अभियान चला कर उनकी गिरफ्तारी की जाए और लंबित विवेचनाओं का शीघ्रता के साथ निस्तारण करें। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक छजलैट प्रदीप कुमार के अलावा उपनिरीक्षक एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## घंटों बिजली आपूर्ति बंद रहने से नगर व ग्रामीणों में आक्रोश

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** विधुत उपखंड अधिकारी रणवीर सिंह ने जानकारी दी कि ठाकुरद्वारा नगर, देहात क्षेत्र तथा ग्राम सरकड़ा परम के 33 केवी फीडरों पर रविवार (आज) सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रखी गई।उन्होंने बताया कि यह कटौती विधुत विभाग में चल रहे अनुरक्षण माह के अंतर्गत की गई है। इस दौरान 33 केवी लाइनों के नीचे आ रहे पेड़ों की कटाई-छंटाई और लाइनों के अनुरक्षण संबंधी कार्य किए जा रहे हैं। हालांकि निर्धारित समय से अधिक समय तक बिजली आपूर्ति बहाल न होने पर नगरवासियों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। लोगों का कहना है कि विभाग समय से काम पूरा नहीं करता, जिससे घंटों की कटौती से दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने मांग की कि विभाग निर्धारित समय में ही कार्य पूरा कर बिजली बहाल करे, ताकि आम लोगों को परेशानी न हो।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने निकाला पथसंचलन



**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** तहसील क्षेत्र के ग्राम नींगू नंगला में विजयदशमी के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा पथसंचलन निकाला गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक शामिल हुए।

इस अवसर पर खंड बौद्धिक प्रमुख संदीप ने स्वयंसेवकों को संघ के इतिहास और कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संघ का उद्देश्य समाज को संगठित कर राष्ट्र की सेवा करना है। संघ का प्रत्येक स्वयंसेवक अनुशासन, सेवा और त्याग के मार्ग पर चलकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संकल्प लेता है। संदीप ने कहा कि हमें अपने आदर्शों और महान विभूतियों से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र के उत्थान के लिए कार्य करना चाहिए। साथ ही, भगत सिंह जयंती के अवसर पर उनके जीवन, त्याग और बलिदान पर भी प्रकाश डाला गया। पथसंचलन में खंड संघ चालक महेंद्र, खंड व्यवस्था प्रमुख जीवन, नगर खंड प्रचारक मीत, रणवीर, ऋतिक, देव, सुधांशु, हिमांशु, केशव, विपिन, पूर्व विधायक राजेश उर्फ चुन्नू, हुकुम सिंह, जीतू वर्मा, विक्रांत चौधरी, अंकुश चौहान राजकुमार ठाकुर, सहित अनेक कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। पथसंचलन के दौरान क्षेत्र में देशभक्ति के गीत गूंजते रहे और स्वयंसेवकों ने अनुशासन एवं एकजुटता का संदेश दिया।

## स्वामी प्रणवानंद महाराज को बनाया रामडोल कमेटी का संरक्षक

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** ब्रह्मलीन स्वामी राजेंद्रानंद महाराज जी के उपरांत नगर की श्री रामडोल कमेटी ने वर्तमान भीमगोडा हरिद्वार के महंत को श्री रामडोल कमेटी का संरक्षक बनाकर उन्हें शॉल एवं शील्ड देकर सम्मानित किया। ब्रह्मलीन स्वामी राजेंद्रानंद जी महाराज के उपरांत अनेक प्रदेशों के बिश्नोई समाज ने पिछले दिनों भीम गोडा आश्रम हरिद्वार में पहुंचकर उत्तराधिकारी के रूप में लोकप्रिय संत स्वामी प्रणवानंद जी महाराज जी को महंत बनाया गया था। विख्यात संत स्वामी राजेंद्रानंद जी पूर्व में श्री रामडोल कमेटी कांठ के भी संरक्षक थे। उनके शरीर त्यागने के उपरांत श्री रामडोल कमेटी का पद रिक्त चल रहा था। रविवार को भीमगोडा आश्रम हरिद्वार के स्वामी प्रणवानंद जी महाराज को नगर के बिश्नोई आश्रम में पहुंचने पर समाज की गणमान्य व्यक्तियों ने उनका हृदय से स्वागत किया। इसी दौरान श्री रामडोल कमेटी ने शील्ड देकर एवं शॉल उड़ाकर उन्हें कमेटी के संरक्षक के रूप में नियुक्त किया। इस अवसर पर, अध्यक्ष संजय कुमार, पूर्व अध्यक्ष राकेश कुमार, सनी बिश्नोई, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुड्डू, जयवीर सिंह, श्रीओम विश्नोई, पिंटू बिश्नोई, राजेंद्र बिश्नोई, निखिल बिश्नोई, प्रदीप बिश्नोई, सचिन कुमार, सुशील बिश्नोई, राजीव कुमार, सुमन कुमार, रामवीर सिंह,धीरज कुमार, हर्ष कुमार, डॉ जितेंद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार, हर्ष बिश्नोई, महेंद्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## माता की डांट से नाराज होकर लापता हुई किशोरी

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** दो दिन पूर्व एक किशोरी अपनी माता की डांट से नाराज होकर घर से कहीं चली गई। किशोरी का पता नहीं लगने पर उसकी मां ने इस संबंध में थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी की माता ने गत शुक्रवार को उसे किसी बात पर डांट दिया था। किशोरी अपनी माता की डांट सहन नहीं कर सकी और रात्रि में 10रू00 करीब बिना बताए घर से कहीं चली गई। किशोरी के परिजनों ने उसे सगे संबंधियों में काफी तलाश किया लेकिन उसका कोई सुराग हाथ नहीं लग सका। किशोरी की माता सविता ने थाना कांठ में तहरीर देकर इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओ के माध्यम से दिव्यांगजनो को सशक्त करने को प्रतिबद्धः जिला पंचायत अध्यक्ष



**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजनान्तर्गत सेवा पखवाडा कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के पूर्व से चिन्हित 86 दिव्यांगजनो में 25 व्हीलचेयर, 50 कान की मशीन, 11 एम०आर० किट एवं 25 स्मार्ट केन इत्यादि उपकरणो का रविवार को वितरण कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन मुरादाबाद के परिसर में किया गया। उक्त कार्यक्रम में डा० शैफाली सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष मुरादाबाद, श्री गोपाल अंजान , सदस्य विधान परिषद, मा० नगर विधायक प्रतिनिधि अल्पना गुप्ता के द्वारा शुभारम्भ किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा दिव्यांगजनो को सम्बोधित करते हुए कहा गया कि केन्द्र एवं सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओ के माध्यम से दिव्यांगजनो को सशक्त करने को प्रतिबद्ध है। सदस्य विधान परिषद श्री गोपाल अंजान ने कहा कि दिव्यांगजनो को वितरित किए गए ये उपकरण निश्चित रूप से उनके जीवन को बेहतर बनायेगा और उन्हे समाज की मुख्यधारा से जोडेगा। वितरण कार्यक्रम में मुस्कान, विपिन कुमार, प्राची, राजीव कुमार , मानसी को आदि को व्हीचेयर एवं राजेश, सुरेश कुमार, कल्लू, मौ० हसन, राजकुमार आदि को स्मार्ट केन एवं अंकुश, देव कुमार, गुड्डू, गजेन्द्र आदि को कान की मशीन एवं प्रियांशी, दक्ष, आयुषि, मौ० जैद, विभान आदि को एम०आर० किटो का वितरण किया गया। उक्त आयोजन शिविर में जिला विकास अधिकारी, मुरादाबाद, जिला बचत अधिकारी, मुरादाबाद एवं जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, मुरादाबाद आदि उपस्थित रहे।

## महिलाओं ने किया माता का गुणगान

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन देवी दुर्गा के पांचवें स्वरूप मां स्कंदमाता की पूजा की गई। माता का ये स्वरूप भक्तों को सौभाग्य, समृद्धि और संतानसुख प्रदान करने वाला माना जाता है। नगर में नेहा विश्नोई एंड पार्टी द्वारा माता के भजन कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। नगर के मोहल्ला पटेगंज में आयोजित कार्यक्रम में माता के भजन कीर्तन की बहार रही। तूने मुझे बुलाया शेरावालिए, चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है आदि गीतों पर महिलाएं मंत्र मुक्त हो गई। कार्यक्रम में मुख्य यजमान वंदना बिश्नोई रही। माता की पूजा अर्चना के बाद महिलाओं ने माता की महिमा का गुणगान किया।

## 25 लाख रुपये गबन की शिकायत पर जांच करने पहुंची टीम

● मजिस्ट्रेट द्वारा लॉकर को खुलवाकर जांच की गई



**उत्तम भारत संवाददाता/पाकबड़ा।** शनिवार को नगर पंचायत पाकबड़ा में स्थित डाकघर के कर्मचारियों में उस समय हड़कंप मच गया! डाकघर में उपस्थित पोस्टमास्टर पर 25 लाख रुपए गवन करने की सूचना मिली तो! स्टाफ के सभी कर्मचारियों में खलबली मच गई मौके पर पहुंचे मजिस्ट्रेट द्वारा लाकर खुलवाकर घंटो जांच पड़ताल की गई! मैनेजर ड्यूटी से पहले ही नदारद रहा। 25 लाख रुपए गवन करने के आरोप से पोस्टमास्टर ड्यूटी से गायब चल रहा था डाकघर की जांच करने पहुंचे टीम मजिस्ट्रेट,नयाव तहसीलदार, कानून गो द्वारा सभी स्टाफ को साथ लेकर घंटो जांच कराई गई। अधिकारियों से पूछने पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया जांच करने पहुंची टीम में पाकबड़ा पुलिस बल भी मौजूद रहा।

भगवन्त सिंह महाविद्यालय
कुआखेड़ा खालसा, मुरादाबाद।
(सम्बद्ध: गुरू जम्भेश्वर विश्व. विद्यालय, मुरादाबाद)
बी0 ए0, बी0 एस0 सी0
पाठ्यक्रम हेतु निम्नलिखित प्रवक्ताओं की आवश्यकता है।
1. हिन्दी, 2. अंग्रेजी, 3. समाजशास्त्र, 4. भूगोल, 5. चित्रकला, 6. गृहविज्ञान, 7. राजनीति शास्त्र, 8. संस्कृत, 9. शिक्षाशास्त्र, 10. अर्थशास्त्र, 11. रसायन विज्ञान, 12. भौतिक विज्ञान, 13. जंतु विज्ञान, 14. वनस्पति विज्ञान, 15. गणित,
शैक्षिक योग्यता- यू.जी.सी. एवं विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
नोटः-इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों की स्वः प्रमाणित प्रतियां, पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड व पैन कार्ड की छायाप्रति एवं मोबाइल नम्बर सहित 21 दिन में रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजे।
संपर्क सूत्रः 9412143382

भगवन्त सिंह इन्स्टीटयूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद।
(संबद्धः गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद)
बी0 ए0 , बी0 एस0सी0 एवं बीकॉम
पाठ्यक्रम हेतु प्रवक्ताओं की आवश्यकता है।
1. हिन्दी, 2. अंग्रेजी, 3. समाजशास्त्र, 4. भूगोल, 5. चित्रकला, 6. गृहविज्ञान, 7. उर्दू, 8. रसायन विज्ञान, 9. भौतिक विज्ञान, 10. जंतु विज्ञान, 11. वनस्पति विज्ञान, 12. गणित, 13. कोमर्स।
शैक्षिक योग्यता- यू.जी.सी. एवं विश्वविद्यालय के मानकानुसार
नोटः- इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों की स्वः प्रमाणित प्रतियां, पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड व पैनकार्ड की छायाप्रति एवं मोबाइल नम्बर सहित 21 दिन में रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजे।
संपर्क सूत्रः 9412143382

हरकली देवी गर्ल्स महाविद्यालय
लौंगी कलां, ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद।
(सम्बद्धः गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद)
बी0 ए0, बी0 एस0 सी0
पाठ्यक्रम हेतु निम्नलिखित प्रवक्ताओं की आवश्यकता है।
1. हिन्दी, 2. अंग्रेजी, 3. समाजशास्त्र, 4. भूगोल, 5. चित्रकला, 6. गृहविज्ञान, 7. शिक्षाशास्त्र, 8. रसायन विज्ञान, 9. भौतिक विज्ञान, 10. जंतु विज्ञान, 11. वनस्पति विज्ञान, 12. गणित,
शैक्षिक योग्यता-यू.जी.सी. एवं विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
नोटः-इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों की स्वः प्रमाणित प्रतियां, पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड व पैन कार्ड की छायाप्रति एवं मोबाइल नम्बर सहित 21 दिन में रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजे।
संपर्क सूत्रः 7534802060

# भाजपा प्रदेश कार्यालय में अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने अन्य नेताओं के साथ सुना प्रधानमंत्री की 'मन की बात'

पटना। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल समेत तमाम नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसंवाद कार्यक्रम ह्यमन की बातह्ल के प्रेरक प्रसंगों को सुना। इस दौरान लोकआस्था के महापर्व छठ को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल करने के प्रयास की चर्चा के दौरान लोगों ने तालियां बजाकर केंद्र सरकार के इस पहल की तारीफ की। भाजपा प्रदेश कार्यालय में 'मन की बात' सुनने वालों में भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल के अलावा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेन्द्र नाथ त्रिपाठी, संगठन महामंत्री भीखूभाई दलसानिया, सांसद रविशंकर प्रसाद, राधामोहन सिंह, राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा, राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन, शलभ मणी त्रिपाठी, विधान पार्षद निवेदिता सिंह, झारखंड कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राय सहित कई मंत्री भी शामिल रहे। रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 126वें एपिसोड को सुनने के बाद भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि उनके मन की बात को देश और दुनिया के लोग सुनते हैं। जिस तरह से प्रधानमंत्री मोदी ने आस्था के महापर्व छठ को यूनेस्को के अमूर्त सांस्कृतिक विरासत



की सूची में शामिल करने के प्रयास की चर्चा की, यह बिहार के लोगों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने लोकआस्था के महापर्व छठ को दुनिया के हर कोने तक पहुंचाने के प्रयास के लिए प्रधानमंत्री का अभिनंदन, आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रयास करोड़ों बिहारियों के लिए गर्व की बात है। यह प्रयास नए भारत के संकल्पों को स्वर देता है। भाजपा के अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने मन की बात में मधुबनी की रहने वाली स्वीटी के 'संकल्प क्रिएशन' का उल्लेख करते हुए मिथिला पेंटिंग की चर्चा की। उन्होंने वोकल फॉर लोकल के महामंत्र को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि आज स्वीटी 500 से अधिक ग्रामीण महिलाओं को जोड़कर आत्मनिर्भर बना रही हैं। उन्होंने अपनी परंपराओं में आय के अनगिनत साधन छिपे होने का मंत्र भी युवाओं को दिया। भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा कि महापर्व छठ और मधुबनी की स्वीटी की चर्चा कर पीएम मोदी ने बिहार को एक बार फिर सम्मान दिया है। प्रधानमंत्री ने बताया कि हमारे देश में ऐसे कई उदाहरण सामने आ रहे हैं, जो बताते हैं कि अगर परंपरा और इनोवेशन को एक साथ जोड़ दिया जाए, तो अद्भुत परिणाम मिल सकते हैं। इस मौके पर बिहार प्रदेश मंत्री भीम साहू, अजय यादव, मुख्यालय प्रभारी अरविंद शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनोज शर्मा, दानिश इकबाल, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्रभात मालाकार, अमित प्रकाश बबलू, सूरज पांडेय, रणवीर कुमार, प्रदेश प्रवक्ता सुहेली मेहता, पीयूष शर्मा, कार्यालय सह मंत्री ज्ञानप्रकाश ओझा, डॉ. सुग्रीव रविदास, रीतेश रंजन, प्रियंवदा केशरी, मयंकेश्वर सिंह सहित बड़ी संख्या में प्रदेश के पदाधिकारी और कार्यकताओं ने भी पीएम मोदी के मन की बात में उनके प्रेरक प्रसंगों को सुना।

## संक्षिप्त समाचार

### पुजनीय महात्मा हीरा बाई के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया



पटना। आज मानव उत्थान सेवा समिति की पटना शाखा - कच्ची तालाब, गर्दनीबाग, स्थित श्री सद्गुरु दरबार, पटना द्वारा बिहार की पांतीय प्रभारी पुजनीय महात्मा हीरा बाई जी के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। संस्था के सहयोगी महात्मा पंकजा बाई तथा सुनीता बाई जी ने सभी कार्यकताओं के साथ झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। संस्था के सैंकड़ों कार्यकर्ता सर पर मानव धर्म को टोपी पहने, हाथों में झाड़ू लिए सफाई करते का स्वच्छता का संदेश दे रहे थे। सुबह 7:00 बजे से ही धरणा स्थल, गर्दनीकाग में लोग उपस्थित हो रहे थे। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित संस्था के कार्यकताओं ने बहुत अच्छे तरीके से सफाई कर स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। संस्था की प्रांतीय प्रभारी महात्मा हीरा बाई जी ने बताया की प्रख्यात समाज सेवी तथा आध्यात्मिक गुरु सदगुरूदेव सतपाल जी महाराज की प्रेरणा तथा पूज्य श्री विभु जी महाराज के दिशा निर्देश में सम्पूर्ण भारत वर्ष में 27 सितंबर एवं 28 सितम्बर 2025 को विशाल स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया ।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मीडिया बन्धुओं का सहयोग काफी सराहनीय रहा। संस्था के बरिष्ठ कार्यकर्ता- संतोष जी अंजनी बहन, रुणा बहन, मानव सेवा दल के विजय जी, विरेन्द जी, दिलिप जी, सुरेंद्र जी, धर्मेन्द्र जी इत्यादि तथा शाखा आश्रम विभाग के जिला प्रधान- दयानंद जी, सचिव-अवधेश जी. , शिव जी भैया, युथ विंग्स के - हरिश्चन्द्र जी, सुरज जी, बिट्टू राजेश जी, राकेश जी, संजय जी, अनुरुद्ध, शिवाणी, श्वेता, चाँदनी, अंजली इत्यादि का सहयोग सराहनीय रहा। संस्था के सभी लोगो ने पूरे उत्साह तथा उमंग के साथ स्वच्छता अभियान को सफल बनाया। संस्था के मीडिया प्रभारी के रूप में अनिल कुमार ने योगदान दिया ।

### जाट भवन सहारनपुर पर मेधावी छात्र छात्रा सम्मान समारोह

सहारनपुर। शहीदे आजम भगत सिंह जी की जयंती के शुभ अवसर पर आज आर्य जाट समाज कल्याण समिति सहारनपुर द्वारा जाट भवन सहारनपुर पर मेधावी छात्र छात्रा सम्मान समारोह एवं द्विवार्षिक अधिवेशन हवन के साथ प्रारंभ किया गया है। हवन के उपरांत आर्य जाट समाज समिति सहारनपुर के जिलाध्यक्ष बख्तावर सिंह द्वारा विगत दो वर्षों में समाज हित में किए गए कार्यों का विवरण



साधारण सभा के सम्मुख रखते हुए बताया कि जाट भवन का निर्माण सफलता पूर्वक कराया गया एवं समाज में व्याप्त विभिन्न कुरीतियों को दूर करने के लिए काफी प्रयास किया गया। समिति के कोषाध्यक्ष धीरज सिंह द्वारा समिति का आय व्यय का ब्यौरा रखा किया गया। समाज के विगत दो शैक्षिक सत्रों 2023-24 एवं 2024-25 के 108 मेधावी छात्र छात्राओं, खिलाड़ियों. क्अर अधिकारी कुमारी कोमल के पिताजी श्री रणबीर सिंह को पटका, मोमेंटो, प्रमाणपत्र आदि भेट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जाट समाज के प्रदेश अध्यक्ष अमन सिंह द्वारा युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मेहनत कर अपने आपको साबित करना होगा तथा समाज मे व्याप्त विभिन्न कुरीतियों को दूर करने में अपना सक्रिय योगदान देना होगा जिससे समाज विकास कर सके। प्रदेश महामंत्री कर्नल शिव प्रताप सिंह ने बच्चों को इतनी अच्छी योग्यता प्राप्त करने के लिए बधाई दी तथा सुनहरे भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की साथ ही समाज के लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें अपने समाज के छात्र-छात्राओं को प्रत्येक दशा में उच्च शिक्षा दिलानी होगी।

# पटना- जिले में किया 96 लाख की लागत से संरचना का उद्घाटन

## उपमुख्यमंत्री एवं मंत्री ने कोल्ड स्टोरेज जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई

पटना ।आज पटना जिले के विक्रम प्रखंड स्थित प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समिति (ढश्उर) में 96 लाख रुपए की लागत से 10,000 वर्गफीट पर नवनिर्मित एकीकृत आधारभूत संरचना का उद्घाटन माननीय उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं माननीय मंत्री सहकारिता विभाग डॉ प्रेम कुमार द्वारा किया गया।

आज के कार्यक्रम मे स्थानीय विधायक सिद्धार्थ सौरव भी उपस्थित रहे। विक्रम प्रखंड स्थित प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समितिमें 96 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित आधारभूत संरचना में 10 क्षमता का कोल्ड स्टोरेज, 20 क्षमता का गोदाम, सब्जी संग्रहण केंद्र, सॉर्टिंग-ग्रेडिंग एवं पैकेजिंग शेड एवं कार्यालय कक्ष शामिल का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर माननीय उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार की संकल्पना हर थाली में बिहारी सब्जी को साकार करने में दिशा में राज्य सरकार की यह एक महत्वपूर्ण पहल है । सभी 534 प्रखंडों में सब्जी केंद्रों की व्यवस्था की जाएगा एवं इस हेतु कृषि विभाग का जमीन भी उपलब्ध कराया जाएगा। सभी प्रखंडों में संरचना निर्माण का कार्य अगले दो वर्षों में पूरा किया जाएगा। इसी तरह का केंद्र पंचायतों में भी खोलने का काम सरकार करेगी । बिहटा एयरपोर्ट से हम थाईलैंड, बैंकॉक शारजा दुबई



में सब्जी अंतरराष्ट्रीय बाजार में भेजकर बिहार को अत्यधिक आर्थिक रूप से सशक्त किया जाएगा ।आज बिहार की सब्जियां विदेश तक भेजी जा रही है ।

में आधारभूत संरचना के निर्माण से सब्जी उत्पादक किसानों को सब्जी उत्पादों के बेहतर भंडारण एवं विपणन की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इस अवसर पर माननीय मंत्री सहकारिता विभाग डॉक्टर प्रेम कुमार ने कहा कि सहकारी तरकारी केंद्र राज्य के सब्जी उत्पादकों को उनके सब्जी उत्पादों की उचित मूल्य दिलाने हेतु राज्य सरकार का एक महत्वपूर्ण कदम है ।

सहकारी तरकारी केंद्र में सब्जी संग्रहण केंद्र, वॉशिंग क्लीनिंग शेड,, सॉर्टिंग-ग्रेडिंग एवं पैकेजिंग शेड, गोदाम एवं कोल्ड स्टोरेज जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है । इन सुविधाओं के द्वारा किसान अपने उपज को नवीनतम आधुनिक तकनीक की मदद से उत्पादन कर अपने उत्पादों को बेहतर कीमत पर बाजारों में बेच सकेंगे।

इसके माध्यम से सब्जी उत्पादक किसानों को भंडारण पैकेजिंग की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे सब्जी की बबार्दी रुकेगी और किसानों की आय में वृद्धि भी होगी। सहकारिता विभाग ने राज्य के वर्तमान 109 प्राथमिक सब्जी उत्पादक समितियों (ढश्उर) में आधारभूत संरचना के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की है।

प्रत्येक इकाई पर लगभग 96 लाख रुपए की लागत से आधारभूत संरचना निर्माण कार्य जा रहा है ।तरकारी आउटलेट निर्माण योजना बिहार सरकार की एक प्रमुख पहल है, इस योजना का मुख्य उद्देश्य प्राथमिक सब्जी सहकारी समिति एवं किसानों द्वारा उत्पादित सब्जियों के विपणन के लिए बाजार उपलब्ध कराना, सब्जियों के बिक्री को बढ़ावा देना एवं उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण ताजा सब्जी उपलब्ध कराना है। इसके अलावा सब्जी उत्पादक किसानों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य दिलाना एवं सहकारी समितियों के मध्य परस्पर सहयोग की भावना जागृत करना है। आज के कार्यक्रम में सहकारिता विभाग के सचिव धर्मेंद्र सिंह, अपर सचिव अभय कुमार सिंह सहित सहकारिता विभाग के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से हर खेत को मिल रहा पानी

- ड्रिप सिंचाई के लिए 90 फीसदी एवं स्प्रिंकलर के लिए 75 फीसदी तक मिल रहा अनुदान
- आधुनिक तकनीक से सिंचाई होने पर लगभग 25 से 30 प्रतिशत होती है उर्वरक की बचत
- इस योजना का लाभ ले चुके किसान भी कर सकते हैं आवेदन

पटना। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (सूक्ष्म सिंचाई) से बेहतर सिंचाई के साथ ही जल संरक्षण भी हो रहा है। इसके लिए राज्य सरकार केंद्र सरकार के सहयोग से किसानों को बड़ा अनुदान दे रही है। सूक्ष्म सिंचाई एक उन्नत सिंचाई प्रणाली है जिसके माध्यम से पौधे की जड़ों में विशेष रूप से निर्मित प्लास्टिक पाईपों के माध्यम से कम समय अन्तराल पर पानी दिया जाता है। इससे पारंपरिक सिंचाई की तुलना में 60 प्रतिशत कम जल की खपत होती है।

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (सूक्ष्म सिंचाई) में ड्रिप सिंचाई, स्प्रिंकलर सिंचाई एवं रेनगन सिंचाई पद्धति का उपयोग किया जाता है। इस प्रणाली को अपनाकर किसान 25 से 30 प्रतिशत उर्वरक की बचत कर सकते हैं। इस सिंचाई प्रणाली से फसल की उत्पादकता में 40 से 50 प्रतिशत की वृद्धि तथा उत्पाद की गुणवत्ता उच्च होती है। साथ ही, इससे खरपतवार के जमाव में 60 से 70 प्रतिशत की कमी होती है।

### कृषि उत्पादकता में सुधार करना है लक्ष्य

बिहार में सिंचाई से आच्छादित कुल क्षेत्र के लगभग 0.5 प्रतिशत क्षेत्र में इस आधुनिक सिंचाई प्रणाली का इस्तेमाल हो रहा है। कृषि रोड मैप 2017-22 में इस प्रणाली को कम से कम कुल आच्छादित क्षेत्र के लगभग 2 प्रतिशत क्षेत्रों में प्रतिस्थापित किये जाने का लक्ष्य है। इस योजना के तहत किसानों को राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त टॉप-अप प्रदान करते हुए सभी श्रेणी के किसानों को ड्रिप अंतर्गत 90 प्रतिशत एवं स्प्रिंकलर अन्तर्गत 75 प्रतिशत सहायता अनुदान देने का प्रावधान है। बिहार में किसानों को राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त टॉप-अप भी दिया जाता है।

सभी श्रेणी के किसानों को ड्रिप अंतर्गत 70 प्रतिशत (वृहद किसान) से 80 (लघु एवं सीमांत किसान) प्रतिशत एवं स्प्रिंकलर अन्तर्गत 45 प्रतिशत (वृहद किसान) से 55 प्रतिशत (लघु एवं सीमांत किसान) सहायता अनुदान मिलता है। इस योजना का उद्देश्य कृषि उत्पादकता में सुधार करना और कुशल जल प्रबंधन के माध्यम से जल संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करना है।

# बूथ स्तर तक कार्यकताओं को मजबूत करेगी कांग्रेस:इमरान मसूद



सहारनपुर। कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत सहारनपुर सांसद काजी इमरान मसूद के अंबाला रोड स्थित कैंप कार्यालय पर आज एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें कांग्रेस के समस्त जिला पदाधिकारियों, सभी 11 ब्लॉक अध्यक्षों व नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों ने हिस्सा लिया । आज की बैठक में जनपद में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए सांसद काजी इमरान मसूद व जिला अध्यक्ष संदीप सिंह राणा ने ब्लॉक अध्यक्षों व मंडल अध्यक्षों को अगले 15 दिनों में पूर्ण की जाने वाली एक कार्य योजना (टास्क) की जिम्मेदारी सौंपी । कार्य योजना के अंतर्गत सभी मंडल अध्यक्षों को ब्लॉक अध्यक्षों की सहायता से अपनी मंडल कमेटी के साथ-साथ अपने मंडल की सभी ग्राम पंचायतों की कमेटियों का गठन करना होगा।

सांसद इमरान मसूद ने कहा कि आगामी चुनावों के दौरान सभी मंडल अध्यक्ष और मंडल कमेटी एक अहम रोल अदा करेगी, जिससे जनपद के संगठन की सभी बूथ कमेटिया और अधिक मजबूत होगी और हम चुनावों में बेहतर से बेहतर परिणाम देने में सक्षम होंगे । उन्होंने सभी मंडल अध्यक्षों को इस कार्य योजना पर कार्य करने हेतु व्यक्तिगत रूप से अलग-अलग बस्ते भी सोपे, जिससे मंडल अध्यक्षों को अपना कार्य करने में आसानी हो और वह अपना कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण कर सकें । सांसद इमरान ने कहा कि 15 दिन बाद जहां हम एक ओर हम इस कार्य योजना की समीक्षा करेंगे वहीं दूसरी ओर कल से ही दिन प्रतिदिन कार्य की प्रगति की रिपोर्ट जिला पदाधिकारी प्रभारियों से भी ली जाएगी । योजना में बेहतर और अच्छा काम करने वाले मंडल अध्यक्षों को सम्मानित भी किया जाएगा ।इमरान मसूद ने कहा कि यदि हमने ईमानदारी से इस कार्य योजना को पूर्ण करके भविष्य में संगठन की मजबूती के लिए अपने संगठन सृजन के लक्ष्यों को हासिल करने की मुहिम को जारी रखा तो निश्चित रूप से जनपद की सातों विधान सभा सीटों पर कांग्रेस जीत का परचम लहराएगी । सांसद काजी इमरान मसूद को आश्वासन दिया कि हम आपके निदेर्शानुसार कार्य को आगे बढ़ाएंगे और एक मजबूत संगठन का सृजन करते हुए कांग्रेस को बूथ स्तर तक मजबूत कर संगठन की सफलता का मार्ग प्रशस्त करने का संकल्प लेते है ।

# देश के नागरिक स्वस्थ होंगे तो देश विकसित होगा- डी एम मनीष बंसल





नागल। जनता इंटर कॉलेज में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सहारनपुर एंव स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित निःशुल्क विशाल चिकित्सा शिविर का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी मांगेराम, जिलाधिकारी मनीष बंसल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रवीन कुमार व आइ एम ए अध्यक्ष डा नरेश नौसरान व चौधरी विनय कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि स्वस्थ नारी,सशक्त परिवार के तहत लगाये गए इस स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य सशक्त भारत का निर्माण करना है। वर्ष 2047 तक देश व प्रदेश को विकसित श्रेणी मे लाकर खडा करना है जिसके लिए देश के नागरिकों का स्वस्थ होना बहुत जरूरी है। किसी भी देश की धरोहर उसके नागरिक होते है । नागरिक स्वस्थ होंगे उनका तन, मन,मस्तिष्क स्वस्थ होगा तो देश भी विकसित होगा। स्वच्छता को अपनाना है। पर्यावरण को स्वच्छ रखना है तभी बीमारियों से लडा जा सकता है। जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी मांगेराम ने कहा कि देश व प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि आमजन तक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाये। उन्होने आइ एम ए द्वारा आयोजित शिविर का आभार व्यक्त किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा प्रवीन कुमार , स्कूल प्रबंधक चौधरी विनय कुमार व आइ एम ए अध्यक्ष डा नरेश नौसरान ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष बंसल व मुख्य चिकित्साधिकारी प्रवीन कुमार को आइ एम ए पदाधिकारियों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर अभिनन्दित किया गया। इस अवसर पर रामपुर विधायक श्री देवेन्द्र निम भी आये और उन्होंने अपनी शुभ कामनाए दी ।

शिविर मे आये वरिष्ठ चिकित्सक एंव मेयर डा अजय कुमार सिंह , डा नरेश नौसरान, डा कलीम अहमद, डा महेश चंद्रा,डा प्रवीन शर्मा, डा विकास अग्रवाल, डा विनीता मल्होत्रा, डा राहुल सिंह, आर डी मित्तल, डा विकास तोमर, डा निर्पेक्ष त्यागी, डा उत्कर्ष नौसरान, डा अमरजीत पोपली, शुभ्रा नौसरान, रश्मि बंसल, डा खलीलुल्लाह खान,डा एजाज अहमद, डा ननिता चंद्रा,डा अनुज पंवार, डा शशिकांत सैनी, अनुपम मलिक डॉ सौम्या जैन डॉ अनुपम मलिक डॉ संजय कपिल डॉ आर एन बंसल डॉ रजत बंसल डॉ आर आर सिंह डॉ सुशांत शर्मा डॉ रिक्की चौधरी डॉ विक्रम सिंह पुंडीर डॉ ईशांक गुप्ता डॉ स्मृति त्यागी डॉ सी एस चोपड़ा डॉ श्वेता अग्रवाल डॉ विक्रम सिंह पुंडीर डॉ मयंक गौतम डॉ रेणु शर्मा डॉ राम कुमार चावला डॉ प्रवीण मित्तल डॉ प्रवीण चावलाडॉ के के मक्कड़ डॉ जगजीत मनचंदा डॉ नवदीप डॉ नीरज आर्य डॉ शशि कांत सैनी डॉ अंकुर चौधरी डॉ संयुक्त मणि डॉ पीयूष त्यागी डॉ अमित त्यागी डॉ भावेश चावला आदि 60 चिकित्सकों ने 2487 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हे उचित परामर्श व दवाईयां उपलब्ध कराई जिनमें 981 पुरूष, 1310 महिलाएं व 196 बच्चे शामिल रहे।

इस अवसर पर मुख्य रूप से ए सी एम ओ कपिल देव, डा कुनाल जैन, ब्रजेश कुमार, शिवांका गौड,सी एच सी अधीक्षक डा नितिन कुमार, डा विकासपाल, डा ईशा जैन, कमल सिंह राणा,जुगल किशोर, पूर्व ब्लाक प्रमुख विजेंद्र चौधरी, चौधरी राजवीर सिंह, चौधरी विनय कुमार, महेंद्र नौसरान, पपिन चौधरी, बिरमपाल प्रधान, ईशांत चौधरी, रजनीश नौसरान,श्रवण चौधरी संदीप कुमार कल्पनाथ चौरसिया रवीन्द्र सिंह आदि अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# पटना लौटने पर शैलेश का एयरपोर्ट पर हुआ भव्य स्वागत



पटना । दिल्ली में चल रही 12वीं वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025 के ळ42 हाई जंप प्रतिस्पर्धा में रिकार्ड 1.91 मीटर की ऊंची छलांग लगा कर भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने के बाद पटना लौटने पर आज एयरपोर्ट पर जमुई, बिहार के शैलेश कुमार का पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया गया। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री रवीन्द्रण शंकरण भी शैलेश कुमार और बिहार के अन्य खिलाडियों को प्रोत्साहित करने के लिए दिल्ली में उपस्थित रहे और आज शैलेश कुमार के साथ ही लौटे हैं।

एयरपोर्ट पर स्वागत के लिए बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के क्रीड़ा कार्यपालक श्री आनंदी कुमार तथा बिहार पैरा एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव श्री संदीप कुमार, बिहार एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव श्री लियाकत अली, बिहार रग्बी एसोसिएशन के श्री पंकज कुमार ज्योति, बिहार ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष श्री मुख्तार मोहम्मद के अलावा भारी संख्या में खिलाड़ी और प्रशिक्षक उपस्थित रहे। इस स्पर्धा में शैलेश ने 1.85, 1.88, 1.91 मीटर ऊंची छलांग लगाकर तीन बार चैम्पियनशिप रिकॉर्ड बनाया है । यह बिहार और देश के लिए बहुत खुशी और गर्व की बात है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शैलेश कुमार की इस शानदार उपलब्धी को बिहार और देश के लिए गौरव और अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक बताते हुए राज्य सरकार की ओर से 75 लाख रुपये की सम्मान राशि देने की भी घोषणा की है।

किसान परिवार से आने वाले शैलेश कुमार

बिहार के जमुई जिले के अलीगंज प्रखंड के इस्लामनगर गांव के रहने वाले हैं और पेरिस में हुए पिछले वर्ल्ड पैरा चैंपियनशिप के रजत पदक तथा चीन में हुए एशियन गेम्स के स्वर्ण पदक विजेता भी हैं । सरकार की मेडल लाओ नौकरी पाओ योजना के अन्तर्गत शैलेश को क्लास वन की सरकारी नौकरी से भी सम्मानित किया गया और अभी समाज कल्याण विभाग में बाल विकास प्रोजेक्ट ऑफिसर के रूप में कार्यरत हैं ।

**बीज उत्पादन** | गंगा एवं राज्य के अन्य बहती नदियों से स्पॉन का सग्रहण कर मत्स्य बीज रियरिंग किया जाता था

# 121 मत्स्य बीज प्रक्षेत्रों को मछुआ समितियों को सौंपे सरकार: कश्यप

पटना। बिहार राज्य मत्स्यजीवी सहकारी संघ के प्रबंध निदेशक ऋषिकेश कश्यप ने मीन भवन के सभागार में आयोजित कॉफ्फेड की 75वीं वार्षिक आम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार के पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के अधीन कुल 121 मत्स्य बीज प्रक्षेत्र है। सभी मत्स्य बीज प्रक्षेत्र पूर्व में विभागीय प्रबंधन में रखकर मत्स्य बीज तैयार किए जाते थे।

इन प्रक्षेत्रों में नर्सरी, रियरिंग एवं संचयन तालाब निर्मित है। जिसका वार्षिक अनुरक्षण विभागीय योजनाओं के तहत किया जाता था। इन परिक्षेत्रों पर प्रभारी मत्स्य प्रसार प्रवेक्षक के साथ-साथ दो या तीन विभागीय मछुआ पदस्थापित रहते थे। जलक्षेत्र के आधार पर प्रत्येक मत्स्य प्रक्षेत्रों का वार्षिक मत्स्य बीज उत्पादन




का लक्ष्य निर्धारित होता था। इन प्रक्षेत्रों में लक्ष्यानुसार गंगा एवं राज्य के अन्य बहती नदियों से स्पॉन का सग्रहण कर मत्स्य बीज रियरिंग किया जाता था। तथा विभागीय एवं निजी तालाबों में संचयन हेतु अनुदानी दरों पर उपलब्ध कराया जाता था। इस प्रकार की व्यवस्था का मूल उद्देश्य परंपरागत मछुआरों को उत्तम गुणवत्ता के मत्स्य बीज उपलब्ध कराना था। बाद के वर्षों में कर्मचारियों की कमी, गंगा नदी में प्रदूषण के कारण स्पॉन की उपलब्धता की कमी एवं अन्य कतिपय कारणों से प्रक्षेत्रों पर हैचरी अधिष्ठापन तथा तीन एकड़ से कम जलक्षेत्र वाले मत्स्य बीज प्रक्षेत्रों को मत्स्य बीज फार्म के रूप में विकसित करने का निर्णय हुआ। ताकि पट्टेदार स्वयं के लागत अथवा बैंक लोन से हैचरी का निर्माण एवं प्रक्षेत्र का संरक्षण करते हुए 8 से 10 मिलियन मत्स्य बीज फ्राई अथवा 40 मिलियन स्पॉन का उत्पादन कर स्थानीय परंपरागत मछुआरों को उपलब्ध कराए। 121 में 49 मत्स्य बीज प्रक्षेत्र 3 एकड़ से अधिक तथा 72 मत्स्य बीज प्रक्षेत्र 3 एकड़ से कम जलक्षेत्र के है। 3 एकड़ से कम जलक्षेत्र के प्रक्षेत्र का 12.50 लाख फ्राई प्रति हैक्टेयर अथवा 6.25 लाख फिंगरलिंग प्रति हैक्टेयर अथवा 1.625 लाख ईयरलिंग प्रति हैक्टेयर वार्षिक लक्ष्य निर्धारित है। इन मत्स्य बीज प्रक्षेत्रों की 10 वर्षों के लिए दीर्घकालीन बंदोबस्ती खुली डाक के माध्यम से करने का निर्णय लिया गया है।

बिहार जलकर प्रबंधन अधिनियम 2006 में प्रावधान है कि मत्स्य विभाग के नियंत्रणाधीन सभी जलकरों की बंदोबस्ती प्रखण्ड में निबंधित प्रखण्ड स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति के साथ वार्षिक निर्धारित सुरक्षित जमा पर किया जाएगा। मत्स्य विभाग अपने ही द्वारा बनाए गए कानून के विपरीत मत्स्य विभाग के नियंत्रणाधीन 121 मत्स्य बीज प्रक्षेत्रों की बंदोबस्ती खुली डाक से कर गैर मछुआरों को सौपनें की तैयारी कर रही है। सरकार के इस निर्णय से राज्य के परंपरागत मछुआरों में आक्रोश है। इस बैठक में निदेशकगण शिवनंदन प्रसाद, अरूण सहनी, प्रदीप कुमार सहनी, लालो सहनी, इंदर मुखिया, कपिलदेव सहनी, निरंजन कुमार सिंह, नरेश प्रसाद सहनी, अशोक कुमार चौधरी, पद्मजा प्रियदर्शनी, कुमार शुभम, सानिध्य राज, अभिलाष कुमार, शिवानी देवी, मिनाक्षी कुमारी, राकेश कुमार, लालबाबू सिंह, प्रो० जयनंदन प्रसाद सहनी, मदन कुमार, लाल बाबू सहनी, दिनेश सहनी, हरेन्द्र निषाद, हेमन्त कुमार, बबन कुमार, भरत बिन्द, धर्मेन्द्र बिन्द, यसवंत सहनी, सिमरन, प्रमोद कुमार रजक, गोपी कुमार, रवि राज, मोनव्वर अली, रानी देवी उपस्थित थे।

